जबलपुर
शनिवार, 4 अक्टूबर 2025
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-11
वर्ष : 20, अंक : 157
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम
अधि. 30
न्यूनं. 23

## सतना में आज से दो दिन का प्रवास

## मैहर में मां शारदा के दर्शन करेंगे आरएसएस प्रमुख

**मेहर बाबा दरबार लोकार्पण कार्यक्रम में रहेंगे**



**सतना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत शनिवार को मैहर और सतना के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। डॉ. भागवत सुबह 6 बजे मैहर में मां शारदा देवी के दर्शन करेंगे। इसके बाद वे सतना जिले की उचेहरा तहसील के पतौरा गांव जाएंगे, जहां प्रांत प्रचारक बृजकांत चतुर्वेदी के आवास पर अल्प विश्राम और दोपहर का भोजन करेंगे। भोजन के बाद, वे सीधे सतना आकर उतैली स्थित सरस्वती आवासीय विद्यापीठ में ठहरेंगे। यहां उनके रुकने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसी दिन शाम को, संघ प्रमुख आवासीय विद्यापीठ में प्रांत स्तर के एक संघ वर्ग में शामिल होंगे, जिसमें पूर्णकालिक सदस्य उपस्थित रहेंगे। अगले दिन, 5 अक्टूबर को डॉ. भागवत सिंधी कैंप स्थित मेहर शाह दरबार का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद सुबह 10:30 बजे बीटीआई मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। शाम 6 बजे, संघ प्रमुख रीवा इतवारी ट्रेन से नागपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। डॉ. भागवत का सतना से पुराना जुड़ाव रहा है। लगभग 10 साल पहले वे उतैली स्थित सरस्वती आवासीय विद्यापीठ में संघ शिक्षा वर्ग में शामिल हुए थे।

## मप्र में किसानों को पहली बार मिला सोयाबीन में पीला मोजेक से हुए नुकसान का मुआवजा

# 13 जिलों के किसानों को 653.34 करोड़ रुपए की राहत राशि सिंगल क्लिक से खातों में की अंतरित

### बाढ़ प्रभावित 3.90 लाख किसानों को 371 करोड़ रुपए की राहत राशि | केला किसानों को प्रति हेक्टेयर 2 लाख रुपए की राहत राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों से कहा कि आप अकेले नहीं हैं, पूरा परिवार बनकर हम आपके साथ हैं। आपकी खुशी में ही प्रदेश की खुशी है। उन्होंने कहा कि हर प्रकार की आपदा और कीट प्रकोप से फसलों को हुई क्षति की राहत राशि किसानों को दी जाएगी। ये राहत राशि किसानों को बड़ा संबल देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब तक आखिरी पीड़ित किसान को सहायता राशि नहीं मिल जाती, हमारी सरकार चैन से नहीं बैठेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में किसानों को प्राकृतिक आपदा और कीट प्रकोप से हुई फसल क्षति की राहत राशि वितरण कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राज्य के विभिन्न जिलों में हुई अतिवृष्टि-बाढ़ और सोयाबीन में पीला मोजेक रोग से हुए फसल नुकसान के लिए 13 प्रभावित जिलों के 8 लाख 84 हजार 772 किसानों को 653.34 करोड़ रुपए की राहत राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में अंतरित की।



**◆ खोई मुस्कान लौटाना हमारी पहली प्राथमिकता**

*मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी पीड़ित किसानों को राहत राशि देने और फसल सर्वे के कार्य में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। सरकार ने 4 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से 6 लाख 69 हजार से अधिक धान उत्पादक किसानों के खाते में 337 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का अंतरण किया है। सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए भी भावान्तर योजना शुरू की गई है। फसल के विक्रय मूल्य और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के अन्तर की राशि सरकार सीधे किसानों को देगी।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### ड्रग कंट्रोल विभाग का जबलपुर में छापा

**जबलपुर।** छिंदवाड़ा जिले में कफ सिरप पीने से 9 बच्चों की मौत के बाद ड्रग कंट्रोलर विभाग की पांच सदस्यीय टीम ने जबलपुर के कटारिया फार्मास्युटिकल्स पर छापामार कार्रवाई की है। यहीं से कफ सिरप की सप्लाई की गई थी। विभाग ने कप सिरप के सैंपल जब्त किए हैं। छिंदवाड़ा के न्यू अपना एजेंसी, आयुष फार्मा और जैन मेडिकल एंव जनरल स्टोर्स में सप्लाई की थी।



### दृष्टि आईएएस पर लगा 5 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने डॉ. विकास दिव्यकीर्ति के नेतृत्व में चल रहे कोचिंग संस्थान दृष्टि आईएएस पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2022 के परिणामों के संबंध में भ्रामक विज्ञापनों के लिए यह जुर्माना लगाया गया है। पीईबी की ओर से ये जानकारी दी गई है।



### वांगचुक की रिहाई के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची पत्नी

**नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. आंगमो ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। उन्होंने कहा कि वांगचुक की गिरफ्तारी गैर कानूनी है। उनकी तुरंत रिहाई होनी चाहिए। यह याचिका अनुच्छेद 32 के तहत डाली गई है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट से सीधे हैबियस कॉर्पस की अपील की जाती है। वांगचुक को 24 सितंबर को लद्दाख में हुई हिंसा के बाद गिरफ्तार किया गया था।



### तालाब में डूबीं तीन बच्चियां 2 सुरक्षित, एक लापता

**मुलताई।** बैतूल के मुलताई में प्रतिमा विसर्जन के दौरान तीन बच्चियां तालाब में डूब गईं। लोगों ने दो को बचा लिया, एक लापता है। हादसा सोनौली गांव में शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे हुआ। ग्रामीण देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए तालाब पर पहुंचे थे। इस दौरान लक्ष्मी (12), मुस्कान (18) और मोनिका मराठी (11) तालाब में नहाने उतर गईं।



## अमेरिका पर भड़के रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने खूब सुनाई खरी-खोटी, बोले

# भारत कभी ट्रंप के आगे नहीं झुकेगा...जहां तक टैरिफ की बात है तो रूस घाटा नहीं होने देगा

**पुतिन ने पीएम मोदी की नीतियों को सराहा और उन्हें भरोसेमंद दोस्त बताया**

**टैरिफ लगाकर खुद को नुकसान पहुंचा रह रहा है अमेरिका**

एजेंसी ▶▶ सोची (मॉस्को)।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका को जमकर खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने साफ-साफ शब्दों में कहा कि अमेरिका चाहता है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर दे। जब बात नहीं मानी तो टैरिफ लगा दिया। लेकिन मैं भरोसे के साथ कह सकता हूं कि, भारत को रूस किसी भी सूरत में घाटा नहीं होने देगा। उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सुझाव देते हुए कहा कि ये बात उन्हे समझना चाहिए कि ऊंचे टैरिफ का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। इससे सीधे-सीधे ऊर्जा के दाम बढ़ेंगे।

इसके चलते अमेरिकी फेडरल रिजर्व को मजबूरी में ब्याज दरें ऊंची रखनी होंगी, जिससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था धीमी पड़ जाएगी। सोची शहर में आयोजित वाल्दाई पॉलिसी फोरम को संबोधित करते हुए पुतिन ने कहा कि जहां तक भारत का सवाल है तो किसी भी सूरत में अमेरिका के आगे झुकने वाला नहीं है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कभी भी ऐसा कोई फैसला नहीं लेते हैं जो भारत की संप्रभुता के खिलाफ हो। पुतिन ने मोदी का दोस्त बताते हुए कहा कि वह उनके साथ भरोसे के साथ बातचीत कर सकते हैं।

**भारत और रूस मिलकर संतुलित व्यापार से आगे बढ़ेंगे**

दवाएं, कृषि उत्पाद खरीदकर भारत को मजबूत करेगा रूस



**अपने देश के बारे में सोचते हैं पीएम मोदी**

पुतिन ने कहा, 'मेरा मानना है कि भारत के लोग इसे और हमारे संबंधों को नहीं भूलते। लगभग 15 साल पहले, हमने एक विशेष रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की थी। यही सबसे अच्छा वर्णन है। प्रधानमंत्री मोदी एक बहुत ही बुद्धिमान नेता हैं जो सबसे पहले अपने देश के बारे में सोचते हैं।

**हम हमला नहीं करेंगे... नाटो ने किया तो छोड़ेंगे नहीं**

इसके साथ ही पुतिन ने नाटों देशों को भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि रूस से डरने की जरूरत नहीं है, वो हमला नहीं करेगा। अगर किसी नाटो देश ने हमला किया तो बहुत ही कम समय और पूरी ताकत के साथ जवाब दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ के नेता अपने देश की समस्याएं ठीक करने के बजाय लोगों में दहशत फैला रहे हैं और युद्ध का डर दिखा रहे हैं। वे बार-बार अपने लोगों से कहते रहते हैं कि रूस नाटो देशों पर हमला करने वाला है। मैं उनसे यही कहूंगा कि उन्हें इस बात को भूलकर चैन से सोना चाहिए।

**रूस को कागजी शेर कहने वाले पर पलटवार**

पुतिन ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान पर पलटवार किया है जिसके तहत ट्रंप ने पुतिन को कागजी शेर कहा था। रूसी राष्ट्रपति ने जवाब देते हुए कहा कि अगर रूस कागजी शेर है और फिर भी नाटो से लगातार लड़ाई में डटा हुआ है, तो फिर नाटो की हैसियत क्या है?

**भारत के नुकसान की भरपाई करेगा रूस**

*पुतिन ने कहा कि भारत में हर कोई यह बात अच्छी तरह जानता है। खासकर रूस से तेल आयात रोकने के अमेरिकी दबाव को नजरअंदाज करने के भारत के फैसले के बारे में। उन्होंने कहा कि अमेरिका के टैरिफ के कारण भारत को होने वाले नुकसान की भरपाई रूस से कच्चे तेल के आयात से हो जाएगी। साथ ही इससे भारत को एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठा भी मिलेगी। पुतिन ने कहा कि व्यापार असंतुलन को दूर करने के लिए रूस भारत से और अधिक कृषि उत्पाद और दवाइयां खरीद सकता है। उन्होंने रूस और भारत के बीच आर्थिक सहयोग की अपार संभावनाओं का जिक्र किया, मगर इन अवसरों को पूरी तरह से खोलने के लिए विशिष्ट मुद्दों को सुलझाने की जरूरत को भी स्वीकार किया। पुतिन ने वित्तपोषण, रसद और भुगतान संबंधी बाधाओं को प्रमुख चिंताओं के रूप में चिन्हित करते हुए कहा कि हमें अपने अवसरों और संभावित लाभों को खोलने के लिए सभी तरह के कार्यों को हल करने की जरूरत है।*

## टैरिफ पर सरकार का बड़ा बयान

# टैरिफ चुनौतियों से निपटने को तैयार भारतः वित्त मंत्री

8% जीडीपी ग्रोथ और विकसित भारत का लक्ष्य तय, मूकदर्शक बना नहीं रह सकता भारत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय निर्यात पर जब से अमेरिका ने 50 फीसदी टैरिफ लगाया है तब से अर्थव्यवस्था पर इसके असर को लेकर अलग-अलग आकलन सामने आ रहे हैं। अब इस मुद्दे पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि मौजूदा वैश्विक उथल-पुथल का भारत की जीडीपी वृद्धि पर सीमित प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच टैरिफ, वैश्विक अर्थव्यवस्था को नया आकार दे रहे हैं, जबकि भारत 8% जीडीपी ग्रोथ का लक्ष्य रखता है। भू-राजनीतिक संघर्षों के साथ ही बैन और टैरिफ जैसी कार्रवाइयों के चलते ग्लोबल सप्लाई चेन में जो बदलाव आ रहे हैं, उनके बीच भारत मूकदर्शक बना नहीं रह सकता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जोर देकर कहा कि 'विकसित भारत' के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भारत को 8 प्रतिशत की दर से विकास करना होगा। नई दिल्ली में कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन के चौथे संस्करण में वित्त मंत्री ने भारत के दो अहम लक्ष्यों को लेकर कहा कि राष्ट्र का लक्ष्य 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा प्राप्त करना और आत्मनिर्भरता को मजबूत करना है। हालांकि, हम अभूतपूर्व वैश्विक अस्थिरता के दौर में हैं लेकिन भारत में बाहरी झटकों को झेलने की मज़बूत क्षमता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मौजूदा समय में वैश्विक व्यापार और निवेश को प्रभावित करने वाले व्यवधान केवल अल्पकालिक झटके नहीं हैं, बल्कि गहरे संरचनात्मक बदलावों का इशारा करते हैं।

**उभरती अर्थव्यवस्थाओं से की अपील**

*संबोधन के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दुनिया की तमाम उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के अपील की कि वे अपने ऊपर पड़ने वाले निर्णयों को आकार देने में अधिक सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि ऐसी दुनिया में जहां किसी दूसरे के फैसले हमारी नियति का निर्धारण करते हैं, हमें सक्रिय भागीदार के रूप में सामने आना होगा। जहां संभव हो परिणामों को आकार देना होगा और जहां जरूरी हो, स्वायत्तता बनाए रखनी होगी।*

## इंदौर में ईओडब्ल्यू की बड़ी कार्रवाई

### एआरओ और बिल संग्राहक को 40 हजार की रिश्वत लेते दबोचा

**इंदौर।** नगर निगम में भ्रष्टाचार के खिलाफ आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने बड़ी कार्रवाई की है। ईओडब्ल्यू की टीम ने शुक्रवार को जोन क्रमांक-19 में पदस्थ सहायक राजस्व अधिकारी (एआरओ) पुनीत अग्रवाल और प्रभारी बिल कलेक्टर रोहित सांवले को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। दोनों अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पिपलियाहाना क्षेत्र के एक भगार व्यापारी का गोदाम निगम द्वारा सील कर दिया गया था।



■ सील गोदाम खुलवाने के लिए मांगी थी 50 हजार की रिश्वत

## जिहादी मुक्त मप्र की शपथ दिलाई

### लव जिहादी को ठोकने का नशा होना चाहिएः टी. राजा

**इंदौर।** इंदौर में तेलंगाना के विधायक टी. राजा ने लोगों को जिहादी मुक्त मध्यप्रदेश की शपथ दिलाई। विजयादशमी पर्व पर वे बतौर मुख्य अतिथि छावनी के रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस मौके पर उन्होंने मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आग्रह किया कि वे पूरे राज्य के बाजारों में बैनर लगाकर प्रदेश को जिहादी मुक्त बनाएं। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से कहा कि आप भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सोशल मीडिया पर निवेदन कर उन्हें हम दो हमारे दो कानून पारित करने का आग्रह करें। टी राजा ने कहा कि सभी को पता है कि इंदौर में जिस प्रकार से रावणों का दहन हो रहा है ।



■ बाजारों में बैनर लगाने का भी किया आह्वान

## खंडवाः 11 शवों का अंतिम संस्कार

### सीएम ने मृतकों के परिजनों से की मुलाकात, मदद का दिया भरोसा

**खंडवा।** खंडवा जिले में गुरुवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरानट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई थी। जिसमें 11 ग्रामीणों की मौत हो गई, जिनमें आठ बच्चे और युवा शामिल थे। शुक्रवार को सभी का अंतिम संस्कार किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को खंडवा जिले की पंधाना तहसील के ग्राम जामली राजगढ़ पहुंचे। उन्होंने ट्रैक्टर ट्रॉली दुर्घटना के मृतकों के परिजनों से भेंटकर शोक संवेदना प्रकट की और प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की राहत राशि के स्वीकृति आदेश भी प्रदान किए।



■ रेस्क्यू में योगदान देने वालों को सम्मान निधि की घोषणा

## मंडला जिले में नए पर्यटन सीजन के दूसरे दिन अभयारण्य से आई दुखद खबर

### वन विभाग ने जांच के लिए जारी किया आदेश

# कान्हा टाइगर रिजर्व में एक ही दिन में 3 बाघों की मौत, एक वयस्क बाघ और दो शावकों के शव मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के कान्हा टाइगर रिजर्व के अलग-अलग हिस्सों में मृत मिले। एक वयस्क बाघ और 2 मादा शावकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि उनकी मौत अन्य बाघों के हमले से हुई है। एक मृत बाघ की पहचान बालाघाट मेल टाइगर के रूप में हुई है, जिसे टाइगर रिजर्व में पर्यटक अक्सर देखते थे। यह बाघ मुक्की रेंज में मृत पाया गया हैं। 8 से 10 साल के इस बाघ का वजन 170 से 180 किलो था और इसकी श्वासनली में घाव मिले।

■ आपसी लड़ाई में दो बागों की हुई मौत तीसरे की जांच के बाद आएगी रिपोर्ट



**कान्हा में 2025 में 6-7 मौतें**

कान्हा टाइगर रिजर्व, जो 940 वर्ग किमी में फैला है, मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है। यहां बारासिंघा और बाघों की आबादी पर गर्व किया जाता है, लेकिन 2025 में मौतों का सिलसिला चिंताजनक है। जनवरी से अब तक 6-7 बाघ मारे गए, ज्यादातर प्राकृतिक कारणों से - जैसे क्षेत्रीय लड़ाई, बीमारी या शावकों पर हमला। 2022 की गणना में राज्य में 785 बाघ थे, लेकिन विशेषज्ञ चेताते हैं कि घनी आबादी से संघर्ष बढ़ रहा है।

**जांच के निर्देश दिए**

कान्हा नेशनल पार्क के डायरेक्टर से रिपोर्ट मांगी गई है। फिलहाल प्राथमिक रिपोर्ट विभाग तक पहुंच गई है। दो बाघों की मौत आपसी लड़ाई में हुई है। एक बाघ की मौत के बारे में जांच करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि आखिर मौत क्यों हुई है।

**शुभ रंजन सेन,** पीसीसीएफ, वाइल्ड लाइफ




# युवाओं को मिलेगा डिजिटल लर्निंग सिस्टम, इनोवेशन सेंटर, ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स, प्रोडक्शन यूनिट्स की सुविधा

## विज्ञान भवन में युवाओं के लिए 62,000 करोड़ की योजनाओं का करेंगे लोकार्पण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में युवाओं के लिए 62,000 करोड़ से अधिक की योजनाओं की शुरुआत करेंगे। इस दौरान कौशल दीक्षांत समारोह का चौथा संस्करण भी आयोजन होगा, जहां 46 आईटीआई टॉपर्स को सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री इस मौके पर पीएम-सेतु (प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आईटीआईज) योजना लॉन्च करेंगे। इस योजना में देशभर की 1,000 सरकारी आईटीआई को अपग्रेड किया जाएगा। इनमें 200 हब आईटीआई और 800 स्पोक आईटीआई शामिल होंगी। प्रत्येक हब 4 स्पोक से जुड़ा होगा। इन क्लस्टर्स में डिजिटल लर्निंग सिस्टम, इनोवेशन सेंटर, ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स, प्रोडक्शन यूनिट्स और प्लेसमेंट सर्विसेज होंगी।

**प्रधानमंत्री का बिहार पर विशेष जोर**



### यह आईटीआई मॉडल सरकारी स्वामित्व में होगा

खास बात यह है कि यह आईटीआई मॉडल सरकारी स्वामित्व में होगा लेकिन इसका प्रबंधन उद्योग साझेदारों द्वारा किया जाएगा। इस योजना को विश्व बैंक और एशियन डेवलपमेंट बैंक का सहयोग मिलेगा। पहले चरण में पटना और दरभंगा के आईटीआई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**1,200 व्यावसायिक कौशल प्रयोगशालाओं का भी लोकार्पण करेंगे**

प्रधानमंत्री 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 400 नवोदय विद्यालय और 200 एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल में स्थापित 1,200 व्यावसायिक कौशल प्रयोगशालाओं का भी उद्घाटन करेंगे। इनमें आईटी, ऑटोमोबाइल, कृषि, इलेक्ट्रॉनिक्स, लॉजिस्टिक्स और पर्यटन जैसे 12 प्रमुख क्षेत्रों में प्रशिक्षण मिलेगा। 1,200 व्यावसायिक शिक्षक भी प्रशिक्षित किए जाएंगे।

### 1,000 रुपए और मुफ्त कौशल प्रशिक्षण मिलेगा साथ ही 4 लाख रुपए ब्याजमुक्त ऋण भी

बिहार पर खास जोर देते हुए प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री निश्चय स्वसहायता भत्ता योजना का नया संस्करण लॉन्च करेंगे। इसके तहत हर साल लगभग 5 लाख स्नातक युवाओं को दो साल तक हर महीने 1,000 रुपए और मुफ्त कौशल प्रशिक्षण मिलेगा। बिहार छात्र क्रेडिट कार्ड योजना का नया संस्करण भी शुरू किया जाएगा, जिसमें छात्रों को 4 लाख रुपए तक का पूरी तरह ब्याजमुक्त शिक्षा ऋण मिलेगा। अब तक 3.92 लाख छात्रों को 7,880 करोड़ से अधिक के ऋण दिए जा चुके हैं। बिहार युवा आयोग का भी उद्घाटन करेंगे, जो युवाओं के लिए वैधानिक आयोग होगा।

### कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय का लोकार्पण करेंगे

पीएम जन नायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विवि का उद्घाटन करेंगे। यह व उद्योग-उन्मुख कोर्स और व्यावसायिक शिक्षा देगा। प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत बिहार की पटना यूनिवर्सिटी, भूपेंद्र नारायण मंडल यूनिवर्सिटी (मधेपुरा), जय प्रकाश यूनिवर्सिटी (छपरा) और नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी (पटना) में 160 करोड़ रुपये की लागत से नए शैक्षणिक और शोध भवन बनाए जाएंगे।

### 450 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति भी वितरित करेंगे

प्रधानमंत्री एनआईटी पटना के बिहटा परिसर को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस परिसर में 6,500 छात्रों के लिए जगह है और इसमें 5जी यूज केस लैब, इसरो के सहयोग से बना रीजनल एकेडमिक सेंटर फॉर स्पेस और इनोवेशन एवं इन्क्यूबेशन सेंटर है, जिसने अब तक 9 स्टार्टअप्स को समर्थन दिया है। प्रधानमंत्री बिहार सरकार में नए नियुक्त 4,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे और मुख्यमंत्री बालक/बालिका छात्रवृत्ति योजना के तहत कक्षा 9 और 10 के 25 लाख छात्रों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए 450 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति भी वितरित करेंगे। इन योजनाओं से युवाओं को शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के बड़े अवसर मिलेंगे। बिहार को कुशल मानव संसाधन का केंद्र बनाने की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण साबित होगा और इससे राज्य व देश दोनों के विकास को नई गति मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### तिरुपति में आतंकवादी हमले की धमकी



**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले में शुक्रवार को आतंकी हमले की धमकी के बाद हड़कंप मच गया है। पूरे जिले में पुलिस को सतर्क कर दिया गया है और कई जगहों पर जांच की गई है। कोई संदिग्ध चीज बरामद नहीं की गई है। अज्ञात लोगों ने धमकी भरे ईमेल भेजकर दावा किया है कि आतंकी साजिश कर रहे हैं।

### 25 लाख महिलाओं को भेजे 10-10 हजार रुपए



**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव जल्द ही होने वाले हैं। चुनावी आहट पर राज्य सरकार ने महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया है। सीएम नीतीश कुमार ने 25 लाख महिलाओं के बैंक खातों में 10-10 हजार रुपएट्रांसफर किए हैं। यह कदम महिलाओं को सीधे आर्थिक सहारा देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने उठाया है।

### 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया बाबा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट-रिसर्च में 17 छात्राओं के साथ छेड़छाड़ के आरोपीस्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी को दिल्ली पुलिस ने 27 सितंबर की रात आगरा से गिरफ्तार किया। उसे यूपी के होटल फर्स्ट ताजगं से गिरफ्तार किया गया था।वह 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### 3 बच्चों का गला घोंटा पिता ने की खुदकुशी



**फरीदाबाद।** धौज थाना इलाके के नेकपुर गांव में 3 बच्चों का कर्मवीर ने गला घोंट दिया। उन्हें मरा समझकर खुद भी फंदे से लटक आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह 5 बजे परिवार के अन्य लोगों ने देखा तो 8 साल के निशांत व 6 साल की सृष्टि की सांसें चल रही थीं। एक बेटे और बेटी की मौत हो गई।

## करूर हादसे पर एक्टर विजय को हाईकोर्ट ने फटकारा

# घटनास्थल से भागे क्यों? यह आपकी मानसिकता को दर्शा रहा, हाइवे के पास नहीं होगी रैली



एजेंसी ▶▶ चेन्नई

मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने करूर भगदड़ के सिलसिले में तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) नेताओं को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि पार्टी प्रमुख विजय घटनास्थल से भाग गए और पार्टी ने खेद भी नहीं जताया। यह विजय की मानसिक स्थिति को दर्शाता है। न्यायमूर्ति सेंथिलकुमार ने टिप्पणी की कि भगदड़ में 41 लोगों की मौत हुई और इसका गलत तरीके से प्रबंधन किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य विजय के प्रति नरमी दिखा रहा है, जबकि सभी ने वीडियो-तस्वीरें देखी हैं। अदालत ने आयोजकों और पुलिस, दोनों से जवाब मांगा कि जिम्मेदारी किसकी है? न्यायमूर्ति ने सवाल उठाया कि एक इवेंट आयोजक होने के नाते क्या आपकी कोई जिम्मेदारी नहीं है? अदालत ने इस पर गहरी नाराजगी जताई कि राज्य विजय के प्रति नरमी बरत रहा है और टिप्पणी की कि घटना के वक्त विजय भगदड़ स्थल से भाग गए। कोर्ट ने कहा कि टीवीके ने पछतावा तक नहीं जताया।

अदालत ने कहा कि पार्टी प्रमुख विजय घटनास्थल से भाग गए और पार्टी ने खेद भी नहीं जताया। यह विजय की मानसिक स्थिति को दर्शाता है।

### एसआईटी करेगी मामले की जांच, पार्टी से जवाब भी मांगा

**कोर्ट ने की बड़ी टिप्पणी टीवीके ने हादसे के बाद शोक तक नहीं जताया, यह बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण**

#### पार्टी बोली- नुकसान पहुंचाने का नहीं था इरादा



वरिष्ठ अधिवक्ता वी. राघवाचारी, जो आनंद और निर्मल कुमार ने कहा, याचिकाकर्ताओं का अपने ही कार्यकर्ताओं को नुकसान पहुंचाने का कोई इरादा नहीं था और इस घटना को गैर-इरादतन हत्या के रूप में नहीं देखा जा सकता।उन्होंने पुलिस पर पर्याप्त सुरक्षा न देने का आरोप लगाया और कहा कि स्थल याचिकाकर्ताओं ने नहीं चुना था। उन्होंने कहा कि अगर वेलुसामिपुरम आपत्तिजनक था, तो पुलिस को याचिकाकर्ताओं का अनुरोध खारिज कर देना चाहिए था।

**एसआईटी के गठन का दिया आदेश**

पीठ ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी असरा गर्ग के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी ) के गठन का आदेश दिया, जो इस घटना की जांच करेगा। साथ ही, अदालत ने टीवीके नेताओं बुसी आनंद और सीटीआर निर्मल कुमार की अग्रिम जमानत याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत एक जनहित याचिका पर भी सुनवाई कर रही है, जिसमें गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को व्यापक दिशा-निर्देश या मानक संचालन प्रक्रिया तैयार होने तक रोड शो की अनुमति न देने का अनुरोध किया गया है।

#### टीवीके ने भीड़ को गुमराह किया अतिरिक्त महाधिवक्ता

अतिरिक्त महाधिवक्ता जे. रविंद्रन ने इसका विरोध करते हुए कहा कि टीवीके ने भीड़ को गुमराह किया। पार्टी ने ट्वीट कर कहा था कि कार्यक्रम दोपहर 12 बजे शुरू होगा, जबकि पुलिस ने अनुमति दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक के लिए दी थी.उन्होंने यह भी बताया किटीवीके रैली के लिए 559 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे, जबकि कुछ दिन पहले उसी स्थल पर एआईएडीएमके प्रमुख एडप्पाडी के. पलानीस्वामी के अभियान के लिए केवल 137 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।

#### लाठीचार्ज की जरूरत क्यों पड़ी?

अधिवक्ता राघवाचारी ने दावा किया कि भीड़ केवल लाठीचार्ज के बाद बेकाबू हुई। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसे हालात में लाठीचार्ज की जरूरत ही क्यों पड़ी? याचिकाकर्ताओं ने सभी नियमों का पालन किया और अनुमति केवल कार्यक्रम से एक दिन पहले ही दी गई थी। भीड़ को नियंत्रित करने की पूरी जिम्मेदारी राज्य की थी। रैली पूरी तरह से व्यवस्थित थी ।। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भीड़ पर रसायन फेंके गए, जिससे लोग बेहोश हो गए। वकील ने इस बात पर जोर दिया कि आधिकारिक आयोजक मथियाझगन को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

#### बड़ी रैलियों पर अदालत ने लगाया प्रतिबंध

मद्रास हाई कोर्ट ने रैलियों और जनसभाओं को लेकर सख्ती दिखाई है। अदालत ने कहा है कि अब हाईवे के पास बड़ी जनसभाएं नहीं होंगी। अदालत ने यह भी कहा है कि जहां भी रैलियां आयोजित की जाएं, वहां पीने का पानी, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं हर हाल में होनी चाहिए।अदालत ने यह आदेश हाल ही में टीवीके के प्रमुख विजय की रैली में हुई भगदड़ से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान दिया। मदुरै बेंच के जज एम. धंडापानी और एम. ज्योति रमण ने यह अंतरिम आदेश शुक्रवार को सुनाया।

#### विजय अहंकारी और पैसों के भूखेः स्टालिन



करूर भगदड़ मामले पर आरोप-प्रत्यारोप जारी हैं। अब डीएमके पार्टी ने टीवीके नेता और फिल्म अभिनेता विजय पर तीखा हमला बोला है। डीएमके ने अपने मुखपत्र मुरासोली में प्रकाशित एक लेख में विजय पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि विजय ने जो वीडियो जारी की है, वह उनके अहंकार, पैसे-प्रचार की भूख और सत्ता पाने की चाह को दिखाती है।

## शाह ने साबर डेयरी प्लांट का उद्घाटन किया

# सहकारिता से डेयरी क्षेत्र में 11 वर्ष में 70% की वृद्धि रही

**यह देश का सबसे बड़ा प्लांट होगा**



एजेंसी ▶▶ रोहतक

केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हरियाणा के रोहतक में साबर डेयरी प्लांट का उद्घाटन किया। यह देश का सबसे बड़ा प्लांट है जो दही, छाछ और योगर्ट का उत्पादन करेगा। लगभग 350 करोड़ की लागत से बने इस प्लांट से दिल्ली-एनसीआर सहित आसपास के राज्यों में डेयरी उत्पादों की आपूर्ति होगी। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों की दशकों पुरानी मांग पूरी करते हुए सहकारिता मंत्रालय बनाया। पिछले 4 वर्षों में सहकारिता क्षेत्र की नींव मजबूत हुई है। उन्होंने भरोसा जताया कि 2029 तक हर पंचायत में एक सहकारी समिति होगी। पिछले 11 सालों में भारत का दूध उत्पादन 146 मिलियन टन से बढ़कर 239 मिलियन टन हो गया है। देशी गायों का दूध उत्पादन भी 29 मिलियन टन से बढ़कर 50 मिलियन टन तक पहुंच गया है।

### दूध उपलब्धता में हरियाणा हमेशा आगे रहा

शाह ने कहा कि राज्य प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता में हमेशा पहले से तीसरे स्थान के बीच रहा है। उन्होंने घोषणा की कि श्वेत क्रांति 2.0 के तहत देशभर में 75,000 से अधिक नई डेयरी समितियां बनाई जाएंगी और 46,000 मौजूदा समितियों को और मजबूत किया जाएगा। मौजूदा 660 लाख लीटर प्रतिदिन दूध प्रोसेसिंग क्षमता को 2028-29 तक बढ़ाकर 100 मिलियन लीटर प्रतिदिन किया जाएगा। इससे सीधे किसानों और विशेषकर महिलाओं को लाभ मिलेगा। शाह ने राष्ट्रीय गोपाल मिशन, राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम, पशुपालन बुनियादी ढांचा विकास कोष और राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम को भी उजागर किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत अब डेयरी प्लांट निर्माण और शोध में आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ रहा है।

### अन्य राज्यों के किसानों को लाभ होगा


शाह ने बताया कि यहां रोजाना 150 मीट्रिक टन दही, 10 मीट्रिक टन योगर्ट, 3 लाख लीटर छाछ और 10,000 किलो मिठाई का उत्पादन होगा। इस प्लांट से राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तर प्रदेश और बिहार के किसान भी लाभान्वित होंगे। उन्होंने गुजरात की डेयरी सहकारी समितियों की मिसाल देते हुए कहा कि वहां 35 लाख महिलाएं हर साल 85,000 करोड़ का कारोबार करती हैं।

## बम से उड़ाने की धमकी दी

# सीएम स्टालिन, राज्यपाल और भाजपा दफ्तर को हम उड़ा देंगे

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में हाई प्रोफाइल हस्तियों और भवनों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है।



शुक्रवार को मिली धमकी की वजह से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, राज्यपाल और भाजपा दफ्तर को एक अज्ञात हैंडल से धमकी भरे मेल भेजे गए हैं। इसमें दावा किया गया है कि यहां धमाके कर पूरे प्रदेश में दहशत फैलाई जाएगी। चेन्नई पुलिस ने संदिग्ध मेल के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार्यालयों की सुरक्षा बढ़ाई

पुलिस और खुफिया एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। चेन्नई में सीएम आवास, राजभवन और भाजपा दफ्तर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। फिलहाल बम निरोधक दस्ता और साइबर सेल जांच में जुटे हैं। शुरुआती जांच में इसे शरारती तत्वों की हरकत माना जा रहा है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां मामले को गंभीरता से ले रही हैं।

## मूर्ति विसर्जन में हादसा, सेना बुलाई

# उटंगन नदी में डूबे 13 युवक एक के बाद एक निकले 5 शव

एजेंसी ▶▶ आगरा



यहां के खेरागढ़ स्थित उटंगन नदी में मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन करने के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। गांव कुसियापुर डूगरवाला के 13 युवक गहरे पानी में डूब गए। ग्रामीणों ने एक युवक विष्णु को बचा लिया। डेढ़ घंटे बाद पुलिस की मदद से दो युवकों ओमपाल और गगन के शव निकाले गए, एक अन्य किशोर मनोज का शव मिल गया। 2 अन्य युवकों की लाशें भी बाहर निकाल ली गईं। 8 लापता हैं।

### एसडीआरफ को भी बुलाया

खेरागढ़ में मूर्ति विसर्जन करते डूबे एक और युवक भगवती का शव बरामद कर लिया गया। इसे देखकर मृतक परिवार में कोहराम मच गया। 13 युवक और किशोर डूब गए थे। उन्हें निकालने रातभर ऑपरेशन चलता रहा। पुलिस और प्रशासन की टीम के साथ एसडीआरफ लगी रही। अब तक 4 के शव बरामद कर लिए गए हैं।

## सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने दी जानकारी

# हाइवे पर लगेंगे स्मार्ट साइन बोर्ड व स्कैन से मिलेगी हर जानकारी

**क्यूआर कोड के साथ प्रोजेक्टर भी होंगे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को आवागमन में आसानी हो इसके लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) राष्ट्रीय राजमार्गों के अलग-अलग हिस्सों में 'क्विक रिस्पॉन्स (क्यूआर) कोड के साथ प्रोजेक्ट जानकारी वाले साइन बोर्ड लगाएगी। यह जानकारी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में दी गई। इस कदम के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रा करने यात्रियों को प्रोजेक्ट से संबंधित विशेष जानकारी और इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर मिल सकेंगे। बेहतर सुविधा के लिए क्यूआर कोड साइन बोर्ड को सड़क किनारे रेस्ट एरिया, टोल प्लाजा, ट्रक ले-बाय संकेतों के पास लगाए जाएंगे।

### विभिन्न जानकारियां होंगी एक साथ



वर्टिकल क्यूआर कोड साइन बोर्ड पर प्रोजेक्ट से संबंधित जानकारी होगी, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग का नंबर, हाईवे का चेनेज, प्रोजेक्ट की लंबाई, निर्माण और रखरखाव का समय, हाईवे पेट्रोलिंग, टोल मैनेजर, प्रोजेक्ट मैनेजर, रेजिडेंट इंजीनियर, इमरजेंसी हेल्पलाइन 1033, एनएचएआई फील्ड ऑफिस का कॉन्टैक्ट नंबर और आस-पास की सुविधाओं जैसे अस्पताल, पेट्रोल पंप, शौचालय, पुलिस स्टेशन, रेस्टोरेंट, टोल प्लाजा की दूरी, ट्रक के लिए पार्किंग, पंक्चर ठीक करने की दुकान और वाहन सर्विस स्टेशन/ई-चार्जिंग स्टेशन आदि की जानकारी होगी।

## 2 राज्यों में रहस्यमयी नजारा, लोग डरे-सहमे और रोष भी दिखा

# मंदिर में हवन के दौरान बैठे रहे 3 शेर, यज्ञ खत्म होते ही वे लौट गए

**खोडियार माता के मंदिर में अनोखी घटना**

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

विजयादशमी पर खोडियार माता के मंदिर में एक अनोखी और चौंकाने वाली घटना सामने आई। गिरनार पर्वत के जंगल के नजदीक पादरिया गांव के भोलेनाथ गौशाला के पास खोडियार माता का मंदिर है। यहां यज्ञ चल रहा था। साधु-संत मंत्रोच्चार कर रहे थे, 3 शेर अचानक यज्ञ कुंड के पास आकर बैठ गए। शेर यज्ञ कुंड से कुछ दूरी पर शांत होकर बैठे और पूरे यज्ञ के दौरान वहीं रहे। साधु-संतों ने मंत्रोच्चार जारी रखा। इसके बाद शेर वहां से चले गए।

### घर में 6 दिनों से भड़क रही आग अचानक जलने लगता है सामान

**कांगड़ा** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के लंबागांव क्षेत्र की धुपक्यारा पंचायत के संसार चंद जरियाल के घर में पिछले छह दिन से रहस्यमयी तरीके से आग



लग रही है। हालांकि, बिजली बोर्ड ने अपनी ओर से घर बिजली काट दी है लेकिन घर में आग लगने का सिलसिला अभी थमा नहीं है। पुलिस व अग्निशमन विभाग भी मौके का मुआयना कर चुका है। लेकिन इस आग के रहस्य से पर्दा अभी तक नहीं उठ पाया है। जिला प्रशासन की ओर से अभी तक इस आग के रहस्य पर किसी प्रकार की कोई जांच करने के लिए कोई नहीं आया है, जिससे परिवार में रोष है।

## सुधांशु ने कोलंबिया में नेता प्रतिपक्ष की प्रतिभा पर उठाए सवाल

# राहुल खराब कर रहे देश की छवि, कौन सा 'ज्ञान' दे रहे?

### उनमें कौन सी बड़ी खूबी विदेश के विवि बुला रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर एक बार फिर विदेश में जाकर देश की छवि खराब करने का आरोप लगाया। त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए यह आरोप लगाया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राहुल का नेता प्रतिपक्ष होना भारत के लिए शूल है। सुधांशु ने कहा कि सवाल यह है कि कांग्रेस नेता में ऐसी कौन सी प्रतिभा है जिसके लिए उन्हें विदेश के विश्वविद्यालय बुलाते हैं, जबकि कांग्रेस में एक से एक बुद्धिमान लोग हैं, उन्हें नहीं बुलाया जाता।

### भारत के बारे में अपशब्द, अपमानजनक और निरर्थक बातें कर रहे

त्रिवेदी ने कहा कि देश की 140 साल पुरानी पार्टी के नेता ने विदेश की धरती से एक और देश विरोधी बयान दिया है,



जिसमें कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है। सवाल यह उठता है कि गांधी जब विदेश जाते हैं तो उन्हें कैंब्रिज यूनिवर्सिटी द्वारा दिसंबर 2024 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का डिजिटल ट्रासफॉर्मेशन परकेस स्टडी और स्टेनफोर्ड द्वारा तैयार कृत्रिम बुद्धिमत्ता इंडेक्स, जिसके अनुसार भारत एआई कौशल निवेश में पहले स्थान पर और एआई जीवंतता में शीर्ष 4देशों में शामिल है क्यों नहीं दिखाई देता है? उन्होंने कहा कि गांधी इसी स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी में जाकर भारत के बारे में अपशब्द, अपमानजनक और निरर्थक बातें करते हैं।

### कोलंबिया में बिक रहीं भारतीय बाइक्स की राहुल ने की तारीफ

राहुल ने भारतीय दोपहिया वाहन कंपनियों बजाज, हीरो और टीवीएस की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों की सफलता दिखाती है कि भारतीय कंपनियां इनोवेशन (नवाचार) के दम पर जीत सकती हैं, न कि भाई-भतीजावाद से।

### राहुल ने बताया-बाइक से भारी क्यों होती है कार? भाजपा का तंज



कोलंबिया में राहुल ने वहां पर मौजूद लोगों से कुछ सवाल किए, इस सवाल पर बीजेपी ने तंज कसा है। राहुल ने कोलंबिया में कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए कहा कि एक बाइक का वजन 100 किलो क्यों होता है जबकि एक कार का वज़न 3,000 किलो होता है? उन्होंने इसके पीछे का लॉजिक भी समझाया। राहुल के इस बयान को भाजपा ने बकवास करार दिया है।

### कार का इंजन टक्कर लगने पर ले लेता है जान

राहुल ने छात्रों के साथ बातचीत करते हुए एक उदाहरण दिया। उन्होंने पूछा कि एक कार आमतौर पर भारी क्यों होती है। उसे 3,000 किलो धातु की आवश्यकता क्यों होती है जबकि एक बाइक तुलनात्मक रूप से हल्की होती है।

## सीएम ने शक्ति स्वरूपा मां काली की पूजा-अर्चना कर वाहनों की विधि-विधान से की पूजा

### मुख्यमंत्री निवास में पदस्थ सुरक्षा स्टॉफ सहित अधिकारी कर्मचारी हुए शामिल

# विजयादशमी पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास पर शस्त्र-पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विजयादशमी पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पारंपरिक वस्त्र धोती कुर्ता धारण कर, शक्ति स्वरूपा मां काली की विधि-विधान से पूजा अर्चना की तथा मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में आहूति दी। उन्होंने शक्ति-साहस और विजय के प्रतीक के रूप में शस्त्रों का पूजन किया तथा मुख्यमंत्री सुरक्षा के मुख्य सुरक्षा अधिकारी समीर यादव का तिलक किया। सीएम ने मुख्यमंत्री निवास के वाहनों की पूजन भी की।

### समत्व भवन में हुई विशेष साज-सज्जा

समत्व भवन में शस्त्र पूजा के लिए विशेष व्यवस्था की गई। पूजा स्थल पर लगे बैकड्राप पर प्रभु श्रीराम की धनुर्धर मुद्रा व भयाक्रांत रावण के चित्र और 'या देवी सर्व भूतेषू मातृ रूपेण संस्थिता-नमस्तस्यै-नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः' मंत्र के माध्यम से शक्ति के स्वरूप की आराधना का अंकन किया गया था। शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे-शास्त्र चिंता प्रवर्तते अर्थात शस्त्र से रक्षित राष्ट्र ही शास्त्र चिंतन के माध्यम से समृद्धि के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है, की पंक्ति शस्त्र पूजा का महत्व अभिव्यक्त कर रही थी।

## महात्मा गांधी के आदर्श हमेशा हमारे लिए रहेंगे प्रेरणा के स्रोतः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

» **स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को सदैव किया प्रोत्साहित**

» **गांधी के बताए रास्ते से देश स्वावलंबी और आत्मनिर्भर**



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि महात्मा गांधी ने हम सबको अहिंसा का मार्ग दिखाया। उन्होंने हमें स्वदेश से प्रेम करना सिखाया और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को सदैव प्रोत्साहित भी किया। गांधी जी के विचार आज भी देश के लिए मार्गदर्शक हैं। उनके बताए रास्ते पर चल कर ही हमारा देश आज आर्थिक रूप से स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनकर विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गांधी के आदर्श हमेशा हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे।

### पथ प्रदर्शक शास्त्री जी का जीवन

सीएम ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर के मुख्य द्वार के सामने स्थापित शास्त्री जी की प्रतिमा और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। डॉ यादव ने कहा कि देश को 'जय जवान-जय किसान' का नारा देने वाले सदैव पथ प्रदर्शक बने रहेंगे। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, विधायक एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, हितानंद शर्मा, सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर मालती राय, रविंद्र यति सहित नागरिक उपस्थित थे।



गांधी-शास्त्री जयंती पर किया सेवा पखवाड़े का समापन

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागरिकों से स्वदेशी वस्तुओं की खरीदी का किया आह्वान

### कहा, इंदौर स्वच्छता के साथ अन्य क्षेत्रों में भी बढ़े आगे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नागरिकों से स्वदेशी वस्तुओं की खरीदी का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इंदौर जो भी करता है, वह सबसे अलग और अनूठा होता है। इंदौर स्वच्छता के साथ अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से आगे बढ़े और इंदौर का परचम देश-दुनिया में मजबूती के साथ फैलाए। इंदौर मेट्रोपोलिटन सिटी में भी आगे बढ़ने के साथ अब वह मेट्रो सिटी बन चुका है। इंदौर अब स्वच्छता का महागुरू बनकर, अब वह अन्य शहरों को भी साफ-सफाई और स्वच्छता की प्रेरणा का संदेश दे रहा है। इंदौर ने इस बार देपालपुर नगर को भी स्वच्छ करने का संकल्प लिया है, जिसमें इंदौर को निश्चित ही सफलता मिलेगी। डॉ यादव गुरुवार को नेहरू पार्क में स्वच्छ भारत दिवस पर कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस से सेवा पखवाड़े की शुरूआत हुई थी, जिसका समापन इंदौर में गांधी-शास्त्री जयंती पर सफलतापूर्वक हुआ। सेवा पखवाड़े के तहत इंदौर नगर निगम ने स्वच्छता के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किए।

### गांधी भवन में हुआ कार्यक्रम, विजेताओं का सम्मान

## कोई कैकई नाम नहीं रखता रावण को याद नहीं करता, करें अच्छे कर्मः राज्यपाल पटेल



» **कहा, हम सभी के लिए महात्मा गांधी का जीवन महान आदर्श**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि सभी को अपना जीवन अच्छा बनाना चहिए। आज कोई भी माता का कैकई नाम नहीं रखता। आज रावण का दहन है लेकिन उन्हें कोई याद नहीं करता। हर कोई आपकी अच्छी जीवन यात्रा को याद करता है। सभी युवा बापू के विचारों को अपने जीवन में उतारें और अच्छे कर्म करें। राज्यपाल पटेल गांधी जयंती के अवसर पर गांधी भवन सभागृह में आयोजित पुष्पांजलि एवं सर्वधर्म प्रार्थना सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उपस्थितजन को महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती एवं विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दीं। पटेल ने कहा कि गांधी जी हमारे सच्चे पथ प्रदर्शक हैं।

### राज्यपाल ने गांधी के साथ शास्त्री को भी किया याद

राज्यपाल पटेल ने कहा कि जहां एक ओर गांधी जी ने सत्य, अहिंसा और नैतिकता के बल पर हमें आजादी दिलाई और पूरी दुनिया को शांति, सद्भाव और सह-अस्तित्व का मार्ग दिखाया। वहीं आज के ही दिन जन्मे लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, ईमानदारी और 'जय जवान, जय किसान' का मंत्र आज भी देश की प्रेरणा है। उनका जीवन सच्चे जनसेवक का आदर्श उदाहरण है। राज्यपाल पटेल गांधी जयंती के अवसर पर गांधी भवन सभागृह में आयोजित पुष्पांजलि एवं सर्वधर्म प्रार्थना सभा को संबोधित कर रहे थे।

### अवधपुरी मैदान गुढ़ियारी में भक्तों को सुनाएंगे हनुमंत कथा

## आज रायपुर एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे कथावाचक शास्त्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अंतरराष्ट्रीय कथावाचक और बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री चार अक्टूबर को सुबह दस बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे।

### भारत माता चौक पर होगा भव्य स्वागत

माना एयर पोर्ट से पं. शास्त्री जैसे ही भारत माता चौक पर पहुंचेंगे वहां भव्य स्वागत किया जाएगा। वहां से नगर भ्रमण करते हुए कथा स्थल के लिए निकलेंगे। गुढ़ियारी रायपुर की पावनधारा पर पहुंचते ही फूलों की वर्षा करते हुए कथा स्थल तक उनका स्वागत किया जाएगा। पुरुषोत्तम अग्रवाल स्मृति फाउंडेशन की ओर से दही हांडी उत्सव स्थल अवधपुरी मैदान गुढियारी में बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री लोगों को हनुमंत कथा का रसपान कराएंगे।

### कथा स्थल की तैयारियां पूर्ण

कथा स्थल की तैयारियां लगभग अंतिम चरण में हैं और इसके लिए विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने अलग-अलग जिम्मेदारी लेते हुए सेवा कर रहे है। इससे पहले चंदन- बसंत अग्रवाल, संजय दुबे प्रांत संपर्क प्रमुख, महेश बिरला रायपुर महानगर, संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गुढियारी नगर, संघ चालक नरेंद्र उपाध्याय,दिलीप सिंह जूदेव के सुपुत्र प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा नंदन जैनऔर बैच प्रदान किया गया।

### स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने मुख्यमंत्री साय का जताया आभार

## तीन नए चिकित्सा महाविद्यालयों को राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर चिकित्सा सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर राज्य में तीन नए चिकित्सा महाविद्यालयों के निर्माण के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग को 1 हजार 77 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। इसके लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मुख्यमंत्री और वित्तमंत्री का आभार जताया है। राज्य सरकार ने जांजगीर-चांपा, कबीरधाम



और मनेन्द्रगढ़ में नए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना के लिये बड़ी घोषणा की है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार जांजगीर-चांपा मेडिकल कॉलेज के लिए 357.25 करोड़ रुपए, कबीरधाम मेडिकल कॉलेज के लिए 357.25 करोड़ रुपए और मनेंद्रगढ़ मेडिकल कॉलेज के लिए 362.57 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। यह स्वीकृति मेडिकल कॉलेजों के निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए प्रदान की गई है। इससे राज्य में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा और आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।

Government of India
Ministry of Road Transport and Highways

ड्राइविंग लाइसेंस धारकों और पंजीकृत वाहन मालिकों से आग्रह है कि वे अपना मोबाइल नंबर वाहन और सारथी पोर्टल पर अपडेट करवा लें। इससे उन्हें यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि विवरण पूर्ण, सटीक और अद्यतित हैं। आर टी ओ में जाए बिना पोर्टल में मोबाइल नंबर अपडेट करने की ऑनलाइन सुविधा प्रदान की गई है।




संबंधित व्यक्ति विवरण परिवहन वेबसाइट https://parivahan.gov.in/ पर देख सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया ईमेल करें - आईडी:helpdesk-vahan[at]gov[dot]in and helpdesk-sarathi[at]gov[dot]in

CBC 37101/13/0011/2526

वायुसेना प्रमुख अमरप्रीत सिंह बोले

# पाक के भारतीय जेट गिराने के दावे मनोहर कहानियां, अगर सबूत है तो दिखाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वायुसेना प्रमुख अमरप्रीत सिंह ने शुक्रवार नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के कई एयरबेस को निशाना बनाया और उनके रडार्स, कमांड सेंटर, हैंगर आदि को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान कहता है कि उसने 15 जेट मार गिराए हैं, तो क्या आपने एक भी तस्वीर देखी है जहां हमारे किसी एयरबेस पर कुछ गिरा हो, हमें कोई टक्कर लगी हो, कोई हैंगर तबाह हुआ हो, या ऐसा कुछ? हमने उन्हें उनकी जगहों की इतनी सारी तस्वीरें दिखाईं। लेकिन, वे हमें एक भी तस्वीर नहीं दिखा पाए। ये उनकी 'मनोहर कहानियां' है। उन्हें खुश रहने दीजिए, आखिरकार, उन्हें भी अपनी इज्जत बचाने के लिए अपने लोगों को कुछ तो दिखाना ही है।

## पाकिस्तान में 300 किलोमीटर भीतर हमला किया, दुनिया हमसे सीखे

हमला रोकने और संघर्षविराम के लिए पाक गिड़गिड़ाया था

एस-400 की तरह जल्द होगा भारत का एयर डिफेंस सिस्टम



### हमारी मिसाइलों ने पाक विमानों को उनके ही क्षेत्र में उड़ने नहीं दिया

एपी सिंह ने कहा कि हमारी सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल ने पाकिस्तान के लड़ाकू विमानों को उनके ही क्षेत्र में भी उड़ने नहीं दिया था। ये इतिहास में दर्ज होगा कि हमने पाकिस्तान में 300 किलोमीटर भीतर तक हमला किया। इसके चलते पाकिस्तान कोई हिमाकत नहीं कर सका। हमने पाकिस्तान को उस स्थिति में पहुंचा दिया, जहां वह संघर्षविराम के लिए गिड़गिड़ाए और हमले रोकने की मांग करे। हमने एक राष्ट्र के तौर पर फैसला करते हुए हमले रोके क्योंकि हम जो चाहते थे, हम वो कर चुके थे। मुझे लगता है कि ये कुछ ऐसा है, जो दुनिया को हमसे सीखना चाहिए।

### पाक के 4 से 5 विमान तबाह हुए

*वायुसेना प्रमुख ने कहा कि जहां तक ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को हुए नुकसान की बात है, हमने उनके कई एयरफील्ड और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। हमारे हमलों के चलते उनके कम से कम चार रडार्स, दो कमांड और कंट्रोल सेंटर, दो जगहों पर रनवे, तीन अलग-अलग जगहों पर स्थित उनके हैंगर्स को नुकसान पहुंचाया। हमारे पास सबूत हैं कि उनका एक सी-130 श्रेणी का विमान, कम से कम चार से पांच लड़ाकू विमान, जिनमें एफ-16 शामिल हैं, इनके साथ ही एक एसएएम सिस्टम को भी तबाह किया गया। हमारे पास इसके पुख्ता सबूत हैं और हमारे सिस्टम से ये जानकारी मिली है।*

### एस-400 अच्छी हथियार प्रणाली साबित हुई

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि रूस से खरीदे गए एस-400 सिस्टम ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया। इसलिए, ऐसे और अधिक सिस्टम की जरूरत है। ये कितनी संख्या में खरीदे जा सकते हैं, इसकी कोई सीमा नहीं है। यह एक अच्छी हथियार प्रणाली साबित हुई है। हमारी अपनी प्रणाली भी विकसित हो रही है, इसलिए हम इस पर हर तरह से विचार करेंगे।

### एएमसीए इसी दशक में उड़ान भरेगा

उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) के बारे में एपी सिंह ने कहा कि जहां तक मैं समझता हूं, यह इसी दशक में उड़ान भरेगा। करीब 2028 में इसकी पहली उड़ान की योजना है और 2035 तक, इसे भारतीय वायु सेना में शामिल किया जाना है। मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि अगर हम वास्तव में चाहें, तो इसे समय-सीमा से पहले हासिल किया जा सकता है। यह संभव है। और जहां तक तकनीक का सवाल है, एएमसीए तकनीक हमारे दिमाग में बिल्कुल स्पष्ट है कि हमें क्या चाहिए और क्या जरूरी है और यह कहां और कैसे उपलब्ध है।

### एलसीए मार्क2 हमारी योजना में बहुत अहम

वायु सेना प्रमुख ने कहा कि एलसीए एमके2, एमके1ए का ही विस्तार है। दोनों एक ही श्रेणी के विमान हैं, लेकिन एमके2 ज्यादा हथियार ले जाने में सक्षम होगा। यह रेंज और सहनशक्ति के मामले में भी बेहतर प्रदर्शन कर पाएगा। यह बड़े हथियार ले जाने में सक्षम होगा। इसलिए यह हमारी योजना में बहुत महत्वपूर्ण है।

---

## खबर संक्षेप


### भारतीय फिल्म वाले थिएटर में लगाई आग

**ओटावा।** कनाडा के ओंटारियो के ओकविले में एक फिल्म थिएटर में आगजनी करने की घटना सामने आई है। वहीं एक अन्य घटना में फिल्म थिएटर के दरवाजे पर गोलियां चलाई गईं। गनीमत रही कि दोनों हादसों में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। जिन थिएटर पर हमले किए गए, उनमें भारतीय फिल्मों ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 1' और पवन कल्याण की 'ओजी' स्क्रीनिंग हो रही थी। ऐसे में आशंका है कि कनाडा में भारतीय फिल्मों की स्क्रीनिंग को प्रभावित करने के लिए हमले किए जा रहे हैं।



### टैक्स कलेक्शन में जैन समाज का 24% योगदान

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में जैन समुदाय की आबादी महज 0.5 फीसदी है, लेकिन कुल टैक्स कलेक्शन में उनका योगदान 24 फीसदी के बराबर है। उन्होंने यहां तीन दिवसीय कार्यक्रम 'जीतो (जैन अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन) कनेक्ट 2025' के उद्घाटन सत्र में कहा कि जैन समुदाय को दुनिया में एक मेहनती और समृद्ध समाज माना जाता है। उनका दर्शन भारतीय संस्कृति में गहराई से रचा-बसा है।



---

पीओके में पाकिस्तान सेना की बर्बरता पर विदेश मंत्रालय का आरोप

# मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए ठहराया जाए जवाबदेह, निर्दोषों को निशाना बनाया, 12 मरे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने पाकिस्तान पर पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर) में मासूम लोगों पर हमले करने का आरोप लगाया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पाकिस्तानी सेना निर्दोष लोगों पर बर्बरता कर रही है। जायसवाल ने बताया हमने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शनों की खबरें देखी हैं। यह पाकिस्तान के दमनकारी रवैये और इन इलाकों से संसाधनों की लूट का नतीजा है।

पीओके पर उसका जबरन और अवैध कब्जे है। पाकिस्तान को उसके मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। दरअसल, पीओके में पिछले 5 दिनों से बुनियादी जरूरतों पर सब्सिडी कटौती के विरोध में प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रदर्शनकारी सरकार पर मौलिक अधिकारों की अनदेखी और महंगाई नियंत्रित न कर पाने का आरोप लगा रहे हैं। इन प्रदर्शनों में अब तक 12 लोगों की मौत हुई है।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के आरोप झूठे और निराधार

भारत-कनाडा सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करेंगे

### बांग्लादेश की सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने में नाकाम



जायसवाल ने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार कानून व्यवस्था संभालने में नाकाम है और अपनी नाकामी छिपाने के लिए दूसरों पर दोष मढ़ रही है। दरअसल, बांग्लादेश के गृह सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी ने पिछले हफ्ते खगराछारी में हुई हिंसा के लिए भारत पर आरोप लगाए थे। इन आरोपों पर जायसवाल ने कहा कि हम इन झूठे और निराधार आरोपों को खारिज करते हैं। उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार को किसी और पर दोष मढ़ने की आदत है। बेहतर होगा कि वे आत्मचिंतन करें और चटगांव के पहाड़ी इलाकों में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा, आगजनी और जमीन हड़पने वाले कट्टरपंथियों की जांच करें।

### अफगानिस्तान के विदेश मंत्री जल्द आएंगे भारत

जायसवाल ने बताया कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी को 9 से 16 अक्टूबर तक नई दिल्ली आने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से भारत के दौरे के लिए प्रतिबंधों में छूट दी है। उन्होंने कहा कि भारत-चीन में डायरेक्ट फ्लाइट दोनों देशों के संबंधों के सामान्य होने की प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि 3 अक्टूबर 2000 को हमने भारत-रूस रणनीतिक साझेदारी की स्थापना की थी। आज हम इस विशेष साझेदारी के 25 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। हम इन संबंधों को मजबूत करने के लिए तत्पर हैं।

### अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध चिंता का विषय

कनाडा में बिश्नोई गैंग को आतंकी संगठन घोषित करने पर उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध दोनों देशों के लिए एक विशेष चिंता का विषय है। सभी देशों को इस समस्या से लड़ने के लिए एकजुट होना चाहिए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने 18 सितंबर को कनाडा की नेशनल सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस एडवाइजर नथाली ड्रूइन से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने आतंकवाद, अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध और खुफिया सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा की। यह बैठक काफी सकारात्मक रही और सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति बनी।

### पाकिस्तानी पुलिस ने प्रेस क्लब में घुसकर पत्रकारों को पीटा, गृह राज्य मंत्री ने माफी मांगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में इस्लामाबाद के प्रेस क्लब पर गुरुवार को पुलिस ने पत्रकारों और लोगों पर हमला किया। यह प्रदर्शन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में अत्याचारों और इंटरनेट ब्लैकआउट के खिलाफ हो रहा था। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। इस बीच पुलिस का कहना है कि उन्होंने पत्रकारों को गलती से निशाना बनाया।

#### कैमरे और मोबाइल तोड़े

पुलिस का कहना है कि कुछ प्रदर्शनकारी भाग कर प्रेस क्लब में घुस गए। पुलिस उनका पीछा करती हुई प्रेस क्लब के अंदर चली गई। अंदर पुलिस ने लाठीचार्ज शुरू किया और पत्रकारों ने जब मोबाइल और कैमरे से रिकॉर्ड करने की कोशिश की, तो उन्हें भी पीटा गया। प्रेस क्लब के कम से कम दो फोटोग्राफर और तीन कर्मचारी घायल हुए। कई पत्रकारों के कैमरे और मोबाइल तोड़ दिए गए।

#### पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करेंगे

पुलिस हमले के वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद पत्रकारों ने इसे प्रेस की स्वतंत्रता पर सीधा हमला करार दिया। गृह राज्य मंत्री तलाल चौधरी प्रेस क्लब पहुंचे और पत्रकारों से माफी मांगी। उन्होंने घटना की जांच का आदेश दिया। नकवी ने यह भी कहा कि पत्रकारों पर हिंसा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं होगी और इसमें शामिल पुलिसकर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

---

भारतीय सेना की पाक को दो टूक

# भूगोल में रहना है तो आतंकवाद रोकें, भारत 'संयम' नहीं रखेगा



एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में शुक्रवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा। जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारत अब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को दोहराएगा नहीं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पूरी दुनिया को पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों के सबूत दिए। यदि भारत ने ये सबूत उजागर नहीं किए होते, तो पाकिस्तान इन तथ्यों को छिपा लेता। इस ऑपरेशन में सात लक्ष्य सेना ने और दो वायुसेना ने नष्ट किए।

### भविष्य के लिए तैयार रहें सैनिक

सेना प्रमुख ने सैनिकों से पूरी तरह तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा कि अब अपने आप को पूरी तरह तैयार रखें, यदि भगवान ने चाहा, तो मौका जल्द आएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत इस बार पहले जैसा संयम नहीं दिखाएगा और ऐसी कार्रवाई करेगा, जो पाकिस्तान को अपनी स्थिति पर विचार करने के लिए मजबूर कर दे। सीमा के पास रहने वाले लोगों के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारत इन लोगों को आम नागरिकों के बजाय सैनिकों के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि वे हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर युद्ध में खड़े हैं। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि आने वाला संघर्ष सिर्फ सेना का नहीं, बल्कि पूरे देश का है। उन्होंने 1965 और 1971 के युद्धों का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय भी आम नागरिकों ने सैनिकों का साथ दिया था।

### जनता का उत्साह बढ़ाता है सैनिकों का मनोबल

सेना प्रमुख ने सीमा पर रहने वाली जनता के उत्साह की सराहना की और कहा कि उनका जोश सैनिकों का मनोबल बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि वे आगे भी हमारे साथ खड़े रहें। मैं उनकी भावना के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं। जनरल द्विवेदी ने बताया कि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरी दुनिया ने भारत का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भारत ने केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, क्योंकि पाकिस्तान द्वारा आतंकियों को प्रायोजित किया जा रहा था।

---

सिंगापुर के पीएम वोंग से मिले मंत्री पीयूष गोयल

# एआई से लेकर इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने पर हुई बातचीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच साझेदारी को बढ़ने के लिए एआई से लेकर इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने पर बातचीत की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि इस बैठक में हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने, साथ ही भविष्य में विकास की गति को बढ़ाने पर चर्चा की गई है। वोंग ने जवाब देते हुए कहा कि इंडस्ट्रियल पार्क विकसित करने से लेकर एआई जैसी उभरती तकनीक तक हमारी आर्थिक साझेदारी को गहरा करने पर अच्छी चर्चा हुई।

### विमानन क्षेत्र को देंगे बढ़ावा

केंद्रीय मंत्री गोयल ने सिंगापुर एयरलाइंस इंजीनियरिंग कंपनी (एसआईएईसी) के सीईओ चिन याउ सेंग से भी मुलाकात की और विमानन रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) क्षेत्र में भारत-सिंगापुर सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। इस बैठक में भारत के बढ़ते एयरोस्पेस इकोसिस्टम को बढ़ावा देने और वैश्विक संपर्क बढ़ाने के लिए इनोवेशन, स्किल डेवलपमेंट और इन्वेस्टमेंट में साझेदारी के नए रास्ते तलाशे गए।



### वेयरहाउसिंग और डेटा सेंटर क्षेत्र में देंगे ध्यान

केंद्रीय मंत्री ने कैपिटलैंड इन्वेस्टमेंट के ग्रुप सीईओ ली ची कून और वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक मनोहर खियातानी से भी मुलाकात की। चर्चा भारत में सतत शहरी विकास और बुनियादी ढांचे के विस्तार (विशेष रूप से लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और डेटा सेंटरों के क्षेत्र में) को आगे बढ़ाने पर केंद्रित थी। उन्होंने बताया कि रणनीतिक सहयोग के माध्यम से भारत की विकास गाथा को आगे बढ़ाने के नए अवसरों की भी खोज की गई।

---

सिंगर जुबीन गर्ग की मौत का मामला

# सिंगापुर ने भारत को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट दी संगीतकार शेखर-सिंगर अमृतप्रभा अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के मशहूर सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में सिंगापुर पुलिस ने भारतीय हाई कमीशन को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सौंपी है। भारत की तरफ से इसकी मांग की गई थी। इसके अलावा सिंगापुर पुलिस ने जनता को सलाह दी कि वे गायक के सम्मान में, उनकी मृत्यु की परिस्थितियों से संबंधित कोई भी वीडियो या चित्र साझा न करें। 19 सितंबर को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान जुबीन की मौत हो गई थी। असम पुलिस ने सिंगर जुबीन गर्ग की मौत से जुड़े मामले में गुरुवार को संगीतकार शेखर ज्योति गोस्वामी और सिंगर अमृतप्रभा महंत को गिरफ्तार किया है।



गोस्वामी और अमृतप्रभा, जुबीन की म्यूजिक टीम का हिस्सा थे। घटना के वक्त दोनों सिंगापुर में थे और मौके पर मौजूद थे। गोस्वामी और अमृतप्रभा को पूछताछ के लिए बुलाया गया और बाद में गिरफ्तार कर लिया। मामले में अब तक 4 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। वहीं, असम पुलिस ने मामले की जांच के लिए नौ सदस्यीय एसआईटी बनाई है। डीजीपी गुप्ता ने कहा कि टीम सिंगापुर जाएगी और सबूत इकट्ठा करेगी।

---

## कश्मीर घाटी में मौसम की पहली बर्फबारी



**श्रीनगर।** बर्फबारी के साथ धरती की जन्नत कश्मीर में सर्दी ने दस्तक दे दी है। मौसम की पहली बर्फबारी ने कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों अनंतनाग के सिंथन टॉप और गुलमर्ग की प्रतिष्ठित अफ़रवत चोटी को रातोंरात ढक दिया, जिससे उत्तरी कश्मीर का यह प्रसिद्ध पर्यटन स्थल एक शांत शीतकालीन वंडरलैंड में बदल गया। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में और बर्फबारी होने की संभावना है। श्रीनगर और उसके आसपास के इलाकों सहित मैदानी इलाकों में कुछ जगहों पर हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार अनंतनाग-पहलगाम, कुलगाम, सिंथन पास, शोपियां, पीर की गली, सोनमर्ग-जोजिला, बांदीपोरा-रजदान पास, गुलमर्ग और कुपवाड़ा-साधना पास में मध्यम से भारी बर्फबारी हो सकती है।

---

अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर बोले संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस

# विश्व में बढ़ते तनाव के बीच गांधी के मार्ग का अनुसरण जरूरी

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि विश्व में बढ़ते तनाव के बीच गांधीजी का शांति का संदेश नए सिरे से प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने वैश्विक समुदाय से मतभेदों को दूर करने और कूटनीति को आगे बढ़ाने के लिए महात्मा गांधी के मार्ग का अनुसरण करने का आह्वान किया। उन्होंने यह संदेश गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन द्वारा दो अक्टूबर को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर आयोजित एक विशेष स्मृति समारोह के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर हम महात्मा गांधी के जीवन और विरासत और सभी के लिए शांति, सत्य और सम्मान के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का सम्मान करते हैं। गांधी ने न केवल इन आदर्शों की बात की, बल्कि उन्हें जीया भी। बढ़ते तनाव और गहराते विभाजन के इस समय में उनका संदेश नए सिरे से जरूरी है।

गांधी ने आदर्शों की सिर्फ बात नहीं की बल्कि जिया भी

नागरिक संघर्ष का खामियाजा भुगत रहे, संवाद की जगह हिंसा ने ली

### शांति की नींव खतरे में



उन्होंने कहा कि हिंसा संवाद की जगह ले रही है, नागरिक संघर्ष का खामियाजा भुगत रहे हैं, अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया जा रहा है, मानवाधिकारों को कुचला जा रहा है और शांति की नींव खतरे में है।

### गेट्स फाउंडेशन ने मनाई गांधी जयंती

### गेट्स बोले- महात्मा गांधी के आदर्श हमारे कार्य का आधार

अमेरिका के सिएटल में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने गेट्स फाउंडेशन के साथ साझेदारी में गांधी जयंती मनाई। कार्यक्रम में गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष और बोर्ड सदस्य बिल गेट्स के साथ-साथ वाशिंगटन राज्य और सिएटल शहर की सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान बिल गेट्स ने कहा कि यह बहुत ही सुखद है कि हम महात्मा गांधी की जयंती पर एक साथ आ रहे हैं। उनके आदर्श, हर व्यक्ति की समानता और गरिमा, हमारे काम का आधार हैं। आज, भारत नवाचार में एक वैश्विक नेता के रूप में खड़ा है और ग्लोबल साउथ में लाखों लोगों के जीवन को बचाने और बेहतर बनाने की क्षमता वाले समाधानों का जिम्मा उठा रहा है। हम विकसित भारत 2047 की ओर भारत की यात्रा में उसके साथ साझेदारी जारी रखने के लिए तत्पर हैं।



---

पीएम मोदी को लिखा था पत्र

# सिख जत्था पाक जाएगा, सरकार ने दी मंजूरी, एसजीपीसी ने कहा थैंक्स

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

भारत सरकार ने सिख जत्थे को पाकिस्तान जाने की मंजूरी दे दी है। जत्था नवंबर में गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व में हिस्सा लेने वाला है। इस फैसले का स्वागत शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने किया है और अब उन्होंने सरकार से अपील की है कि करतारपुर साहिब कॉरिडोर भी खोल दिया जाए। एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि हम भारत सरकार के आभारी हैं कि उन्होंने अनुमति दी। सिख हमेशा पाकिस्तान जाकर तीर्थयात्रा करना चाहते हैं और गुरु नानक देव जी का जन्मदिवस मनाना चाहते हैं। पहले



जब अनुमति नहीं मिली थी तो हम निराश थे लेकिन अब राहत मिली है। धामी ने बताया कि एसजीपीसी ने पीएम नरेंद्र मोदी को पहले ही पत्र लिखकर जत्थे को अनुमति देने का अनुरोध किया था। अब उन्होंने सरकार से अपील की है कि करतारपुर साहिब कॉरिडोर भी खोला जाए जो हाल ही में भारत-पाक सीमा तनाव के कारण बंद था। जत्था अब पाकिस्तान के ननकाना साहिब जा सकेगा।

## गढ़ा गोंडवाना का ऐतिहासिक दशहरा चल समारोह बना आकर्षण का केंद्र





**जबलपुर।** गढ़ा का प्राचीन दशहरा चल समारोह अपनी आन बान शान के साथ रामलीला समिति गढ़ा के नेतृत्व में संकट मोचन मंदिर गौतम गंज से रात्रि 7 बजे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम लक्ष्मण एवं हनुमान के पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकनिर्माण मंत्री म.प्र.शासन राकेश सिंह, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नु, संचालक रामलीला समिति अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष राकेश पाठक,महामंत्री लोकराम कोरी,निर्देशक राजेश मिश्रा, मनोज पाटकर,गणेश चौकसे,अजय तिवारी "धतुरहा", 'कटमोचन मंदिर समिति ने भगवान का पूजन अर्चन किया। ऐतिहासिक दशहरा चल समारोह में इस वर्ष अधिकाधिक 25 प्रतिमाएं सम्मिलित हुई जो जन आकर्षण का केंद्र बनी। पूजन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ चल समारोह प्रारंभ हुआ। इस समारोह में रामलीला समिति की ओर से सबसे आगे 2 ऊँट विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे।साथ ही हाथी, रथ पर सवार महादेव, श्री राम रावण युद्ध करते हुए, वीरांगना रानी दुर्गावती की झाँकी ,भगवान नरसिंह अवतार की झाँकी ,गौ सेवा की झाँकी, शंकरजी गण सहित की झाँकी, रावण मेघनाथ एवं कुंभकरण के पुतले आकर्षण का केंद्र रहे। रामलीला समिति के नेतृत्व में जय श्रीराम के उद्घोष के साथ समस्त झांकियां एवं देवी प्रतिमाएं मेजर बीटी तिराहे से साथ में हो गई। शोभायात्रा में ढोल बैंड नृत्य करती दुलदुल घोड़ी ,आतिशबाजी एवं आधुनिक विद्युत सज्जा का प्रयोग किया गया। दर्शकों की अपार भीड़ के साथ चल समारोह का स्वागत रानी दुर्गावती दुर्गोत्सव समिति, माली मोहल्ला समिति, एडवोकेट अर्जुन साहू, गढ़ा बाजार व्यापारी संघ राजेश जैन,आनंदकुंज नीलांबरी दुर्गाउत्सव समीति सहित अनेक समितियों द्वारा किया गया।आज भरत मिलाप की लीला का मंचन होगा श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील समिति के सदस्यों ने की है।

## कांग्रेस-भाजपा समर्थक आमने-सामने

### कांचघर चल समारोह में विवाद
### दोनों पक्षों ने लगाए हवाई फायरिंग के आरोप





**हरिभूमि, जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत कांचघर में चल समारोह के दौरान शुक्रवार रात कांग्रेस और भाजपा समर्थकों के बीच जमकर विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई और देखते-देखते गाली-गलौज तक नौबत पहुंच गई। हालात बिगड़ते देख मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया और विवाद को टाल दिया गया।

#### नेताओं के समर्थकों के बीच टकराव

जानकारी के मुताबिक, समारोह के अवसर पर विधायक लखन घनघोरिया और पूर्व विधायक अंचल सोनकर के समर्थकों द्वारा अलग-अलग स्वागत मंच लगाए गए थे। इसी बीच किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में तू-तू, मैं-मैं हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों गुट आमने-सामने आ गए और तनाव की स्थिति बन गई।

#### हवाई फायरिंग की चर्चा

घटना के दौरान इलाके में हवाई फायरिंग की चर्चा जोर पकड़ती रही, हालांकि अधिकारियों ने इसकी पुष्टि करने से इंकार किया है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि विवाद के बीच दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर फायरिंग के आरोप लगाए।

#### मौके पर पहुंचा फोर्स

घटना की सूचना मिलते ही एएसपी सिटी आयुष गुप्ता और एएसपी अंजना तिवारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को अलग कर स्थिति नियंत्रित की। फिलहाल इलाके में अतिरिक्त बल तैनात किया गया है।

#### होगी सख्त कार्रवाई

पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय का कहना है कि मामले की जांच जारी है और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## भावांतर भुगतान योजना को लेकर किसानों के साथ की बैठक

जबलपुर।



कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में भावांतर योजना को लेकर किसान प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक सुशील तिवारी इंदु, नीरज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मती आशा मुकेश गोटिया, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, किसान संगठनों के प्रतिनिधि व उप संचालक कृषि डॉ. एसके निगम सहित कृषि संबद्ध विभाग के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि सोयाबीन उत्पादक किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से भावन्तर भुगतान योजना शुरू की गई है। इसमें किसानों का पंजीयन 3 अक्टूबर से शुरू होगा। इस योजना का लाभ लेने सोयाबीन उत्पादक किसान 17 अक्टूबर तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने कहा कि किसानों के हित में लिये गये इस बड़े फैसले के अंतर्गत सोयाबीन के घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा राज्य के मंडी के मॉडल भाव के अंतर की राशि किसान के आधार लिंक बैंक खाते में 15 दिन के अंदर अंतरित की जायेगी।

उप संचालक कृषि ने बताया कि भावांतर भुगतान योजना में किसान अपना पंजीयन धान पंजीयन के लिये निर्धारित किये गये जिले के सभी पंजीयन केन्द्रों पर करा सकेंगे। इनके अलावा किसान कृषक सेवा केन्द्र, एमपी ऑनलाइन कियोस्क अथवा एमपी किसान एप के माध्यम से भी अपना पंजीयन करा सकेंगे। पंजीयन के समय किसानों को बैंक खाता नंबर, आईएफएससी कोड की जानकारी भी उपलब्ध करानी होगी। जनधन खाते, अक्रियाशील खाते, सयुंक्त बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम बैंक खाते पंजीयन के लिये मान्य नहीं होगें।

डॉ निगम के अनुसार भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत पंजीयन हो जाने के बाद राजस्व विभाग द्वारा पंजीकृत किसानों के रकबे का सत्यापन किया जायेगा तथा सत्यापन के बाद सोयाबीन उत्पादक किसान 24 अक्टूबर से 15 जनवरी के बीच जिले की किसी भी कृषि उपज मंडी में पूर्व की भांति अपनी उपज का विक्रय कर सकेंगे। बैठक में भावांतर योजना के उद्देश्य व इससे लाभ, मॉडल रेट का निर्धारण, भावांतरण राशि की गणना एवं भुगतान, क्रियान्वयन समिति, मंडी मॉडल रेट की समीक्षा आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा किसान संगठनों ने किसानों की समस्याओं को बैठक में उठाया। कलेक्टर सिंह ने कहा कि किसानों की समस्याओं का उचित समाधान किया जायेगा।

## विद्युत कंपनियों के कार्मिकों, पेंशनरों को शीघ्र मिलेगा स्वास्थ्य योजना का लाभ

जबलपुर। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने प्रदेश की समस्त विद्युत कंपनियों में कार्यरत अभियंता व कार्मिकों के लिए बहुप्रतीक्षित पावर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना (एमपीपीसीएचएस) के क्रियान्वयन के लिए एजेंसी का चयन कर लिया गया है । इसके पश्चात देश भर के सभी अस्पतालों से योजना के नियम, शर्तो व दरों पर बातचीत की जाएगी। जो अस्पताल योजना की शर्तों व दरों पर सहमत होंगे उन्हें अनुबंधित किया जाएगा। इस प्रक्रिया में लगभग एक माह का समय लग सकता है। जैसे ही ये प्रक्रिया पूर्ण होगी कंपनी की कैशलेस योजना की सेवाएं प्रारंभ कर दी जाएंगी ।इस योजना का लाभ प्रदेश की छह विद्युत कंपनियों में कार्यरत नियमित कार्मिकों, संविदा कार्मिकों व विद्युत कंपनियों के पेंशनरों और उनके आश्रितों को मिलेगा। इनकी संख्या लगभग 1 लाख 82 हजार है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी को प्रदेश की छह विद्युत कंपनियों के लिए पावर कंपनी अंशदायी कैशलेस स्वास्थ्य योजना हेतु एजेंसी का चयन करने की जिम्मेदारी दी गई है। विद्युत कार्मिक एवं पेंशनर मासिक अंशदान देकर योजना में शामिल हो सकते हैं। योजना में शामिल होने के लिए विद्युत कार्मिक एवं पेंशनर को मासिक अंशदान करना होगा। इस योजना में मात्र रुपए 500 प्रतिमाह में 5 लाख, रुपए 1000 प्रतिमाह में 10 लाख एवं रुपए 2000 प्रतिमाह में 25 लाख तक का कैशलेश इलाज का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। कुछ अस्पतालों में को-पे की व्यवस्था भी रहेगी। इस योजना को सुगम बनाने हेतु शक्तिभवन जबलपुर में ब्लॉक क्रमांक 9 में एक हेल्प डेस्क आरंभ किया गया है। इस हेल्प डेस्क में योजना से संबंधित जानकारी दी जा रही है एवं जिनको ऑनलाइन आवेदन करने में कठिनाई आती है वहां उनके आवेदन भी भरे जा रहे हैं।मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने समस्त विद्युत कंपनियों के कार्मिकों व पेंशनरों से इस योजना में शामिल होने के लिए संबंधित कंपनियों के कार्यालयों में शीघ्र फॉर्म जमा करने का आह्वान किया है एवं इस योजना के अंतर्गत शीघ्र सेवाएं प्रारंभ होने की संभावना व्यक्त की है।





## गांधी जयंती व स्वच्छ भारत दिवस पर पमरे में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल ने गांधी जयंती एवं स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर 'स्वच्छता ही सेवा - 2025' अभियान के तहत जबलपुर स्टेशन सहित पूरे जोन में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए। महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने जबलपुर स्टेशन पर श्रमदान किया, महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की और स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर स्काउट-गाइड द्वारा नुक्कड़-नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विजेता छात्रों और उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेलकर्मियों को सम्मानित भी किया गया।



## हनुमानताल में क्रेन से विसर्जित की गईं दुर्गा प्रतिमाएं

**जबलपुर।** मुख्य दशहरा चल समारोह में शामिल मां दुर्गा प्रतिमाएं इस बार क्रेन से विसर्जित की गईं. विधायक अभिलाष पांडे द्वारा गणेशोत्सव के बाद दुर्गोत्सव में यह पहल की गई. उन्होंने खुद अधिकारियों के साथ व्यवस्था का निरीक्षण किया. उनकी इस पहल को समितियों के साथ साथ स्थानीय लोगों की सराहना मिली. डॉ पाण्डेय द्वारा इस दौरान विसर्जन में पूरे समय सुबह तक घाट पर स्वयं उपस्थित होकर सारी व्यवस्थाओं की निगरानी की एवं सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया।

## रादुविवि कर्मियों का आंदोलन एक माह के लिए स्थगित

### विवि प्रशासन ने 30 दिन का समय माँगा आम सभा में फैसला

जबलपुर।



रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा कार्य का बहिष्कार आंदोलन 26वें दिन आखिरकार स्थगित कर दिया गया. कर्मचारी संघ के महासचिव राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला ने बताया कि विगत सोमवार को कुलगुरू और कुलसचिव क़ी संघ से हुई चर्चा उपरांत विश्वविद्यालय प्रशासन से पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण, समयमान वेतनमान क़ी अंतर राशि, बैकलॉग कर्मचारियों को समय मान सहित समस्त 20 सूत्रीय माँगो को पूरा करने के लिए एक माह का समय माँगा गया था जिससे कर्मचारियों की आम सभा में रखा गया यद्यपि आम सभा में अनेक कर्मचारी आंदोलन स्थगित करने के पक्ष में नहीं थे उनका कहना था कि 26 दिन तक आंदोलन के उपरांत केवल लिखित आश्वासन के आधार पर आंदोलन स्थगित करना उचित नहीं है, इसके बावजूद इस महीने दशहरा और दीपावली के अवकाश, कर्मचारियों को वेतन भुगतान और संघ अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सिंह पटेल द्वारा पूर्व में स्थगन संबंधी दिए गए पत्र के आधार पर कर्मचारियों द्वारा आंदोलन को स्थगित करने की सहमति बन पाई और विश्वविद्यालय तथा छात्र हित में आंदोलन को स्थगित करने का निर्णय पारित किया गया जिससे यह साफ हो गया कि सोमवार से विश्वविद्यालय के सभी कार्यालय खुल जायेगे! आम सभा को कर्मचारी संघ के प्रेम प्रकाश पुरोहित वीरेंद्र तिवारी राजकुमार तिवारी के पी नापित अंकित श्रीवास ओम प्रकाश शुक्ला हरे कृष्ण पाण्डेय आदि ने संबोधित किया इस अवसर पर डॉ संजय तिवारी प्रभात श्रीवास्तव मोतीलाल द्विवेदी रोहित आर्या गणेश उनेहा रजनीश पाण्डेय आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



## यूपी में बना चक्रवात, शहर में बारिश

जबलपुर।

**2 दिनों तक वर्षा की संभावना**

मानसून सीजन समाप्त हो चुका है। मानसून की तीन दिन पहले विदाई हो चुकी है। लेकिन पश्चिमी उत्तरप्रदेश के उपर बने चक्रवात की वजह से शुक्रवार की सुबह और शाम शहर में मध्यम 1 घंटे तक बारिश हुई। मौसम विभाग की मानें तो आज और कल बारिश की संभावना बनी हुई है और बादलों की तेज गर्जना भी हो सकती है। इस दौरान अगले 24 घंटों के दौरान हल्की बारिश हो सकती है। शुक्रवार को आसमान पर बादलों की आवाजाही बनी रही है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बने चक्रवात के कारण उत्तर पूर्वी मध्यप्रदेश में हवा के कम दबाव का क्षेत्र बन गया है लिहाजा बारिश की संभावना बन गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 29.06 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम, न्यूनतम तापमान 23.05 डिग्री सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 88 प्रतिशत और सायंकाल 95 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.03 व सूर्यास्त 5.55 बजे हुआ। पिछले वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 35.01 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.09 डिग्री दर्ज किया गया था। उत्तर पूर्वी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। शुक्रवार को हुई बारिश 18.6 मिलीमीटर दर्ज की गई। पिछले तीन दिनों में 1.0 लगभग 4 इंच वर्षा दर्ज की जा चुकी है। अगले 24 घंटों के दौरान जिले में कहीं कहीं गरज चमक के साथ पानी की बौछारे पड़ सकती है।।

## रंगदारी वसूलने बदमाशों ने की चाकूबाजी, 3 घायल, आटो में तोड़फोड़

**जबलपुर।** बरगी, संजीवनीनगर और अधारताल थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने तीन युवकों के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर आटो में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दी। बरगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रीमा चौकी बरगीनगर निवासी 35 वर्षीय राजकुमार भूमिया गत रात लगभग 11.30 बजे गावं से घर वापस आते समय रोड से ग्राउण्ड के पास पहुंचा तभी दो मोटर सायकल में 3 अज्ञात लड़के उससे शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगे, पैसे देने से मना करने पर तीनों गाली गलोज करते हुए दो लड़कों ने उसे पकड़ा तथा एक लड़के ने चाकू से पेट पर हमलाकर कर घायल कर तीनों टेमर तरफ भाग गये। पुलिस ने अज्ञात तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इसी तरह संजीवनीनगर में नव निवेश कालोनी गंगाननगर निवासी 42 वर्षीय हेमंत विश्वकर्मा के घर रात लगभग 11.30 बजे ऋषि शर्मा अपनी बुलेट से संजय झारिया के साथ आया और आवाज देकर उसे घर से बुलाकर शराब पीने के लिए रुपए की मांग करने लगे, रुपए देने से मना करने पर दोनों गाली गलोज कर चाकू चमकाते हुए मारपीट कर दी। आवाज सुनकर उसके पिता आए तो दोनों अपनी बुलट से भाग गये। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इसी प्रकार अधारताल में न्यू कंचनपुर निवासी 56 वर्षीय आटो चालक पुरुषोत्तम यादव गत शाम लगभग 5 बजे अपनी पत्नी सवित यादव के साथ रिश्तेदारी में पोस्ट आफिस के पुराना कंचनपुर जा रहे थे जैसे पोस्ट आफिस के पास पहुंचे अभिषेक यादव, अल्ताफ अपने एक साथी के साथ आए और उसका आटो रोककर गालीगलौज करते हुये नशा करने के लिये रूपयो के मांग करने लगा, मना करने पर अभिषेक व उसके साथियों ने मारपीट कर उसकी आटो मे तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 126(2), 115(2), 119(1), 324(4), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## शराब पकड़वाने के शक पर चाकू से किया जानलेवा हमला



**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत न्यूरामनगर में शराब पकड़वाने की बात पर चार बदमाशों ने एक युवक के साथ जातिगत शब्दों का प्रयोग कर अपमानित कर गालीगलौज कर जान से मारने की नीयत से चाकू से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यूरामनगर निवासी 32 वर्षीय अमित कोरी उर्फ काली से शुक्रवार की सुबह लगभग 4.45 बजे सोनू गुप्ता, अजय विश्वकर्मा अपने दो साथियों के साथ आया और शराब कम्पनी वालों के साथ शराब पकड़वाने की बात पर जातिगत शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करते हुये गाली गलौज करने लगे, गालियां देने से मना करने पर सोनू गुप्ता एवं अजय विश्वकर्मा ने जान से मारने की नियत से चाकू से एवं उनके दोनों साथियों ने मारपीट कर काली के सीना, पीठ, पेट, हाथ में चोटें पहुँचा दी। काली के दोस्त शिवन सिंह ठाकुर एवं समिति के सदस्यों ने बीच बचाव किया तो चारों काली को जान से मारने की धमकी दी। अमित कोरी उर्फ काली को उपचार हेतु मेट्रो अस्पताल लेकर गये जहां से मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया गया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 109, 115(2), 118(1), 351(2), 3(5) बीएनएस तथा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)(व्ही), 3(2)(व्हीए)एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## एमपी ट्रांसको में आउटसोर्स कर्मी की मृत्यु पर परिजनों को मिला ईएसआईसी व पीएफ का लाभ

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अब समय पर पात्र लोगों तक पहुँच रहा है। ऊर्जा विभाग मे आउटसोर्स कर्मचारियों को भविष्य निधि एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम जैसी योजनाओं से सुरक्षा दी जा रही है। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने एक दिवंगत आउटसोर्स कर्मी के परिवार को राहत पहुँचाने हेतु संवेदनशील पहल की। उज्जैन स्थित 220 के.वी. उपकेन्द्र पर ड्यूटी के दौरान सुरक्षा कर्मी श्री शेखर राठौर को ह्रदयाघात आया और अस्पताल मे इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। वे मेसर्स डेक्कन सिक्योरिटी सर्विसेस, इंदौर के माध्यम से पदस्थ थे।

# श्री गोविन्द गंज रामलीला का 161वां श्री राम राज्याभिषेक महोत्सव आज

**जबलपुर।** श्री गोविंद गंज रामलीला समिति का 161 वां भव्य और दिव्य श्रीराम राज्याभिषेक महोत्सव का आयोजन आज शनिवार रात्रि 8:00 बजे रामलीला मंच पर किया जा रहा है। अभिषेक महोत्सव के लिए रामलीला मंच पर अयोध्या की तर्ज पर दिव्य श्रृंगार किया जा रहा है। अतिथियों और विशिष्ट जनों की मौजूदगी में गुरुवर वशिष्ठ सबसे पहले प्रभु श्री राम और माता जानकी को अयोध्या के राजा के रूप में तिलक वंदन करेंगे। रामलीला समिति के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि राज्याभिषेक महोत्सव की दिव्य और भव्य झंकी का दर्शन करने दूर-दूर से लोग आते हैं और अपना भाग्य बनाते हैं । प्रभु के राज्या रोहण समारोह में मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, प्रथम नागरिक जगत बहादुर सिंह अन्नु, विधायक अभिलाष पांडे सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर रामलीला में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले 50 वर्ष पूर्व के पात्र पंडित मुकेश रावत, पंडित मोती जोशी, पंडित राजकुमार तिवारी का अभिनंदन भी किया जाएगा। श्री तिवारी ने बताया की शुक्रवार रात्रि 10 बजे भरत मिलाप की लीला मंचित हुई, जिसमें राम भरत के मिलन का दृश्य भावुक बन पड़ा।



# बरेला में दशहरा का ऐतिहासिक चल समारोह संपन्न

**बरेला।** चल समारोह को सफल बनाने में दुर्गा उत्सव एवं महाकाली उत्सव समितियों का नगर परिषद बरेला द्वारा बस स्टैंड में सम्मान किया गया एवं माता रानी की सभी प्रतिमाओं का पूजन अर्चन कर नगर की सुख समृद्धि खुशहाली की कामना की। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियो, सामाजिक संगठनों,व्‌यापारी वर्ग, का विशेष सहयोग चल समारोह को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने में प्राप्त हुआ।स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे, उपाध्यक्ष सोनम सोनू सोनकर, सी एम ओ संजय पांडे, पार्षदगण सहित,उपयंत्री संजय कैथवास उपस्थित थे। विसर्जन कुंड में नगर परिषद बरेला के अधिकारी व कर्मचारीयो ने क्रेन के माध्यम से एक एक सभी प्रतिमा का विसर्जन कुंड में कराया गया। चल समारोह एक दर्जन से अधिक मूर्तियां चलाएं मान थी। नरसिंह दरबार में स्थापित महाकाली जी की 10 महाविद्याओं की प्रतिमाएं भी चल समारोह में शामिल होने से समारोह की भव्यता और बढ़ गई चल समारोह देर रात थाने सामने संपन्न हुआ जहां पर रामलीला समिति के द्वारा राम-रावण युद्ध का मंचनकर रावण का दहन किया गया।



# कांग्रेस ने महात्मा गांधी, शास्त्रीजी की जयंती मनाई

**बरेला।** सत्य अहिंसा का पाठ सिखाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी, व जय जवान जय किसान का नारा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण ,पुष्प अर्पित कर कांग्रेस परिवार ने रघुपति राघव राजा राम का संकीर्तन करते हुये उनके बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लेते हुए उनकी याद पर सेवादल कांग्रेस व नगर कांग्रेस परिवार ने बजरंग बालबिहार में पौधरोपण कर जयंती मनाई। इस अवसर पर अरविंद तिवारी, नरेश पटेल, जहीर अहमद, बद्रीपांडे, विपिन झारिया, शहीद तोले खान, रामजी रैकवार, एड.इंद्रकुमार श्रीपाल,सुनील सोनकर,दुर्गा झारिया, रामकुमार नामदेव, सागर सिंह गौर, नीलेश बड़कडे,सुनील चक्रवर्ती,शेख सलीम,सुशील पटेल, तिवारी भैया,आदि कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# कायस्थ महासभा ने भी मनाई गांधी एवं शास्त्री जयंती

**जबलपुर।** महापुरुषों का जीवन हमे निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है जिससे हम अपने कार्यों का निर्वाहन पूर्ण निष्ठा और लगन से करते हुए हम अपने साथ साथ राष्ट्र का भी गौरव दिला सकें राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने जहां सदाचार,सत्य और अहिंसा के पथ पर चलने की प्रेरणा दी वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी ने सादा जीवन उच्च विचार का संदेश देते हुए राष्ट्र हित ही सर्वोपरि का संदेश जन जन तक पहुंचाया उक्त आशय के उदगार अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की 156वीं जयंती इसके पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी की 121वीं जयंती के अवसर पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, संभाग अध्यक्ष डा जे एन खरे, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, डा विनोद खरे,नवनीत श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, विजयलक्ष्मी श्रीवास्तव, अलका खरे, शालिनी निगम, वीना श्रीवास्तव आदि ने भी महापुरुषों को अपनी पुष्पांजलि अर्पित की।



# विसर्जन को निकली दुर्गा मां, शक्तिनगर में निकाला चल समारोह



**जबलपुर।** विजयदशमी पर शक्तिनगर के पुष्पांजलि मैदान से शक्ति युवा उत्सव समिति के तत्वाधान में शाम 3:30 बजे विसर्जन चल समारोह निकाला गया। नाचते गाते हुए श्रद्धालुओं ने भावुक मन से माँ को विदाई दी l शक्ति युवा दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष आलोक यादव ने बताया कि पिछले 35 वर्षों से मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना की जा रही है। इस बार 15 फीट ऊंची मातारानी की प्रतिमा की स्थापना की गई । प्रतिदिन पूजन-वंदन आरती एवं विविध अनुष्ठान संपन्न हुए। दशहरा पर गुरुवार को शाम माताजी का विसर्जन चल समारोह निकाला गया। जो विभिन्न मार्गों से भ्रमण करते हुए तिलवाराघाट पहुंचा।

# नर्मदा महोत्सवः आम जनता से दूर होता जा रहा पर्व

**भेड़ाघाट।** प्राकृतिक सौंदर्य और संगमरमर की वादियों के लिए प्रसिद्ध भेड़ाघाट एक बार फिर चर्चा में है। 5 और 6 अक्टूबर को आयोजित होने जा रहे नर्मदा महोत्सव को लेकर जहां प्रशासनिक तैयारियाँ ज़ोरों पर हैं, वहीं स्थानीय जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच असंतोष की लहर देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि यह आयोजन अब आमजन का न रहकर केवल वीआईपी तक सीमित होता जा रहा है।

भेड़ाघाट चौराहे पर बना कमानिया गेट, जो पर्यटकों के लिए भेड़ाघाट की पहचान हुआ करता था, दो साल पहले क्षतिग्रस्त होने के बाद हटा दिया गया। इसके बाद से अब तक किसी प्रशासनिक अधिकारी या जनप्रतिनिधि ने उसकी मरम्मत या पुनर्निर्माण पर ध्यान नहीं दिया। देश-विदेश से आने वाले सैलानी भटकते रहते हैं और अक्सर भेड़ाघाट चौराहा पार कर शहपुरा या सहजपुर तक निकल जाते हैं।

स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि नर्मदा महोत्सव अब आम जनता के लिए नहीं रहा। पहले यह आयोजन भव्यता के साथ स्थानीय सहभागिता से होता था, लेकिन अब वीआईपी पास वालों को ही कार्यक्रम में प्रवेश मिलता है। महोत्सव के निमंत्रण कार्ड गिने-चुने लोगों में बाँटे जा रहे हैं। कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जताई है कि स्थानीय जनता को कोई महत्व नहीं दिया जा रहा, जिससे यह पर्व एक शुद्ध प्रशासनिक और वीआईपी कार्यक्रम बनकर रह गया है। भेड़ाघाट नगर परिषद की हालत इन दिनों वित्तीय संकट से जूझ रही है। कर्मचारियों को वेतन तक नहीं मिला है, ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि महोत्सव के प्रचार-प्रसार और अन्य व्यवस्थाओं के लिए नगर परिषद कैसे खर्च वहन करेगी?



# सुपरफास्ट ट्रेनों को तरसता विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट

**भेड़ाघाट।** विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपनी खास पहचान रखने वाला भेड़ाघाट आज भी बुनियादी रेल सुविधाओं से महरूम है। संगमरमर की वादियों और धुआंधार जलप्रपात के लिए विख्यात यह स्थल भले ही लाखों पर्यटकों को आकर्षित करता हो, लेकिन यहां का रेलवे स्टेशन आज भी बदहाली के आंसू बहा रहा है। भेड़ाघाट रेलवे स्टेशन पर फिलहाल केवल कुछ पैसेंजर और शटल ट्रेनें ही रुकती हैं, जबकि सुपरफास्ट ट्रेनों का यहां कोई ठहराव नहीं है। यही कारण है कि जबलपुर पहुंचने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को भेड़ाघाट पहुंचने के लिए 20 किलोमीटर की यात्रा निजी वाहनों से करनी पड़ती है। यदि सुपरफास्ट ट्रेनों का ठहराव भेड़ाघाट में होता, तो न केवल पर्यटकों को राहत मिलती, बल्कि स्थानीय लोगों को भी बेहतर रेल सुविधाएं प्राप्त होतीं। भेड़ाघाट स्टेशन से धुआंधार और पंचवटी जैसी प्रमुख जगहें महज़ 5 से 6 किलोमीटर की दूरी पर हैं। यदि सुपरफास्ट ट्रेनों का यहां ठहराव होता है, तो न सिर्फ पर्यटकों का समय और पैसा बचेगा, बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।



## गढ़ा, अधारताल, कांचघर में भी धूमधाम से निकला दशहरा जुलूस

# उपनगरीय क्षेत्रों में भी विजयादशमी की धूम

हरिभूमि जबलपुर।

उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा, अधारताल, कांचघर में दशहरा के दूसरे दिन विसर्जन जुलूस रविवार को धूमधाम से निकाले गये। गढ़ा रामलीला समिति के नेतृत्व में गौतम जी की मढ़िया से प्रारंभ हुए जुलूस में 10 प्रतिमाएं शामिल हुई। यह जुलूस गाजे-बाजे के साथ गुलौआ चौक एकता चौक बीटी तिराहा, छोटी बजरिया, आनंद कुंज गढ़ा बाजार, पंडा जी की मढ़िया त्रिपुरी चौक, पिसनहारी की मढ़िया तक पहुंचा। यहां से कुछ प्रतिमाएं तिलवारा के लिए गई और कुछ देवताल में विसर्जन के लिए वापिस आई। गढ़ा बाजार रामलीला मैदान में रावण कुभकरण के पुतलों का दहन किया गया।

रामलीला समिति गढ़ा के नेतृत्व में संकट मोचन मंदिर गौतम गंज से रात्रि 7:30 बजे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम लक्ष्मण एवं हनुमान के पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। जुलूस में लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, संचालक रामलीला समिति अशोक मनोध्याय अध्यक्ष, पूर्व मंत्री हरेंद्र जीत सिंह बब्बू, समाजसेवी राममूर्ति मिश्रा, मनोज पाटकर एवं निर्देशक राजेश मिश्रा ने भगवान का पूजन अर्चन किया। ऐतिहासिक दशहरा चल समारोह में इस वर्ष 25 प्रतिमाएं सम्मिलित हुए जो जन आकर्षण का केंद्र बनी। पूजन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ चल समारोह प्रारंभ हुआ इस समारोह में रामलीला समिति की ओर से नंदी पर सवार महादेव, श्री राम रावण युद्ध करते हुए की झांकी, रावण मेघनाथ एवं कुंभकरण के पुतले आकर्षण का केंद्र रहे। रामलीला समिति के नेतृत्व में जय श्रीराम के उद्घोष के साथ समस्त झांकियां एवं देवी प्रतिमाएं मेजर बीटी तिराहे से साथ में हो गई। शोभायात्रा में ढोल बैंड नृत्य करती दुलदुल घोड़ी, आतिशबाजी एवं आधुनिक विद्युत सज्जा का प्रयोग किया गया। इसके उपरांत गढ़ा रामलीला मैदान पर परंपरागत रूप से भगवान श्री राम द्वारा रावण, कुंभकरण एवं मेघनाथ के पुतले का दहन किया गया।



## अधारताल में भी निकला शानदार जुलूस

उपनगरीय क्षेत्र अधारताल में भी शुक्रवार को दशहरा जुलूस धूमधाम से निकाला गया। रद्दी चौकी से प्रारंभ हुए इस जुलूस में 11 दुर्गा प्रतिमाएं शामिल हुई। जुलूस का नेतृत्व अधारताल रामलीला समिति ने किया। जुलूस अपने परंपरागत मार्गों से होते हुए अधारताल पहुंचा, जहां जलाशय में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। रामलीला मैदान के पास रामचंद्रजी ने रावण कुंभकरण मेघनाथ के पुतलों का दहन किया। चल समारोह में विधायक अशोक रोहाणी, विधायक लखन घनघोरिया, विधायक इंदु तिवारी, पूर्व मंत्री सुश्री कौशल्या गोटिया, श्रीराम शुक्ला, प्रदीप यादव, महेश राजपूत, मनीष अग्रहरि आदि गणमान्य लोग शामिल थे।

## कांचघर में निकला भव्य दशहरा जुलूस

कांचघर में भी दशहरा चल समारोह 3 अक्टूबर शुक्रवार को राम मंदिर जीसीएफ स्टेट प्रांगण से प्रारंभ हुआ, जो चुंगी चौकी, कांचघर, शीतलामाई, बाई का बगीचा होते हुए घमापुर चौक पहुंचा। जहां से प्रतिमाएं विसर्जन स्थल के लिए रवाना हुई। जुलूस में 10 दुर्गा प्रतिमाएं शामिल हुई। चल समारोह में श्री गिरिजा शंकर रामलीला समिति द्वारा प्रस्तुत की गई। राम रावण युद्ध का चलित झांकी, रावण मेघनाथ, कुंभकरण के पुतले, हाथी के ऊपर सवार शंकर पार्वती एवं गणेश की सवारी, ऊंट, घोड़े आतिशबाजी दशहरा चल समारोह में आकर्षण का केन्द्र रही। जुलूस में विधायक लखन घनघोरिया, अंचल सोनकर, रमाकांत रावत, कल्लन गुप्ता, डॉ घनश्याम यादव, संजय साहू, जीएस ठाकुर, अशोक रोहतास, मुरलीधर राव, एड. तरुण रोहितास, सरमन रजक, आदि मौजूद थे।

## मां नर्मदा को प्रदूषण से बचाने के लिए होगा आयोजन 17 नवंबर से

# श्री शिवसमाराधन महायज्ञ के भूमि स्थल का हुआ पूजन

**जबलपुर।** मां नर्मदा अस्तित्व संरक्षण समिति के तत्वावधान में मां नर्मदा को प्रदूषण से बचाने के लिए 17 से 25 नवंबर तक श्री शिव समाराधन महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन नर्मदा कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस प्रांगण घड़ी चौक विजय नगर में किया जा रहा है। विजयदशमी पर वैदिक विधि विधान से महायज्ञ स्थल का भूमि पूजन किया गया। महायज्ञ के लिए भूमि का पूजन मुख्य अजमान जितेंद्र पचौरी एवं श्रीमती डॉक्टर मुक्तेश्वरी पचौरी द्वारा किया गया। स्वामी महेन्द्रानंद महाराज ने बताया कि मां नर्मदा को शुद्ध करने और प्रदूषण से बचाने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में संत शामिल होंगे। प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक श्री शिव महापुराण कथा का वाचन पूज्य श्री गिरिबापू जी करेंगे। वहीं प्रातः 8 से 10 बजे तक यज्ञ के अनुष्ठान होंगे। जिसमें यजमान आहुति प्रदान करेंगे।



## अनेकों बार शिकायत के बाद भी समस्या जस की तस बनी है

# पानी के भराव से वार्ड के निवासियों को हो रही परेशानी

**सिहोरा।** नगर पालिका क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड नं.13 में जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण सड़कों के साथ पानी घरों के अंदर तक भर जाता है जिससे स्थानीय निवासियों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### पानी के रास्ते में बन गये पक्के मकान

विदित हो पानी निकासी की व्यवस्था न होने के कारण न केवल वर्षा काल के दौरान अपितु हमेशा ही लोगों के घरों में पानी घुसने की समस्या बनी रहती है।इसके अलावा जहरीले जीव जन्तु का भी खतरा बना रहता है स्थानीय जनो ने आरोप लगाया है कि जहां से गन्दे पानी एंव बरसाती पानी की निकासी होती थी वहां कुछ लोगों ने प्लाटिंग कर पक्के मकान बना लिए है जिसके कारण पानी की निकासी बंद हो गई है जिससे यह समस्या उत्पन्न हुई है।



### अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते मरीज

पानी की निकासी न होने के कारण पानी गली एंव सड़क से बहते हुए लोगों के घरो में भर जाता है और जब ज्यादा बारिश होती है तो सड़कें पूरी तरह से जलमग्न हो जाती हैं।बरसात के मौसम में यह सड़क पूरी तरह कीचड़युक्त और जलभराव से ग्रसित हो जाती है जिससे आवागमन में अत्यधिक कठिनाई होती है। न तो बच्चे सुरक्षित रूप से स्कूल जा पाते हैं और न ही बीमार व्यक्ति को समय पर अस्पताल ले जाना संभव हो पाता है।

### सड़क खराब होने से दुर्घटना का अंदेशा

सड़क की खराब स्थिति के कारण आए दिन दुर्घटनाएँ होने का भी खतरा बना रहता है। पानी भरे रास्तों से निकलने में लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं और कई बार लोग गिरकर घायल भी हो चुके हैं। स्थानीय निवासी ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित नगर पालिका से अनेकों बार शिकायत की है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उनकी मांग है कि मोहल्ले की सड़कें बनवाई जाएं एंव बरसात के पानी की निकासी व्यवस्था की जाये।

## ब्लॉक कांग्रेस ने मनाई महात्मा गांधी, लालबहादुर की जयंती

**सिहोरा।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिहोरा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिहारी पटेल के संयोजन एवं वरिष्ठ नेता सुरेंद्र मिश्रा के मुख्य आतिथ्य तथा प्रकाश कुररिया की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन रेलवे फाटक के खितौला में किया गया जहां महात्मा गांधी एंव लालबहादुर शास्त्री के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण किया गया एंव उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर प्रदेश संयुक्त सचिव एवं पार्षद राजेश चौबे, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि बाबा कुरेशी,राजेश पटेल,दिलीप जैन, आलोक पांडे, पार्षद रमेश पटेल, पवन सोनी, गिरधर सरावगी, आदि उपस्थित थे।

## ग्राम धमकी में आदि सेवा केन्द्र की स्थापना

**सिहोरा।** आदि ग्राम धमकी में कर्मयोगी अभियान के तहत आदि सेवा केंद्र की स्थापना गांधी जयंती पर की गई है। इस केंद्र में ग्राम के जनजातीय समुदाय के लोग अपनी छोटी बड़ी समस्या का निराकरण करा सकेंगे।इसके पूर्व इसी ग्राम में चौथी ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम विकास के लिए पांच वर्षीय कार्य योजना विजन 2030 का ग्राम सभा में अनुमोदन किया गया।साथ ही ग्राम को शराब मुक्त ग्राम बनाने का संकल्प लिया गया।और अंत में संकल्प पत्र के साथ ग्राम सभा का समापन किया गया। इस अवसर ग्राम पंचायत गांधीग्राम की सरपंच राधा विवेक चौरसिया,पंच सुशीला ठाकुर, सचिव अनिल दत्त तिवारी,कृषि विभाग से वृषभान अहिरवार,शिक्षक राजेंद्र प्रसाद तिवारी,उर्मिला पांडे,शकुन बाई पटेल,संजय कोल,पवन साहू मोहित शुक्ला,रोशनी दाहिया अनेक ग्रामवासी एंव बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

**श्रीमति करूणा नाहतकर-** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय नाहतकर की माता जी श्रीमति करूणा नाहतकर का निधन हो गया है। आज दोपहर 2 बजे अंतिम यात्रा उनके निज निवास न्यूपीपी कालोनी से ग्वारीघाट के लिए प्रस्थान करेगी।



**श्री अमोलक राम चड्ढा-** प्रेमनगर पोस्ट आफिस के पास मदनमहल निवासी श्री अमोलक राम चड्ढा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राघवेंद्र प्रसाद-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री राघवेंद्र प्रसाद (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राकेश चंद मेहता-** बेदी नगर मदनमहल निवासी श्री राकेश चंद मेहता (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सुनील रैकवार-** गोरखपुर स्थित पंचायती अखाड़े के पास निवासी श्री मूलचंद रैकवार के पुत्र श्री सुनील रैकवार (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कौशल्या बाई ठाकुर-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री गोपी सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या बाई ठाकुर (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हरि नारायण श्रीवास्तव-** अनमोल हाईट्स न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री हरि नारायण श्रीवास्तव (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री उमेश चौधरी-** सिंधी कैंप बड़ी मदार टेकरी निवासी श्री बिहारी लाल चौधरी के पुत्र श्री उमेश चौधरी (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मनीष पटेरिया-** गली नं. 2 बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री मनीष पटेरिया (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती संतोष जाट-** कंजड़ मोहल्ला पूर्वी बेलबाग निवासी श्री चंद्र मोहन जाट की धर्मपत्नी श्रीमती संतोष जाट (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बुद्धसेन यादव-** मोहनिया रांझी निवासी श्री बुद्धसेन यादव (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विनोद केवट-** प्रेमसागर साहू मोहल्ला निवासी श्री विनोद केवट (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रितिक कुमार सविता-** नई बस्ती कजरवारा निवासी श्री रमेश कुमार सविता के पुत्र श्री रितिक कुमार सविता का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामरति बाई चौधरी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री विदेशी चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती रामरति बाई चौधरी (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मोहनी तिवारी-** घमापुर निवासी श्री प्रसन्न तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती मोहनी तिवारी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपराज बंशकार-** प्रेमसागर शीतलामाई वार्ड निवासी श्री तोड़ल प्रसाद बंशकार के पुत्र श्री दीपराज बंशकार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी धनगर-** रामपुर यादव मोहल्ला निवासी श्री छेदी लाल धनगर की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी धनगर (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री शकुन चौरसिया-** गुप्तेश्वर निवासी श्री जंगली प्रसाद चौरसिया की पुत्री सुश्री शकुन चौरसिया (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री प्रमोद कुमार मून-** शांति नगर दमोहनाका निवासी श्री प्रमोद कुमार मून (65) का निधन हो




गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शशिकला सक्सेना-** भानतलैया रोड निवासी श्री उदय शंकर सक्सेना की धर्मपत्नी श्रीमती शशिकला सक्सेना (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेंद्र कुमार रजक-** बादशाह हलवाई मंदिर के पास गौरीघाट रोड निवासी श्री सुरेंद्र कुमार रजक (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रतन कुमार सराठे-** अंडर ब्रिज रोड मदनमहल निवासी श्री रतन कुमार सराठे (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री धनीराम उईके-** कांचघर पुलिस लाइन निवासी श्री धनीराम उईके (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लाल सिंह राजपूत-** गंगासागर रोड हनुमान मंदिर के पास निवासी श्री लाल सिंह राजपूत (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री शारदा प्रसाद चौधरी-** पोलीपाथर टंकी नं. 2 के पास निवासी श्री शारदा प्रसाद चौधरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लता सिंह ठाकुर-** बेलबाग टोरिया निवासी श्री अर्जुन सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती लता सिंह ठाकुर (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती श्यामा बाई बर्मन-** बादशाह हलवाई मंदिर के पास गौरीघाट रोड निवासी श्री जगत सेठ बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा बाई बर्मन (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ज्योति प्रकाश त्रिवेदी-** मिलौनीगंज निवासी श्री ज्योति प्रकाश त्रिवेदी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती जमना देवी मिश्रा-** न्यू शोभापुर भड़पुरा व्हीकल रोड निवासी श्री चंद्रमणी मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती जमना देवी मिश्रा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सोनी लाल चौधरी-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री सोनी लाल चौधरी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री देवी सिंह प्रधान-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री फूलचंद प्रधान के पुत्र श्री देवी सिंह प्रधान (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामकुमारी कोरी-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री जवाहर लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती रामकुमारी कोरी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कानू मित्रा-** तिलहरी निवासी श्री कानू मित्रा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अभिषेक कुमार शुक्ला-** पुष्पक नगर अधारताल निवासी श्री अभिषेक कुमार शुक्ला (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुमुदनी नायक-** शिवशक्ति विहार घाना पिपरिया रोड खमरिया निवासी श्री गौरी चरण नायक की धर्मपत्नी श्रीमती कुमुदनी नायक (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मणी पिल्ले-** गली नं. 16, सदर काली मंदिर के पास निवासी श्री मणी पिल्ले (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिलीप कुमार-** मदनमहल निवासी श्री राम भरोसे के पुत्र श्री दिलीप कुमार (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती धर्मवती मिश्रा-** अमखेरा जाग्रति नगर निवासी श्री गंगा प्रसाद मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती धर्मवती मिश्रा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज [illegible] से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407382100

# धातु शेयरों में खरीदारी शेयर बाजार में तेजी

## सेंसेक्स 224 और निफ्टी 58 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



धातु एवं दूरसंचार शेयरों में लिवाली और वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 224 अंकों की तेजी रही जबकि निफ्टी 58 अंक चढ़ गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 223.86 अंक चढ़कर 81,207.17 अंक पर बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,710 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,490 शेयरों में गिरावट रही और 139 अन्य अपरिवर्तित रहे। निफ्टी 57.95 अंक बढ़कर 24,894.25 अंक पर बंद हुआ। यह शेयर बाजार में तेजी का लगातार दूसरा सत्र रहा। इसके दम पर इस कारोबार सप्ताह में सेंसेक्स कुल 780.71 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की छलांग लगाने में सफल रहा जबकि निफ्टी में 239.55 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की तेजी रही।

### टाटा स्टील में रही तेजी

शुक्रवार को सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील का शेयर सबसे अधिक 3.40 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। उसके बाद पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और भारती एयरटेल का स्थान रहा। इसके विपरीत, टेक महिंद्रा, मारुति, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फिनसर्व के शेयरों में गिरावट का रुझान देखा गया।

### बाजार एक दायरे में रहा

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, एक दायरे में रहने के बाद बाजार का समापन सकारात्मक अंदाज में हुआ। इसे धातु एवं टिकाऊ उपभोक्ता शेयरों में लिवाली से समर्थन मिला। अक्टूबर में अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती की संभावना, डॉलर में कमजोरी और बुनियादी धातु की स्थिर कीमतों से धातु सूचकांक चढ़ गया।

## टूअल्ट बायोएनर्जी का शेयर 7 फीसदी बढ़त के साथ बंद

**नई दिल्ली।** जैव ईंधन उत्पादक कंपनी टूअल्ट बायोएनर्जी लि. का



शेयर कारोबार के पहले दिन शुक्रवार को अपने 496 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब सात प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई पर शेयर 550 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 10.88 प्रतिशत अधिक है। अंत में यह 7.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 530.85 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई पर इसने 9.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 545.40 रुपये पर शुरुआत की। कारोबार के अंत में यह 7.04 प्रतिशत चढ़कर 530.95 रुपये पर बंद हुआ।

## डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे टूटकर 88.78 पर बंद

**मुंबई।** आयातकों की डॉलर मांग और लगातार विदेशी पूंजी निकासी के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे टूटकर 88.78 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि व्यापार तनाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण डॉलर बनाम रुपया अपने निचले स्तर के आसपास बना हुआ है। इसके अलावा, लगातार विदेशी पूंजी निकासी और अमेरिकी वीजा शुल्क वृद्धि के मुद्दे के कारण भी घरेलू मुद्रा पर दबाव है।

## अस्थिर दुनिया में भारत स्थिरता का आधार

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि भारत का वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचा लगातार मजबूत बना हुआ है और देश अस्थिर दुनिया में स्थिरता का आधार बन गया है। गवर्नर ने यहां कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन 2025 में देश की मजबूत बुनियाद का श्रेय कम मुद्रास्फीति, अच्छे विदेशी मुद्रा भंडार, कम चालू खाता घाटा और देश के बैंकों व कॉरपोरेट जगत के मजबूत बहीखाते को दिया।


**इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम – नवरत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्याः 2025/आईआरसीटीसी/सीओ/एसईआर/रेडहैट सॉफ्टवेयर – आईआरसीटीसी के एनजीईटी सिस्टम के लिए सॉफ्टवेयर लाइसेंस की खरीद हेतु। बोली–पूर्व बैठक (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग): 08.10.2025 को 12:00 बजे। जमा करने की अंतिम तिथिः 17.10.2025 को 15:00 बजे तक।

विस्तृत विवरणों हेतु www.irctc.com और www.tenderwizard.com/IRCTC देखें। निविदा दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता www.tenderwizard.com/IRCTC पर की जा सकती है।

उपरोक्त विज्ञापन का शुद्धिपत्र/परिशिष्ट जारी होने पर उसे केवल www.irctc.com और www.tenderwizard.com/IRCTC पर प्रकाशित किया जाएगा।

स.म.प्र. (सेवाएं) आईआरसीटीसी लिमिटेड, तीसरा तल, टॉवर–डी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029



**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक 2174/न.पा.नि./लोनिवि/25-26 अम्बिकापुर दिनांक 03/10/2025

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन निर्माण कार्य हेतु राशि रूपये 269.40 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 176811) आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर



**एन सी एल NCL नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
(एक मिनिरत्न कम्पनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पणी)

सूचना संख्या एन.सी.एल./एसजीआर/विपणन/ई-ऑक्सन/25-26/1108 दिनांक : 30.09.2025

सीआईएल ई-ऑक्सन स्कीम 2022 के माध्यम से अक्टूबर 2025 माह मे कोयले की बिक्री की सूचना

**नॉर्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली, म. प्र.** सीआईएल ई-ऑक्सन स्कीम 2022 के माध्यम से **"कोयले"** की बिक्री का प्रस्ताव पेश करती है, जिसमें कोई भी भारतीय क्रेता (व्यक्ति, पार्टनरशिप फर्म, कम्पनी इत्यादि) भाग ले सकता है और इलेक्ट्रॉनिक बोली के जरीये कोयला प्राप्त कर सकता है। **"अक्टूबर 2025"** के लिये दिनांक **"07.10.2025"** को होने वाले ई-ऑक्सन से संबंधित विस्तृत सूचना तथा नियम एवं शर्ते एनसीएल की वेबसाइट **"www.nclcil.in"**, सर्विस प्रोवाइडर **"एम-जंक्शन" की वेबसाइट** https://www.coaljunction.in, तथा विपणन एवं विक्रय विभाग, एनसीएल सिंगरौली के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।

(R-41) महाप्रबंधक (वि. एवं वि.) एनसीएल सिंगरौली



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 20/व.ले.लि./2025-26 **निविदा आमंत्रण - सूचना** बालाघाट 01.10.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं क्र. | टेण्डर क्र. | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि ( राशि लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 5 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB_455496_1 | बालाघाट | उपसंभाग क्रमांक - 1 बालाघाट के अंतर्गत बालाघाट शासकीय आवासीय भवनों में रंगाई पुताई का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 18.00 | 36000.00 | 2000.00 | 31.3.2025 |
| 2 | 2025_PWDRB_455497_1 | बालाघाट | उपसंभाग बैहर के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों में रंगाई पुताई का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 18.00 | 15000.00 | 2000.00 | 31.3.2025 |
| | | | | कुल योग | 36.00 | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र आनलाईन क्रय करने एवं आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 14/10/2025 (17.30) बजे निर्धारित है । निविदा की धरोहर राशि (EMD) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज आनलाईन ही जमा किये जायेंगें । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 बालाघाट

G-19550/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"



**E Auction Sale Notice under IBC, 2016**
**M/s M.S. Mining and Consultancy Private Limited Under Liquidation**
**CIN: U13100MH2010PTC263990**
**Liquidator's Office: 1502, Ved Solitaire, Cement Road, Dharampeth Extension, Shivaji Nagar, Nagpur, 440010**

Notice is hereby given to the public at large for inviting bids for sale of following immovable properties forming part of the Liquidation Estate of Corporate Debtor viz M.S. Mining and Consultancy Private Limited Under Liquidation ('Corporate Debtor"), through e-auction on **"as is where is basis", "as is what is basis", "whatever there is basis" and "without recourse basis".** Sale will be done by the undersigned through **E-Auction service provider eBKray (website: https://ibbi.baanknet.com).**
The bidding shall take place through online e-auction service provider **eBKray.**

Amount in Rs.

| Sr. No. | Description of Asset | Date and Time of auction | Reserve Price | EMD | Bid Incremental Value |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **Industrial Land & Building Standing on -** Lease hold land at Plot No. 13.14.52.51 and Part of 50 & 15, Industrial Area, Bhurkal Khapa, Mandla Road, Seoni, Madhya Pradesh, India | 24th October 2025 11.00 A.M. to 01.00 P.M | 1,01,04,843 | 10.10,484 | 50,000 |

**Last date to submit the EOI & all documents as per E-Auction Process document:** 22nd October 2025
**Date of Inspection:** Till 20th October 2025 with prior intimation to the liquidator.
**Last date of submission of EMD:** 22nd October 2025 till 6.00 P.M.
**Terms & Conditions of the sale is as under:**
(For detail of the assets, refer Annexure-V of the E-auction Process Document).
1. E-auction will be conducted on **"AS IS WHEREIS, AS IS WHAT IS, WHATEVER THERE IS BASIS AND WITHOUT RECOURSE BASIS"** as such sale is without any kind of warranties and indemnities, through approved service provider eBKray (website: **https://ibbi.baanknet.com)**
2. Contact person on behalf of Liquidator: **Mr. Suparn Naidu, Email: msmining.cirp@gmail.com, Contact no-+91 9922929919**
3. The complete and detailed information about the assets of the company, online e-auction Bid Form, Declaration and Undertaking Form, General Terms and Conditions of online auction sale are available in the "E-Auction Process Memorandum" The sale notice must be read along with the E-Auction Process Memorandum which is available at **https://ibbi.baanknet.com**
4. Prospective bidders shall deposit the Earnest Money Deposit (EMD) through their own e-wallet account on the **https://ibbi.baanknet.com** portal.
5. Prospective bidders shall submit an undertaking that they do not suffer from any ineligibility u/s 29 A to the extent applicable and if found ineligible at any stage, the earnest money deposited shall be forfeited.
6. Within 3 days of declaring highest bidder, liquidator shall conduct due diligence and verify the eligibility of the highest bidder. In case the highest bidder is found ineligible, the liquidator may, in consultation with SCC, declare next highest bidder as successful bidder.
7. It is clarified that, this invitation purports to invite prospective bidders and does not create any kind of binding obligations on the part of the Liquidator or the Corporate Debtor to effectuate the sale. The Liquidator has the absolute right to accept or reject any or all offer(s) or adjourn/postpone/cancel/modify/terminate the e-auction at any stage without assigning any reason thereof

**Date: 04/10/2025**
**Place: Nagpur**

**CMA Srigini Rajat Naidu,**
**Liquidator- M.S. Mining and Consultancy Private Limited (under Liquidation)**
**IBBI Regn. No: IBBI/IPA-003/IP-P00137/2017-2018/11513**



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**TADK के बदले में अटेंडेंट्स सेवा की नियुक्ति के लिए ई-निविदा सूचना**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, MIB-WS, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:
**निविदा सूचना सं.:**एमआईबीडब्ल्यू-2025-19060504R दिनांक: 19.09.2025
**कार्य का विवरण:** मोतीबाग वर्कशॉप, नागपुर के अंतर्गत 03 अधिकारियों के लिए 03 वर्षों के लिए कार्य के दायरे के अनुसार TADK के बदले में अटेंडेंट्स की सेवाएं लिए जाने हेतु निविदा।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 40,85,575/- (रु. चालीस लाख पचासी हजार पांच सौ पचहत्तर मात्र), सभी करों सहित.
**बयाना राशि:** ₹ 81,720/- (रु. इक्यासी हजार सात सौ बीस मात्र)
**अनुबंध की अवधि:** 03 वर्ष,
**निविदा प्रपत्र मूल्य:** ₹ 0 (शून्य)।
**निविदा जमा करना:** बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां केवल दिनांक **20.10.2025** के **11:00** बजे तक ही प्रस्तुत कर सकते है।
इस निविदा के अंतर्गत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। ऐसे प्रस्तुत किए गए मैनुअल प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया जाएगा। ।
उपरोक्त निविदा सम्बंधित विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

उप सीएमएम - जीएसडी,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,
मोतीबाग, नागपुर

FL/27-134

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला नरसिंहपुर म.प्र.**
**प्रारंभिक अधिसूचना (देखिये धारा 11)**

क्र. 1045 / अ.वि.अ./ भू-अर्जन / 2025 रा.मा.क्र. 0009/अ-82 / 2024-25 मौजा ग्राम - समनापुर प.ह. नं. - 22 / 9 न. ब. - 543 तहसील - करेली नरसिंहपुर, दिनांक 23/09/20215

चूंकि समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि अनुसूची-1 में कार्यपालन यंत्री रानी अवंती वाई लोधी सागर नहर संभाग नरसिंहपुर को नर्मदा नदी पर चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के लिये चिनकी बेराज निर्माण हेतु भूमि की आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। सर्व संबंधित को यह सूचित किया जाता है कि चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति (EC Identification No. - EC23B000MP119529) को राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण द्वारा दिनांक 30.01.2023 प्रदाय की गई है। भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-6 की उपधारा-2 के अनुसार सिंचाई परियोजनाओं के संबंध में जहां पर्यावरणीय प्रभाव निर्धारण की प्रक्रिया की तत्समय प्रवत्त किसी अन्य विधि के प्रावधानों के अधीन अपेक्षा की जाती, सामाजिक प्रभाव निर्धारण से संबंधित इस अधिनियम के प्रावधान लागू नही होगें । अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन सार्वजनिक सूचना के जरिये सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि इसके द्वारा उक्त परियोजना हेतु निम्नानुसार भूमि का अर्जन किया जाता है :-

**अनुसूची 1**

1. परियोजना का नाम : चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देषीय परियोजना के लिये डूब क्षेत्र हेतु ।
2. भूमि का विवरण - 1. जिला : नरसिंहपुर, 2. तहसील : करेली, 3. ग्राम : समनापुर (बायां तट), 4. प.ह.न. : 22/9, 5. नं.बं. : 543, 6. अर्जित भूमि का क्षेत्रफल : 10.194 हेक्टेयर

**अनुसूची 2**

| क्र. | हितवद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | स्वामित्व का प्रकार | खसरा नंबर | अर्जित रकवा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | बद्रीप्रसाद पिता आशाराम जाति लोधी सा. चिनकी करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 113/4 (s) | 0.051 |
| | | | 115 (s) | 0.117 |
| 2 | चोखेलाल पिता नारायणसिंह जाति लोधी पता समनापुर चिनकी करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 12/1 (s) | 0.202 |
| | | | 12/2 (s) | 0.032 |
| 3 | बतीबाई पति कोदूलाल जाति लोधी सा. समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 12/3 (s) | 0.072 |
| 4 | नारायणसिंह चौहानसिंह कुंजीलाल पूरनलाल पिता कंछेदी जाति लोधी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 8 (s) | 0.219 |
| 5 | किशोरी पिता दलीप रूपसिंह पिता हल्कू जाति राजपूत पता चिनकी करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 5 (s) | 0.163 |
| 6 | माखन पिता रतन सिंह जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 4/1 (s) | 0.060 |
| | | | 9/3/1 (s) | 0.133 |
| 7 | घनश्याम पिता रतन सिंह जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 4/2 (s) | 0.060 |
| | | | 9/3/2 (s) | 0.164 |
| 8 | एकमसिंह पिता रतन सिंह जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 4/3 (s) | 0.093 |
| | | | 16 (s) | 0.067 |
| | | | 17/1 (s) | 0.164 |
| 9 | जगदीश पिता रतन सिंह जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 4/4 (s) | 0.050 |
| | | | 17/2 (s) | 0.085 |
| | | | 18 (s) | 0.024 |
| | | | 19/1 (s) | 0.050 |
| 10 | घासीबाई पति रतन सिंह जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 4/5 (s) | 0.069 |
| 11 | सुमंत्राबाई पिता रतन सिंह जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 4/6 (s) | 0.0143 |
| 12 | चन्नीलाल पिता हल्का जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 2/1 (s) | 0.090 |
| 13 | राजेन्द्र पिता रामप्रसाद जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 2/2 (s) | 0.042 |
| 14 | श्रीचंद पिता रामप्रसाद जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 2/3 (s) | 0.048 |
| | | | 9/1/1 (s) | 0.090 |
| 15 | शिवकुमार पिता रामप्रसाद जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 9/1/2 (s) | 0.089 |
| 16 | शारदाबाई पिता रामप्रसाद जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 9/1/3 (s) | 0.077 |
| 17 | प्यारीबाई पति रामप्रसाद जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 9/1/4 (s) | 0.012 |
| | | | 19/2 (s) | 0.225 |
| 18 | चन्नीलाल पिता हल्के जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 9/2 (s) | 0.105 |
| 19 | नरबदीबाई पति निरनसिंह जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 9/4 (s) | 0.120 |
| 20 | कस्तूरीबाई पति रोशनलाल जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 10/1 (s) | 0.054 |
| | | भूमिस्वामी | 10/2/1 (s) | 0.053 |
| 21 | महेश पिता रोशनलाल जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 10/2/3 (s) | 0.053 |
| 22 | कमलाबाई पिता रोशनलाल जाति ढीमर पता जबलपुर मध्यप्रदेश | भूमिस्वामी | 19/3 (s) | 0.015 |
| 23 | लक्ष्मी पिता डोरीलाल जाति नौरिया पता नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 20/3/5 (s) | 0.012 |
| | | भूमिस्वामी | 19/4 (s) | 0.144 |
| 24 | कल्याण पिता छोटेलाल जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 20/1 (s) | 0.136 |
| | | | 15 (s) | |
| 25 | इमरती बाई बेवा स्व. केदार दशरथ प्रभुनारायण पिता स्व. केदार सेवती बाई पुत्री स्व. केदार जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 29 (s) | 0.413 |
| | | भूमिस्वामी | 113/4 (s) | 0.051 |
| 26 | रोशनसिंह पिता भोजराज सिंह लोधी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 14/ (s) | 0.128 |
| 27 | हरीबाई पति छोटेलाल दुर्गेश पिता भूमिस्वामी छोटेलाल कीर्ति पिता छोटेलाल प्रमोद कुमार नाबालिग पिता छोटेलाल संरक्षक मां. हरिबाई प्रीति नाबालिग पिता छोटेलाल संरक्षक मां हरिबाई जाति लोधी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 14/2/1 (s) | 0.090 |
| | | | 13 (s) | 0.128 |
| 28 | हेमराज पिता डोरीलाल जाति नौरिया पता नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 20/2/1 (s) | 0.013 |
| 29 | विनय पिता डोरीलाल जाति नौरिया पता नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 20/2/2 (s) | 0.013 |

| क्र. | हितवद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | स्वामित्व का प्रकार | खसरा नंबर | अर्जित रकवा |
|---|---|---|---|---|
| 30 | विनोद पिता डोरीलाल जाति नौरिया पता नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 30/2/3 (s) | 0.013 |
| 31 | मायाबाई पिता डोरीलाल जाति नौरिया पता नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 30/2/4 (s) | 0.013 |
| 32 | शांतिबाई बेवा अन्नीलाल जाति ढीमर छिंदवाड़ा नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 20/3 (s) | 0.056 |
| 33 | पीतम पिता करनसिंह जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 21/1 (s) | 0.094 |
| | | | 22/2/2 (s) | 0.024 |
| 34 | रेवाराम पिता करनसिंह जाति नौरिया पता घाटपिंडरई नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 22/2/1 (s) | 0.024 |
| 35 | धनीराम पिता नन्हो बी उर्फ नन्हेलाल मुन्नीबाई पूनाबाई पुत्री नन्हो बी उर्फ नन्हेलाल जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 22/1 (s) | 0.291 |
| 36 | तुलसीराम पिता करनसिंह जाति लोधी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 23 (s) | 0.235 |
| 37 | अरविंद पिता कुन्जीलाल जाति लोधी सा. देह करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 14/2/2 (s) | 0.010 |
| 38 | हज्जू उर्फ रज्जु पिता करनसिंह जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 21/2 (s) | 0.086 |
| | | | 22/2/3 (s) | 0.024 |
| 39 | आशाराम पिता करनसिंह जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 21/3 (s) | 0.087 |
| | | | 22/2/4 (s) | 0.024 |
| 40 | पारवतीबाई उर्फ भागवतीबाई पति करनसिंह जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 22/2/5 (s) | 0.024 |
| 41 | बट्टोबाई पत्नि नब्बू संतु धनाबाई मिंदोबाई द्रोपतीबाई पिता नब्बू शांतिबाई पति गोटीराम अनिल अनीता सुनीता सुषमा पिता गोटीराम घुल्ला उर्फ घुल्ले पिता कोदूलाल जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 24 (s) | 0.256 |
| | | | 25/1 (s) | 0.080 |
| 42 | गनेश वल्द वल्ले जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 25/2 (s) | 0.210 |
| | | | 26/1 (s) | |
| 43 | हाकम पिता भारत वीरेन्द्र पिता टेकम जितेन्द्र पिता कन्हैया लाल जाति लोधी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 25/3 (s) | 0.130 |
| | | | 26/3 (s) | 0.065 |
| 44 | कन्हैयालाल हाकम सरोज कुजन पिता भारतसिंह वीरेन्द्र पिता टेकम जाति लोधी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 26/3 (s) | 0.036 |
| 45 | मानकुंवर बाई पति गिरवरसिंह जाति लोधी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 27 (s) | 0.053 |
| 46 | लालसिंह पिता राजाराम जाति लोधी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 28/1 (s) | 0.180 |
| | | | 28/2 (s) | 0.218 |
| | | | 28/3 (s) | 0.218 |
| | | | 28/4 (s) | 0.180 |
| 47 | फूलसिंह पिता रामचरन जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 32/1 (s) | 0.310 |
| | | | 33/1 (s) | |
| 48 | हल्कीबाई पुत्री रामचरन जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 32/3 (s) | 0.160 |
| | | | 33/3 (s) | |
| 49 | नन्हे उर्फ नंदू पिता रामचरन जाति नौरिया पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 32/5 (s) | 0.202 |
| | | | 33/5 (s) | |
| 50 | कम्मू उर्फ कोमल पिता रामचरन जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 32/7 (s) | 0.300 |
| | | | 33/7 (s) | |
| 51 | गजराज बुटटन पिता हुल्कर जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 34/1 (s) | 0.121 |
| | | | 35/2 (s) | |
| | | | 36/1 (s) | |
| 52 | यहवरन चूरामन भीकम जयबाई पिता रूपसिंह जाति धोबी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 37/1 (s) | 0.250 |
| | | | 38/2 (s) | |
| 53 | गजराज पिता हुल्कर जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 37/2 (s) | 0.150 |
| | | | 38/3 (s) | |
| 54 | रूपसिंह पिता रतनसिंह जाति धोबी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 38/1 (s) | 0.275 |
| 55 | सुखराम पिता हुकुम उर्फ बड्डा जाति धोबी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 39/1 (s) | 0.337 |
| 56 | लालसिंह पिता जगन जाति धोबी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 39/2 (s) | 0.280 |
| 57 | सोमती बाई पति धन्नू बृजेश मुकेश लखन रब्बीबाई अंजोबाई रोशनी पिता धन्नू मुन्नीबाई पिता सुखराम नेतराज गोविंद लज्जाबाई पिता सुखराम बाबूलाल नाबालिग पिता सुखराम संरक्षक मां मुन्नीबाई उमाबाई नाबालिग पिता सुखराम संरक्षक मां मुन्नीबाई जाति ढीमर पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 40/1 (s) | 0.245 |
| | | | 40/2 (s) | 0.270 |
| | | | 41 (s) | 0.035 |
| 58 | पूरनलाल पिता विजयसिंह जाति लोधी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 43/1,2,3,4 (s) 44/1,2,3,4 (s) 45/1,2,3 (s) 46 (s) | 0.324 |
| 58 | वीरन सिंह पिता विजय सिंह जाति लोधी पता समनापुर करेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 43/5 (s) 44/5 (s) 45/5 (s) | 0.136 |
| | कुल योग | | | 10.194 |

यह अधिसूचना इससे संबंधित सभी व्यक्तियों के लिये भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (2013 का 30 ) की धारा 11 (1) उपबंधों के अधीन जारी की गई है। राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक- एफ भोपाल दिनांक एफ 16-15 ( 7 ) - 2014- सात - शा, 2ए भोपाल दिनांक 29.09.2014 जिसका मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 03.10.2014 के पृष्ठ क्रमांक 2895 पर प्रकाशन किया गया है। उक्त अधिसूचना के परिपालन में प्रभारी अधिकारी भू-अर्जन नरसिंहपुर को अधिनियम की धारा - 12 द्वारा दी गई शक्ति का प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया जाता हैं । सरकार, उक्त अधिनियम की धारा-12 में यथा उपबंधित एवं विनिर्दिष्ट कार्यपालन यंत्री रानी अवंती वाई लोधी सागर नहर संभाग नरसिंहपुर और उसके कर्मचारिवृंद को भूमि में प्रवेश करने और उसका सर्वेक्षण करने, किसी भी भूमि के स्तर लेने, अवमृदा में खुदाई करने या वेधन करने और अपने कार्य के उचित निष्पादन के लिये अपेक्षित सभी अन्य कार्य करने के लिये प्राधिकृत करती है। अधिनियम की धारा-11 (4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना ऐसी अधिकारी के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नहीं करेगा या कोई भी संव्यवहार नहीं होने देगा अर्थात क्रय / विक्रय आदि नहीं करेगा या ऐसी भूमि पर कोई भी विल्लंगम सृजित नहीं करेगा। अधिनियम की धारा - 15 (1) के अधीन यथा उपबंधित इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर किसी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर (कक्ष क्रमांक- 84, भू-अर्जन शाखा, नरसिंहपुर) अथवा कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नरसिंहपुर कार्यालय में आपेक्ष यदि कोई हो फाईल किए जा सकेंगे। भूमि से संबंधित रेखांकन अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नरसिंहपुर कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कार्य समय के दौरान देखा जा सकता है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार ।**

( मणिन्द्र कुमार सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी
नरसिंहपुर

G-19559/25


(शीतला पटले)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग
जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

## चिंतन

# पुतिन ने ट्रंप के जख्मों पर नमक छिड़क दिया

अमेरिका लगातार भारत पर दबाव बनाने की कोशिशों में जुटा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक के बाद ऐसे फैसले ले रहे हैं, जिससे भारत के हितों को सीधा नुकसान हो। पहले अमेरिका जाने वाले सामान पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद एचबी-1 वीजा नियमों को दुश्वर कर सीधे-सीधे भारत को प्रभावित करने का ही प्रयास था। इसके अलावा दवाओं पर टैरिफ और फिल्मों पर टैक्स लगाने के पीछे भी भारत को नुकसान पहुंचाने का ही इरादा नजर आता है, लेकिन भारत ने ट्रंप प्रशासन के हर कदम पर संतुलित टिप्पणी की। अमेरिका लगातार दबाव बना रहा है कि जब तक भारत रूस से तेल खरीदना बंद नहीं करेगा तब तक भारत पर लगे टैरिफ वापस नहीं होंगे। अब ट्रंप के इन कदमों का जवाब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दिया है। उन्होंने साफ कर दिया कि भारत झुकने वाला नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कभी भी ऐसा फैसला नहीं करेंगे, जो भारत की संप्रभुता के खिलाफ हो। उन्होंने कहा कि अगर रूस के ट्रेड पार्टनर्स पर ऊंचे टैरिफ लगाए गए, तो इसका असर पूरी दुनिया की ऊर्जा कीमतों पर पड़ेगा। कीमतें बढ़ेंगी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व को मजबूरी में ब्याज दरें ऊंची रखनी होंगी, जिससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था धीमी पड़ जाएगी। पुतिन केवल यही तक नहीं रुके, उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि रूस भारत और चीन जैसे देशों का आभारी है जिन्होंने ब्रिक्स की स्थापना की। ये ऐसे देश हैं जो किसी का पक्ष नहीं लेते और सच में ऐसी दुनिया बनाने की कोशिश करते हैं, जहां सबको न्याय मिले। पुतिन का यह कथन भारत का समर्थन करने वाला तो है, साथ ही अमेरिका और ट्रंप प्रशासन को खीजाने वाला भी है। डोनाल्ड ट्रंप किसी भी कीमत पर शांति का नोबेल पुरस्कार पाना चाहते हैं। ट्रंप के पिछले कई बयानों से साफ नजर आ रहा है कि वह नोबेल प्राइज पाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। रूस और यूक्रेन की जंग भी पुतिन इसलिए शांत कराना चाहते हैं कि इसका क्रेडिट लेकर वह नोबेल पुरस्कार के लिए अपनी दावेदारी को और मजबूत कर सकें, लेकिन पुतिन ट्रंप की किसी भी शर्त को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। यूक्रेन से जंग पुतिन अपनी शर्तों पर खत्म करना चाहते हैं, लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की इसके लिए राजी नहीं है। उधर इजराइल-फिलीस्तीन जंग रुकवाने पर हमास भी उनकी शर्ते मानने को तैयार होता नजर नहीं आ रहा। यहां भी उन्हें जोर का झटका लगता नजर आ रहा है। हालांकि पाकिस्तान ने तो उनका नाम नोबेल के लिए प्रस्तावित किया है, ये दोनों युद्ध उनके सपने को चूर-चूर करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में पुतिन के कड़वे कथन जले पर नमक छिड़कने जैसे हैं। इससे ट्रंप कुछ और कदम उठा सकते हैं, जैसे यूरोपीय देशों पर इस बात के लिए दबाव बना सकते हैं कि वे भी भारत पर टैरिफ लगाएं। इसके पीछे ट्रंप ये वजह बता सकते हैं कि रूस अब खुलकर भारत का समर्थन कर रहा है। पहले ही नाटो चीफ भारत के खिलाफ बयानबाजी कर चुके हैं। वैसे भी वो यूरोपियन देशों को पत्र लिखकर रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाने का आग्राह कर चुके हैं। अब भारत को भी वो साथ लपेट सकते हैं। हां, पुतिन ने एक बात बिलकुल सही कही कि अमेरिका भारत जैसे देशों पर रूसी ऊर्जा न खरीदने का दबाव डालता है, जबकि खुद यूरेनियम के लिए रूस पर निर्भर है। अमेरिका ने इसका जवाब ही नहीं दिया। अब जबकि पुतिन ने कहा है तो पूरी दुनिया में संदेश जाएगा कि अमेरिका हर काम केवल और केवल अपने स्वार्थ के लिए करता है। इसके अलावा कुछ नहीं।

# वैश्विक परिप्रेक्ष्य में अमेरिकी 'शटडाउन'



आर्थिकी
दिनेश शर्मा 'दिनेश'

> अमेरिका शटडाउन से गुजर रहा है, जिससे विश्वभर में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। आमतौर पर शटडाउन राजनीतिक गतिरोध या बजट विवाद के कारण होता है और इसका प्रभाव न केवल देश की आर्थिक गतिविधियों पर पड़ता है, बल्कि आम जनता और व्यापार पर भी देखने को मिलता है। शटडाउन की स्थिति अमेरिका में बार-बार आती है, क्योंकि वहां का संघीय बजट पूरी तरह से कांग्रेस के अनुमोदन पर निर्भर करता है। आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, युद्ध और आर्थिक अस्थिरता जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब अमेरिका का शटडाउन केवल उसकी आंतरिक समस्या नहीं, बल्कि वैश्विक चिंता का विषय बन जाता है।

अमेरिका शटडाउन से गुजर रहा है, जिससे विश्वभर में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। दरअसल, शटडाउन वह स्थिति है जब सरकार अपने खर्चों के लिए आवश्यक बजट पास नहीं कर पाती और उसके कई विभाग तथा सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दी जाती हैं। इस दौरान केवल जरूरी सेवाएं जैसे सुरक्षा, आपातकालीन अस्पताल, और सेना चालू रहती हैं, जबकि गैर-जरूरी सरकारी कार्यालय और योजनाएं बंद हो जाती हैं। सरकारी कर्मचारी बिना वेतन के छुट्टी पर चले जाते हैं और जनता को भी कई सरकारी सुविधाओं और सेवाओं का लाभ नहीं मिलता। आमतौर पर शटडाउन राजनीतिक गतिरोध या बजट विवाद के कारण होता है और इसका प्रभाव न केवल देश की आर्थिक गतिविधियों पर पड़ता है, बल्कि आम जनता और व्यापार पर भी देखने को मिलता है। दुनिया में ऐसा अमेरिका के अलावा ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया जैसे देशों में भी हुआ है। ये अलग बात है कि शटडाउन की स्थिति अमेरिका में बार-बार आती है, क्योंकि वहां का संघीय बजट पूरी तरह से कांग्रेस के अनुमोदन पर निर्भर करता है। अन्य देशों में ऐसी स्थिति कम होती है या इसे वित्तीय गतिरोध का नाम दिया जाता है।

अमेरिका में शटडाउन का इतिहास काफी लंबा है। पहली बार 1980 में यह स्थिति बनी थी और उसके बाद से कई बार सरकारें बंद होने के कगार पर पहुंची या वास्तविक रूप से ठप हुई हैं। वर्ष 1995-96 में राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और रिपब्लिकन पार्टी के बीच टकराव इतना गहरा गया कि 21 दिनों तक सरकारी कामकाज प्रभावित रहा। यह उस समय तक का सबसे लंबा शटडाउन था, जिसने अमेरिकी जनता को झकझोर दिया। इसके बाद 2013 में बराक ओबामा के कार्यकाल में स्वास्थ्य बीमा योजना 'ओबामाकेयर' को लेकर विवाद हुआ और 16 दिनों तक सरकारी तालेबंदी चली। फिर 2018-19 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विपक्ष के बीच मैक्सिको सीमा पर दीवार निर्माण के लिए फंडिंग को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि सरकार 35 दिनों तक बंद रही। यह अब तक का सबसे लंबा और सबसे महंगा शटडाउन साबित हुआ, जिससे न केवल अमेरिकी कर्मचारियों की जेब खाली हुई, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था भी हिल गई थी। शटडाउन केवल बजट का संकट नहीं है, बल्कि अमेरिकी राजनीति की खींचतान और समझौते की विफलता का प्रतीक है। 2018-19 के शटडाउन में आठ लाख से अधिक कर्मचारियों पर सीधा असर पड़ा था। इस बार अमेरिका में संघीय सरकार का शटडाउन 1 अक्टूबर, 2025 को सुबह 12:01 बजे शुरू हुआ। यह शटडाउन कांग्रेस में बजट को लेकर रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स के बीच जारी गतिरोध के कारण हुआ। रिपब्लिकन ने स्वास्थ्य बीमा सब्सिडी में कटौती और विदेशी सहायता में कमी की योजना बनाई थी, जबकि डेमोक्रेट्स ने इन प्रस्तावों का विरोध किया। इस राजनीतिक असहमति के कारण सरकार का बजट पास नहीं हो सका, जिससे शटडाउन की स्थिति उत्पन्न हुई। इसके परिणामस्वरूप लगभग 800,000 संघीय कर्मचारी अस्थायी रूप से छुट्टी पर भेजे गए, जबकि 700,000 से अधिक कर्मचारी बिना वेतन के काम कर रहे हैं। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, यह शटडाउन अमेरिकी अर्थव्यवस्था को प्रति सप्ताह \$7 से \$15 बिलियन का



नुकसान पहुंचा सकता है, जिसमें जीडीपी में 0.1% की गिरावट और 43,000 अतिरिक्त बेरोजगार शामिल हैं। यदि यह शटडाउन लंबा चलता है, तो यह उपभोक्ता खर्च, निवेशक विश्वास और नीति निर्माण पर दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकता है। इस तरह के शटडाउन का असर केवल अमेरिकी समाज तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसके दूरगामी परिणाम होते हैं। सबसे पहले तो वहां के कर्मचारी और आम लोग प्रभावित होते हैं, जहां लाखों परिवारों का मासिक बजट डगमगा जाता है। कई छोटे व्यवसाय, जो सरकारी अनुबंधों पर निर्भर हैं, दिवालिया होने की स्थिति में पहुंच जाते हैं और नागरिक सुविधाएं ठप हो जाती हैं। शिक्षा और अनुसंधान जैसे क्षेत्र बुरी तरह बाधित होते हैं, नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों के मिशन स्थगित हो जाते हैं तथा पासपोर्ट और वीज़ा सेवाएं रुकने से विदेश यात्रा पर असर पड़ता है। जैसे-जैसे शटडाउन लंबा चलता है, अमेरिका की जीडीपी पर नकारात्मक असर बढ़ने लगता है। अमेरिकी कांग्रेस की बजट ऑफिस के आंकड़े बताते हैं कि 2019 के शटडाउन में ही देश को लगभग 11 अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ था। विदेशी निवेशक असमंजस में रहते हैं और वॉल स्ट्रीट में गिरावट या उतार-चढ़ाव बढ़ जाता है। आर्थिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर शटडाउन तीन सप्ताह से अधिक चलता है, तो यह तिमाही जीडीपी वृद्धि दर को आधा प्रतिशत तक घटा सकता है, लेकिन यह प्रभाव केवल अमेरिकी अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं रहता। अमेरिका विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और आयात-निर्यात का प्रमुख केंद्र है। वहां का संकट वैश्विक बाजार को झकझोर देता है। जब अमेरिकी शेयर बाजार नीचे जाता है, तो उसकी गूंज यूरोप और एशिया तक सुनाई देती है। डॉलर की अस्थिरता अन्य मुद्राओं को भी प्रभावित करती है। तेल के दामों पर असर पड़ता है, क्योंकि अमेरिका सबसे बड़ा उपभोक्ता है। विकासशील देशों में आईटी, निर्यात और सेवा क्षेत्र अमेरिका पर निर्भर रहते हैं। भारत की आईटी कंपनियां, जो अमेरिकी अनुबंधों पर आधारित हैं, भुगतान और परियोजनाओं में देरी से प्रभावित होती हैं। इसके अलावा, वीज़ा और इमिग्रेशन सेवाओं के ठप होने से छात्रों और पेशेवरों को परेशानी झेलनी पड़ती है। विदेशी निवेश की रफ्तार भी धीमी हो जाती है। भारत जैसे देश के लिए यह स्थिति इसलिए भी गंभीर है, क्योंकि यहां का बड़ा आईटी उद्योग अमेरिकी कंपनियों से जुड़ा हुआ है। जब अमेरिका में शटडाउन होता है, तो सरकारी अनुबंधों पर काम करने वाली भारतीय कंपनियों को भुगतान मिलने में देर होती है। यही कारण है कि भारत की अर्थव्यवस्था भी परोक्ष रूप से इस संकट से प्रभावित होती है। जब अमेरिका आंतरिक संकट में उलझता है, तो उसकी वैश्विक सक्रियता घट जाती है। शटडाउन से बचने के उपायों पर लगातार चर्चा होती रही है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अमेरिका को अपनी बजट प्रक्रिया में सुधार करना चाहिए और अस्थायी फंडिंग के बेहतर इंतजाम करने चाहिए, ताकि गैर-जरूरी सेवाएं भी रुकें नहीं। इस पूरे परिदृश्य से यही संदेश मिलता है कि शटडाउन अमेरिकी लोकतंत्र का वह चेहरा है, जहां राजनीति और प्रशासन आमने-सामने आ जाते हैं और जनता के हित पीछे छूट जाते हैं। अस्थायी समझौते निकल भी जाएं, लेकिन समस्या की जड़ तब तक बनी रहती है, जब तक कि राजनीतिक इच्छाशक्ति मजबूत नहीं होगी। अमेरिका वैश्विक नेतृत्व करता है, इसलिए वहां का संकट दुनिया की अर्थव्यवस्था और राजनीति दोनों को प्रभावित करता है। आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, युद्ध और आर्थिक अस्थिरता जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब अमेरिका का शटडाउन केवल उसकी आंतरिक समस्या नहीं, बल्कि वैश्विक चिंता का विषय बन जाता है।

( लेखक शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मममम



डॉ. मोनिका शर्मा

# मैट्रिमोनियल साइट्स पर सजगता आवश्यक

हाल ही में बिलासपुर में एक उनतीस वर्षीय इंजीनियर ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। यह घटना वैवाहिक रिश्ते जोड़ने वाली साइट्स पर सतर्कता बरतने की चेतावनी देती है। आत्महत्या करने वाले युवा के पास मिले सुसाइड नोट में लिखा था कि उसे प्यार में धोखा मिला। झूठे दुष्कर्म के मामले ने उसके जीवन को बिखेर दिया। ध्यातव्य है कि मैट्रिमोनियल साइट शादी डॉट कॉम के जरिए दिल्ली की एक युवती से पहचान के बाद दोनों में करीबी रिश्ता बना था। नजदीकियां बढ़ने के बाद अचानक युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगाकर केस दर्ज करा दिया था। दुष्कर्म के मामले में युवक को जेल जाना पड़ा। जमानत पर छूटने के बाद से ही वह गहरे तनाव में था। परिचितों के अनुसार जमानत के बाद से ही मिलनसार और सहज व्यक्तित्व वाले इस युवा को मानसिक रूप से बेहद परेशान, उदास और अकेलेपन के घेरे में देखा।


ऐसे में सम्बन्धों के जुड़ने या टूटने के दौर में मानसिक उलझनों के घेरे से लेकर झूठे आरोपों के जाल तक, यह मामला सतर्क रहने की बात लिए है। वस्तुतः, मैट्रिमोनियल साइट्स पर धोखाधड़ी, शोषण और झूठी पहचान के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं। पुरुष ही नहीं, महिलाएं भी ठगी का शिकार बनती हैं। बीते दिनों पुणे में पच्चीस वर्षीय महिला डॉक्टर ने भी शादी का झूठा वादा करने वाले व्यक्ति के झांसे में आकर आत्महत्या की थी। ज्ञात हो कि पहले से शादीशुदा आरोपी ने जीवनसाथी डॉट कॉम पर खुद को अविवाहित बताकर अपनी प्रोफाइल बनाई और महिला के साथ संबंध बनाए। साथ ही झूठे झांसे में लेकर उससे 10 लाख रुपये भी ऐंठ लिए। मैट्रिमोनियल साइट्स पर युवतियों के साथ झूठी पहचान बताकर शोषण और पुरुषों के साथ ठगी एवं झूठे मामले दर्ज करवाने के वाकये इन साइट्स पर होने वाली जालसाजी को स्पष्ट रूप से सामने रखते हैं। कई लोग तो छल-कपट कर शादी तक कर लेते हैं। हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि मैट्रिमोनियल साइट पर जानबूझकर वैवाहिक स्थिति को गलत तरीके से पेश करना शादी को रद्द करने का एक वैध आधार है। इस मामले में एक महिला की याचिका में कहा गया था कि पति ने मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर 'कभी विवाहित नहीं' बताकर न केवल अपने पहले विवाह की बात छिपाई बल्कि अपनी कमाई भी बढ़ा-चढ़ाकर बताकर धोखाधड़ी की। विवाह को रद्द करते हुए न्यायालय ने कहा कि किसी की मैरिटल हिस्ट्री को जानबूझकर गलत तरीके से प्रस्तुत करना कोई मामूली चूक नहीं है, बल्कि विवाह की जड़ तक पहुंचने वाले तथ्यों को स्पष्ट रूप से छिपाना है।' बीते कुछ वर्षों में बिखरती सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था के चलते बड़ी संख्या में लोग मैट्रिमोनियल साइट्स के माध्यम से जीवनसाथी की तलाश करने लगे हैं। परिचित सगे-संबंधियों से अलग ऑनलाइन वेबसाइट या ऐप रूपी वैवाहिक साइट्स पर अनजाने चेहरों के लिए सच छिपाना आसान होता है। इसी के चलते वर्चुअल संसार में झूठी घोषणाएं कर ख़ूब जालसाजी की जाती हैं। इतना ही नहीं, बहुत से मैट्रिमोनियल साइट्स डेटिंग एप्स भर बनकर रह गए हैं।

कई युवक-युवतियां इरादतन दूसरों को गुमराह करने के लिए ही अपनी प्रोफाइल बनाते हैं। विवाह जैसे संवेदनशील मामले में भावनात्मक मोर्चे पर भी लोगों के साथ खूब फरेब किया जाता है। कुछ समय पहले पुणे की एक उच्च शिक्षित युवती से शादी के नाम पर 3.16 करोड़ रुपये की ठगी की गई। मैट्रिमोनियल साइट पर पहचान होने के बाद आरोपी ने खुद को विदेश की नामी कंपनी का सीईओ बताया और व्हाट्सएप कॉल्स के माध्यम से नजदीकियां बढ़ाईं। युवती द्वारा शादी का फैसला किए जाने के बाद भरोसे का फायदा उठाकर बीमारी और कर्ज चुकाने के नाम पर रुपए ऐंठने की यह जालसाजी की। असल में वैवाहिक संबंध जोड़ने वाले हर प्लेटफॉर्म पर जीवनसाथी ढूंढते हुए सजग रहना बेहद आवश्यक है।

इन वर्चुअल मंचों पर मौजूद हर प्रोफाइल विश्वसनीय नहीं होती। आरोप-प्रत्यारोप के खेल से बचने के युवक-युवतियां अपने परिजनों को भी मैट्रिमोनियल साइट्स पर किसी के साथ हो रही बातचीत की जानकरी दें। इतना ही नहीं, बात आगे बढ़ने पर व्यक्तिगत रूप मिलने के दौरान भी अपनों का साथ आवश्यक है। वैवाहिक सम्बन्धों के मामले में स्वजनों का साथ न केवल सुरक्षा, संबल और सही सलाह के लिए बल्कि किसी तरह की जालसाजी से बचने के लिए भी जरूरी है।

( लेखिका प्रसिद्ध स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है



संकलित
दर्शन

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम। मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। उसका मन सदा ब्रह्म सत्य, जगत मिथ्या, इसी बोध की ओर जाता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती।

## मृत्यु के बाद के साथी



संकलित
प्रेरणा

एक व्यक्ति के तीन घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने जीवन भर उसका साथ निभाया। जब वह मरने की अवस्था के निकट पहुँचा तो अपने मित्रों को पास बुलाकर बोला- अब मेरा अंतिम समय आ गया है। तुम लोगों ने आजीवन मेरा साथ दिया है। मृत्यु के बाद भी क्या तुम लोग मेरा साथ दोगे? पहला मित्र बोला- मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ निभाया। लेकिन अब मैं बेबस हूँ। इससे आगे अब मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता हूँ। दूसरा मित्र बोला- मैं मृत्यु को नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर परिस्थिति में साथ दिया है। तुम्हारे जाने के बाद, मैं यह सुनिश्चित करूँगा कि तुम्हारी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया यथावत संपन्न हो। तीसरा मित्र बोला- मित्र! तुम तनिक भी चिंता मत करो, मैं मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूँगा, तुम जहाँ भी जाओगे, मैं तुम्हारे साथ रहूँगा। मनुष्य के ये तीन घनिष्ट मित्र हैं- धन, परिवार एवं कर्म। इन तीनों में से मनुष्य के कर्म ही मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं। धन समय को साथ यहां छूट जाता है। उसे मनुष्य मृत्यु के बाद अपने साथ नहीं ले जा सकता। यही स्थिति परिवार की होती है। मृत्यु के बाद व्यक्ति के साथ उसका परिवार भी नहीं जाता। सिर्फ इस संसार में किए गए अच्छे कर्म ही मृत्यु के उपरान्त उसके साथ जाते हैं।

## सटाका





## आज की पाती

### महात्मा गांधी जी के आदर्श

राजनेताओं और अन्य लोगों ने विभिन्न तरीकों से गांधी जयंती मनाई और दूसरों को नसीहत देते हुए कहा कि हमें गांधी की शिक्षाओं को अपनी जिंदगी में अपनाना चाहिए। लेकिन इनमें से ही कई राजनेता और अन्य लोग गांधी जी की राह पर नहीं चलते होंगे। महात्मा गांधी सभी पंथों का सम्मान करते थे, तभी तो कहते थे कि 'ईश्वर अल्लाह तेरे नाम, सबको सन्मति दे भगवान।' उन्होंने हर धर्म, जाति को आपस में जोडने का काम किया था। लेकिन फिर भी महात्मा गांधी ने राष्ट्रवाद पर जोर दिया था। उन्होंने कहा था कि राष्ट्रवादी होना गर्व की बात है। उनके अनुसार राष्ट्रवादी हमेशा जात, धर्म और नस्ली भेदभाव से ऊपर की सोच रखता है। हमारे देश में बुराइयों की मुख्य वजह हमारा स्वार्थ भी है। - प्रकाश पटेल, धमतरी

## करंट अफेयर

### लंदन में गांधीजी की विरूपित प्रतिमा फिर से हुई पूर्व जैसी



लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के चबूतरे को कुछ दिन पहले नुकसान पहुंचाये जाने के बाद, गुरुवार को गांधी जयंती पर वार्षिक समारोह के आयोजन से ठीक पहले फिर से पूर्व जैसा कर दिया गया। भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने कहा कि प्रतिमा को विरूपित करने के बाद स्थानीय समुदाय का एकजुट होना, अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के समय एक प्रेरणादायक संदेश का प्रतीक है। इस घटना की सूचना रविवार शाम मेट्रोपोलिटन पुलिस को दी गई थी। दोरईस्वामी के साथ, 50 वर्ष पहले इस प्रतिमा की स्थापना में सहयोग करने वाले 'इंडिया लीग' के सदस्य तथा स्थानीय कैमडेन काउंसिल के मेयर भी थे जो इस स्मारक की देखभाल करते हैं। दोरईस्वामी ने कहा, ''यह कार्यक्रम आज होना खास तौर पर इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस है, जो गांधी जयंती भी है। साथ ही, कुछ दिन पहले प्रतिमा और उसके चबूतरे के साथ जो कुछ किया गया, वह भी इसका कारण है।'' उन्होंने कहा, /''यह विशेष रूप से दुखद है, क्योंकि यह प्रतिमा इस स्थान पर 50 वर्षों से अधिक समय से है और यह भारत-ब्रिटेन मैत्री का हिस्सा रही है।

## ऑफ बीट

### हमें युवाओं को एआई युग में देखना सिखाना होगा



बच्चे शब्दों को दृश्यों के साथ जोड़ना, अमूर्त अवधारणाओं को व्यक्त करना, और यह पहचानना सीखते हैं कि विभिन्न स्थितियों में चित्र, प्रतीक और डिज़ाइन कैसे अर्थ रखते हैं। लेकिन जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), एक ऐसा सॉफ्टवेयर है जो उपयोगकर्ता के संकेतों के आधार पर सामग्री बनाता है। जेनरेटिव एआई अब इन मूलभूत कौशलों को नया रूप दे रहा है। एआई लोगों के टेक्स्ट और चित्र दोनों को बनाने, संपादित करने और प्रस्तुत करने के तरीके को बदल रहा है। दूसरे शब्दों में, यह हमारे देखने के तरीके को बदलता है – और यह भी कि हम कैसे तय करते हैं कि क्या वास्तविक है। उदाहरण के लिए, तस्वीरों को पहले वास्तविकता का "दर्पण" माना जाता था। अब अधिक से अधिक लोग इन्हें एक "निर्मित" यथार्थ के रूप में देख रहे हैं। इसी तरह, जनरेटिव एआई ने छवियों की प्रामाणिकता को लेकर लंबे समय से चली आ रही धारणाओं को चुनौती दी है। ऐसी एआई निर्मित तस्वीरें फोटोरियलिस्टिक लग सकती हैं, लेकिन वे घटनाएँ या वस्तुएँ वास्तव में अस्तित्व में नहीं होतीं। जर्नल ऑफ विज़ुअल लिटरेसी में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन में शोधकर्ताओं ने एआई आधारित छवि निर्माण की प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में आवश्यक प्रमुख साक्षरताओं की पहचान की है – एआई टूल के चयन से लेकर सामग्री निर्माण और परिष्करण तक।


## ट्रेंड

### स्वदेशी तकनीक



तेजस लड़ाकू विमान हो, आकाश मिसाइल हो, अर्जुन टैंक हो या प्रचंड हेलीकॉप्टर- हमारी सेनाओं की ताकत स्वदेशी तकनीक से निरंतर बढ़ रही है। भारत अब रक्षा निर्यात में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आज भारत विश्व का उभरता हुआ हथियार सप्लायर बन रहा है।
- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### मेरी संवेदनाएं




भोपाल, मध्यप्रदेश में प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई दुर्घटनाओं में कई लोगों की मृत्यु, जिनमें अधिकतर बच्चे हैं, अत्यंत हृदयविदारक है। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### दिल्ली को कूड़े से आज़ादी



'दिल्ली को कूड़े से आज़ादी' अभियान ने हमें यह सिखाया है कि स्वच्छता सिर्फ कचरा हटाने का काम नहीं, बल्कि हमारी सोच, हमारी संस्कृति और जिम्मेदारी का हिस्सा है। दिल्ली की यह जागृति ही आगे विकसित भारत का मार्ग बनेगी।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### भाजपा सरकार नाकाम



आगरा में मूर्ति विसर्जन जैसे पावन अवसर पर एक बार फिर से सरकारी व्यवस्था की कमी की वजह से कई लोगों को अपनी जान गँवानी पड़ी है। बड़े आयोजनों से इंतज़ाम करने में भाजपा सरकार हमेशा नाकाम क्यों रहती है।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

हाईकोर्ट का फैसला

## कुछ शर्तों के अधीन पदोन्नति वैध रूप से दी जा सकती है

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि राज्य के हितों की रक्षा के लिए कुछ शर्तों के अधीन पदोन्नति वैध रूप से दी जा सकती है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बिभु दत्ता गुरु की खंडपीठ ने एक मामले में यह फैसला सुनाया। एक मामले में फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने यह भी माना कि आरोपों की गंभीरता और प्रशासनिक औचित्य के हित में सर्वोच्च स्तर पर यह निर्णय लिया गया। याचिका के मुताबिक अनिल सिन्हा विधि एवं विधायी कार्य विभाग में अवर सचिव के पद पर कार्यरत थे। उनकी पदोन्नति के मामले पर विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) द्वारा विचार किया गया था। महालेखाकार कार्यालय द्वारा गंभीर वित्तीय आपत्तियां उठाई गईं, जो याचिकाकर्ता की पूर्व में गलत पदोन्नति और 10 लाख 84 हजार 868 रुपए के लंबित वसूली आदेश से संबंधित थीं। इसे उन्होंने चुनौती दी। याचिका के मुताबिक मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समीक्षा डीपीसी बुलाई गई, जिसने वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों का पुनर्मूल्यांकन कर उप सचिव के पद पर पदोन्नति की सिफारिश की। पदोन्नति आदेश 17 मई 2021 को दो शर्तों के साथ जारी किया गया। इसमें कहा गया कि पदोन्नति उसकी पिछली पदोन्नति के संबंध में आपत्ति पर अंतिम निर्णय के अधीन होगी और यदि आपत्ति का निर्णय उसके विरुद्ध होता है, तो पदोन्नति स्वतः ही रद्द हो जाएगी। इसके बाद वार्षिक वेतन वृद्धि देने का निर्णय महालेखाकार कार्यालय द्वारा 10 लाख 84 हजार 868 रुपए के अधिक भुगतान के मुद्दे पर निर्णय लेने के बाद ही लिया जाएगा।

# जिला अस्पताल में हुआ जलपरी जैसे दिखने वाले शिशु का जन्म

सिजेरियन डिलीवरी से को जिला अस्पताल में जन्मे जलपरी जैसे दिखने वाले बच्चे को देख डाक्टर सहित स्टाफ हैरान रह गया। कहा जा रहा है कि यह देश का दूसरा व छत्तीसगढ़ का पहला केस है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर से लगे गांव की 28 वर्ष की महिला को प्रसव पीड़ा होने पर उसे डिलीवरी के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। नार्मल डिलीवरी नहीं होने पर गायनेकोलाजिस्ट ने महिला की सिजेरियन डिलीवरी कराई। शिशु को देख डाक्टर सहित ओटी की टीम हैरान रह गई। शिशु के दोनों पैर जलपरी की तरह आपस में चिपककर एक हो गए थे। ऐसा लग रहा था कि यह पूंछ है। यह दुर्लभ मरमेड बेबी तीन घंटे तक जीवित रहा था। उसके बाद शिशु की मौत हो गई। प्रसूता की डिलीवरी कराने वाली स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. रागिनी ठाकुर ने मीडिया को बताया कि 1 अक्टूबर को एक महिला को डिलीवरी के लिए जिला अस्पताल लाया गया। प्रसूता के पेट में थोड़ा भी पानी नहीं था। ऐसी स्थिति में तत्काल सीजर से डिलीवरी करानी पड़ी। शिशु के ऊपर का हिस्सा क्लीयर था। आंख, नाक, कान विकसित थे, लेकिन रीढ़ की हड्डी के नीचे का हिस्सा फ्यूज था। शिशु के नीचे का हिस्सा जलपरी की तरह पूंछनुमा था। शिशु का वजन 800 ग्राम था। तीन घंटे बाद उसकी मौत हो गई। डाक्टरी भाषा में इसे मरमेड सिंड्रोम/सिरेनोमेलिया कहा जाता है।

## 3 घंटे बाद मरमेड बेबी की हो गई मौत, छत्तीसगढ़ का पहला मामला



### मरमेड सिंड्रोम दुर्लभ

जानकारी के अनुसार मरमेड सिंड्रोम एक दुर्लभ जन्मजात विकृति है जिसमें पैर एक साथ जुड़े होते हैं। इससे एक जलपरी की पूंछ जैसी आकृति बन जाती है। इसलिए इसका उपनाम सिरेनोमेलिया पड़ा है। लड़कों में यह स्थिति लड़कियों की तुलना में तीन गुना ज्यादा देखी जाती है।

## सोसाइटी, मिलरों को राहत, धान उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़ाने का काम टला

# धान उपार्जन और कस्टम मिलिंग की नई नीति तैयार, कैबिनेट की मंजूरी के बाद होगी लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ सरकार की वर्ष 2025-26 के लिए नई धान उपार्जन नीति और कस्टम मिलिंग नीति बनकर तैयार है। बताया गया है कि नीति के प्रारूप को इसी महीने दीपावली के पहले होने वाली कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद यह नीति लागू होगी। खास बात ये है कि इस बार धान उपार्जन करने वाली सोसाइटियों और मिलिंग करने वाले मिलरों को सरकार कुछ राहत दे सकती है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार धान उपार्जन और कस्टम मिलिंग नीति को राज्य सरकार की मंत्रिमंडलीय उप समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है। समिति ने इसे अपने स्तर पर मंजूरी दे दी है, लेकिन दोनों नीतियों को लागू करने के लिए कैबिनेट की मंजूरी अनिवार्य है। छत्तीसगढ़ में खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी की शुरुआत 1 नवंबर से संभावित है। इस बार धान बेचने के लिए किसानों को ऑनलाइन टोकन मिलेगा।

### मिलरों को राहत

राज्य में धान खरीदी शुरू होने के साथ ही कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। इस व्यवस्था में नियम ये है कि धान उठाने के लिए डीओ (डिलीवरी ऑर्डर) जारी होने के बाद 10 दिनों के अंदर निर्धारित मात्रा में धान का परिवहन करना होता है। यह नहीं करने पर 11 वे दिन से मिलर पर पेनाल्टी लगनी शुरू हो जाती है, लेकिन इस बार किसानों को डीओ कटने के बाद 15 दिन का समय धान परिवहन के लिए दिया जाएगा। इसके साथ ही मिलरों को मिलिंग के लिए 80 रुपए प्रति क्विंटल प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।

### केंद्रों की संख्या बढ़ना मुश्किल

राज्य में इस बार सरकार ने धान खरीदी करने वाली सोसाइटियों के उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़ाने पर विचार किया था, इस संबंध में प्रारंभिक स्तर पर तैयारियां भी थी, लेकिन अब सूत्रों का कहना है कि उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़ा पाना मुश्किल होगा। लिहाजा ये माना जा रहा है कि वर्ष 2025-26 में उतने ही उपार्जन केंद्र होंगे जितने पिछले साल थे। राज्य में अभी भी दूरदराज के कई इलाकों में किसानों को अपना धान बेचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इस काम में उन्हे समय से साथ पैसा भी अधिक लगता है।

### वनाधिकार पट्टा धारियों का 100 प्रतिशत



राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों में वनाधिकार पट्टाधारी किसान भी शामिल होते हैं। सरकार ने इस बार तय किया है कि वनाधिकार पट्टे वाले 100 प्रतिशत किसानों की फसलों का सत्यापन खाद्य विभाग के पीवी एप से किया जाएगा। राज्य के उन सभी जिलों में जहां वनाधिकार पट्टा वाले किसान है उनकी फसलों का सत्यापन शुरू कर दिया गया है।

### शून्य सूखत पर सोसाइटियों को बोनस

राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने वाली राज्य की 2 हजार 739 सोसाइटियों को सरकार बोनस देगी। यह राशि उन सोसाइटियों को मिलेगी जिनमें धान की सूखत शून्य प्रतिशत होगी। इस तरह की सोसाइटियों को पांच रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से अतिरिक्त राशि दी जाएगी। बताया गया है कि पूर्व के वर्षों में यह व्यवस्था थी, लेकिन पिछले साल किन्ही कारणों से सोसाइटियों को यह राशि नहीं दी जा सकी था। इस वजह से शून्य प्रतिशत सूखत वाली सोसाइटियों को लाभ से वंचित होना पड़ा था।

### धान बेचने के लिए आनलाइन टोकन

राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले पंजीकृत किसानों को इस सीजन में धान बेचने के लिए टोकन हासिल करने के लिए लंबी-लंबी कतारों में नहीं खड़ा होना पड़ेगा। इस बार किसानों को ऑनलाइन माध्यम से टोकन जारी किए जाएंगे। टोकन मिलने के बाद तय तारीख पर किसान आसानी से धान बेच पाएंगे। टोकन बांटने के लिए तुंहर एप की व्यवस्था की गई है। यही नहीं, धान बेचने के लिए पहला अवसर छोटे और सीमांत किसानों को मिलेगा। इन किसानों में वे आते हैं, जिनके पास 2 एकड़ से लेकर 10 एकड़ तक जमीन है।

इकाई क्रमांक 4 की ईएसपी का मामला

## बालको का 20 साल पुराना ईएसपी संयंत्र जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको विद्युत संयंत्र की 135 मेगावाट क्षमता वाली इकाई क्रमांक 4 के इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रेसिपिटेटर अपनी निर्धारित जगह से खिसक गई और भरभरातकर जमींदोज हो गई। यह पूरा क्षेत्र मानव रहित है, जिसकी वजह से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। प्रबंधन ने घटना के कारणों की जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया है। पर्यावरणीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 135 मेगावाट क्षमता वाली इकाई क्रमांक 4 को अस्थाई रूप से बंद कर दिया है। बालको संयंत्र में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा घटित हुआ। 540 मेगावाट क्षमता वाले विद्युत संयंत्र के 135 मेगावाट क्षमता वाले इकाई क्रमांक 4 के राख फिल्टर इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रेसिपिटेटर अचानक भरभराकर नीचे आ गिरा। यह इलेक्ट्रोस्टेटिक प्रेसिपिटेटर लगभग 20 साल पुराना है।



### उच्च स्तरीय कमेटी करेगी जांच

3 अक्टूबर को 540 मेगावॉट पावर प्लांट की 135 मेगावॉट यूनिट-4 में इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रेसिपिटेटर (ईएसपी) बैग फिल्टर यूनिट अपनी निर्धारित जगह से खिसक गया है। यह क्षेत्र पूरी तरह से मानव रहित है और इस घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि या चोट नहीं हुई है। घटना के कारण की जांच उच्चस्तरीय जांच कमेटी के द्वारा करायी जाएगी। पर्यावरणीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस इकाई को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

-विजय वाजपेयी, पीआरओ बालको

# आँखों में मिर्च झोंककर 9.5 लाख की लूट का पर्दाफाश

### सतना पुलिस को 24 घंटे में मिली बड़ी सफलता

**सतना।** भैंस व्यापारियों से नौ लाख पचास हजार रुपये की सनसनीखेज लूट का मामला सतना की कोलगवां पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर सुलझा लिया है। इस बड़ी कार्रवाई में न केवल लूट का खुलासा हुआ है,बल्कि आरोपियों के कब्जे से लूटी गई राशि भी बरामद कर ली गई है। फरियादी मोहम्मद नसीम ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके मामा मकसूद सौदागर,जो भैंस खरीदी-बिक्री का व्यापार करते हैं,उन्नाव,उत्तर प्रदेश में भैंस बेचकर नौ लाख पचास हजार रुपये लेकर अपने ट्रक ड्राइवर बाल्मीक साकेत के साथ सतना पहुँचे थे। सतना में कारगिल ढाबा के पास रीवा की बस का इंतजार करते समय,बिना नंबर की एक काले रंग की अपाचे मोटर सायकिल पर तीन नकाबपोश लोग आए। मौका मिलते ही,उन्होंने नसीम और मकसूद की आँखों में मिर्ची पाउडर झोंक दिया और उन्हें कुछ दिखाई देने से पहले ही पैसों से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोलगवां,निरीक्षक सुदीप सोनी के नेतृत्व में तुरंत टीमें गठित की गईं। मुखबिरों की सूचना,सीसीटीवी फुटेज और सायबर सेल की मदद से पुलिस ने त्वरित जाँच शुरू की। गहन पूछताछ के बाद यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि लूट की साजिश किसी और ने नहीं,बल्कि व्यापारियों के ट्रक चालक बाल्मीक साकेत ने अपने साथियों अंकित साकेत, सोहेल खान और निखिल मलिक के साथ मिलकर रची थी। योजना के तहत,सोहेल खान,निखिल मलिक और इरफान ने लूट की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने इस पूरे मामले में शामिल पाँचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों केकब्जे से आठ लाख सत्तर हजार रुपये नगद,पाँच मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटर सायकिल आदि सामान जप्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपी के नाम बाल्मीक साकेत,अंकित साकेत उर्फ बंटा,फैजान खान उर्फ सोहेल,निखिल मलिक और मोहम्मद इरफान है।

## गांधी जयंती पर रीवा केंद्रीय जेल से 12 कैदी हुए रिहा

### 14 साल की सजा पूरी करने के बाद मिली छूट



**रीवा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर रीवा के केंद्रीय जेल से आजीवन कारावास की सजा काट रहे 12 बंदियों को रिहा किया गया। गांधी जयंती के शुभ अवसर पर इन कैदियों को सजा में छूट का लाभ देते हुए जेल प्रशासन ने नियमानुसार समस्त प्रक्रियाएं पूर्ण कर रिहाई सुनिश्चित की। जेल अधीक्षक एस.के. उपाध्याय ने बताया कि इन सभी कैदियों ने 14 वर्ष की जेल अवधि पूर्ण कर ली थी, जिसके पश्चात राज्य शासन से मिली छूट के तहत उनकी शेष 6 वर्ष की सजा माफ की गई। रिहा किए गए सभी कैदियों को श्रीफल भेंट कर और सम्मानपूर्वक जेल से विदा किया गया,रिहा होने वाले कैदियों में सीधी और सिंगरौली जिले के दो-दो, अनूपपुर के तीन, शहडोल के चार तथा उमरिया जिले का एक कैदी शामिल है। इन 12 कैदियों में से 11 हत्या के मामलों में दोषी पाए गए थे, जबकि एक कैदी अनुसूचित जाति जनजाति एक्ट के तहत दोषी था।बॉक्स इन कैदियों को मिली रिहाईजियालाल बसोर, भारत सिंह,बिकनू सिंह गोंड, सतेंद्र सिंह परिहार, देवलाल सिंह,रामराज गौड,धनीराम सिंह,ललन पाव,रामनरेश बैगा,संतोष कुमार सिंह,रामू बसोर, राकेश द्विवेदी जेल प्रशासन के अनुसार, इन सभी कैदियों का व्यवहार जेल में संतोषजनक रहा और इन्होंने सुधार की दिशा में गंभीर प्रयास किए। इसी के आधार पर राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली विशेष क्षमा योजना के अंतर्गत इनकी रिहाई संभव हो सकी। बॉक्स समाज में पुनर्वास की ओर कदमरिहा किए गए कैदियों को यह सलाह दी गई है कि वे अब सामान्य जीवन में लौटकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ें और पुनर्वास की दिशा में सकारात्मक पहल करें।

# बगौता में शिवहरे परिवार के घर ईडी ने मारा छापा

**छतरपुर।** जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम बगौता में शुक्रवार की सुबह करीब 6 बजे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने शिवहरे परिवार के निवास पर छापा मारा। भोपाल से आई 5 सदस्यीय टीम, 4 पुलिसकर्मियों के साथ घर में दाखिल हुई और तभी से लगातार जांच जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई पूर्व नल फिटिंग ठेकेदार अनंतराम शिवहरे और पूर्व सब इंजीनियर मुकेश शिवहरे के निवास पर हुई है। मुकेश शिवहरे की पत्नी डॉ. सोनल शिवहरे भी परिवार की सदस्य हैं। बताया गया है कि ईडी की कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग या अन्य वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी हो सकती है, हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार्यवाही बेहद शांतिपूर्ण तरीके से चल रही है। टीम द्वारा घर के अंदर दस्तावेजों सहित परिवार की संपत्ति की जांच की जा रही है।

### छोटे भाई ने बेटों के साथ मिलकर बड़े भाई को पीटा

**छतरपुर।** शहर के महोबा रोड पर गुरुद्वारे के पास एक युवक शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहा था और जब उसके बड़े भाई ने उसे रोका तो उसने अपने बेटों के साथ मिलकर बड़े भाई के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित बड़े भाई ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं जिला अस्पताल में उसका इलाज किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सुबह करीब 9:30 बजे महोबा रोड पर गुरुद्वारे के पास बबलू वर्मा शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहा था, जिस पर उसके 65 वर्षीय बड़े भाई बाबूलाल वर्मा ने उसे रोकने की कोशिश की। इसी बात से नाराज होकर बबलू ने अपने पुत्र प्रिंस और तरुण के साथ मिलकर बाबूलाल पर हमला कर दिया। बाबूलाल को बचाने पहुंचे उसके पुत्र विजय कुमार के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। घायल अवस्था में पिता-पुत्र को कोतवाली थाने ले जाया गया जहां उनकी शिकायत पर मामला दर्ज हुआ। दोनों घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

# दुर्गा विसर्जन जुलूस में चाकूबाजी

### बदमाश ने पुलिस कर्मी पर किया हमला, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**शहडोल।** जिले के धनपुरी थाना क्षेत्र से दशहरे के दिन एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान ज्वालामुखी मंदिर मार्ग पर एक शातिर बदमाश ने पुलिस आरक्षक पर चाकू से हमला कर दिया। भीड़भाड़ और पुलिस की भारी मौजूदगी के बीच हुई इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। जानकारी के अनुसार धनपुरी थाने में पदस्थ आरक्षक जयप्रकाश श्रीराम जुलूस में ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान आरोपी संतबीर रजक, जो पहले से कई आपराधिक मामलों में फरार बताया जा रहा है, चाकू लेकर भीड़ में संदिग्ध रूप से घूमता नजर आया। जब आरक्षक जयप्रकाश ने उसे रोकने की कोशिश की, तो संतबीर बौखला गया और अचानक चाकू से हमला कर दिया। हमले में आरक्षक के सिर और माथे पर गंभीर चोटें आईं। साथी पुलिसकर्मियों ने घायल आरक्षक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तुरंत आसपास के इलाकों में नाकेबंदी की, लेकिन देर रात तक उसका कोई सुराग नहीं लग पाया।



बताया जा रहा है कि संतबीर रजक के खिलाफ पहले से ही कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस अब उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। त्योहार के मौके पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के दावे करने वाली पुलिस इस हमले से कटघरे में आ गई है। सवाल यह उठ रहा है कि भीड़भाड़ वाले जुलूस में चाकू जैसे घातक हथियार के साथ आरोपी कैसे पहुंच गया। घटना ने पुलिस व्यवस्था और खुफिया निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**इनका कहना है...**

आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

**खेम सिंह पेंद्रो**

## 8 अपराधियों को किया जिला बदर, चार अपराधियों को थाने में उपस्थिति के दिये आदेश

**रीवा ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने 8 आदतन अपराधियों को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर का आदेश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने 4 अपराधियों को एक वर्ष तक प्रतिमाह संबंधित थाने में उपस्थिति के आदेश भी दिये हैं। जगतपाल सिंह उर्फ जगतपाल लोनिया निवासी जयस्तंभ कबाड़ी मोहल्ला रीवा, ललई शर्मा उर्फ सूर्यभान शर्मा निवासी सेमरिया, विजय पासी निवासी बेलौहन टोला रीवा, अमन मिश्रा उर्फ राक्स निवासी समानबांध गुलाब नगर रीवा, सानू उर्फ बाबा भट्टी निवासी जालिम बाबा के पास बिछिया, नीरज माझी निवासी वार्ड क्रमांक 4 त्योंथर, सूरज प्रजापति निवासी चिरहुला मंदिर के पास रीवा तथा रामसुंदर उर्फ मुन्नू निवासी रैकवार पनवार को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। जबकि मोहम्मद शरीफ निवासी चिकान टोला रीवा, मंसूर मंसूरी निवासी कोपरेटिव बैंक के पीछे तरहटी रीवा, रहमान खान निवासी आशोक पेड़ के पास तरहटी रीवा एवं राजसिंह परिहार निवासी पुष्पराज नगर रीवा को एक वर्ष तक प्रत्येक सोमवार को संबंधित थाने में उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।

## बरही क्षेत्र के कई गांवों में तेंदुए की दस्तक, दहशत

**बरही।** तहसील क्षेत्र के आसपास के ग्रामों में करीब एक महीने से तेंदुआ की दस्तक से लोगों में भय बना हुआ है। तेंदुआ अब तक कई मवेशी व बकरी का किया शिकार कर चुका है। हीरापुर तैयाब नगर छिदिंहा टोला में डेरा जमाया था। अब बरही नगर में देखा गया। हनतला रोड बड़ा तलाब खेर मंदिर के पास तेदुओं देखे जाने से नगरवासियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। तेंदुआ को पकड़ने के लिए वन विभाग के सारे जुगाड़ फैल हो रहे है। पिंजड़ा रखा गया था जिसमें बकरा बांधा गया था जिससे तेंदूआ पिंजड़े में फंस जाए लेकिन तेंदुआ बच निकलता है। नगर के नजदीक शिकार के इंतजार में झाड़ियों में छुपकर बैठा रहता है। बरही नगर व आसपास क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोगों का कहना है वनविभाग के जिम्मेदार अधिकारी जब कोई ठोस कदम उठाएंगे तभी तेंदुए से निजात मिल सकती है।

# दशहरा देखने गए परिवार के घर हुई चोरी

## 15 लाख से अधिक के जेवरात-नगदी गायब

**शहडोल। त्यौहार के बीच चोरी की बड़ी वारदात ने पूरे ब्योहारी क्षेत्र को दहला दिया, दशहरा देखने गए परिवार के घर पर चोरों ने धावा बोलकर लाखों की संपत्ति पार कर दी, वार्ड नंबर 11 सेमारी रोड निवासी विवेक कुमार नामदेव अपने परिवार के साथ विजयदशमी का मेला देखने गए थे, इस दौरान घर खाली था और इसी मौके का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने करीब 15 लाख रुपए से अधिक मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात व नगदी पर हाथ साफ कर दिया।**

### साल भर से घात लगाए बैठे थे चोर

मकान मालिक और पड़ोसियों का कहना है कि चोर काफी समय से इस दिन का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही परिवार दशहरा देखने निकला, चोरों ने लोहे की शब्बल से दरवाजा तोडक़र घर के अंदर घुसकर दो घंटे के भीतर ही पूरा घर खंगाल डाला। वारदात के बाद चोरी में इस्तेमाल किया गया औजार घर में ही छोड़ गए।

### घर लौटे तो उड़े होश

परिवार जब दशहरा देखकर घर पहुंचा तो नजारा देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। आलमारी और बक्से टूटे पड़े थे, कीमती गहने और नगदी गायब थी,पीड़ित परिवार ने तुरंत ब्यौहारी थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराना चाहा, लेकिन वहां से उन्हें यह कहकर लौटा दिया गया कि थाने में कोई ऑपरेटर नहीं है, बाद में रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।





### 110 किलोमीटर दूर पहुंचा परिवार

थाने की बेरुखी से आहत परिवार मजबूर होकर 110 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय पहुंचा और पुलिस अधीक्षक से मिलकर गुहार लगाई, तब जाकर शिकायत दर्ज की गई। त्योहार के मौके पर हुई इस बड़ी वारदात और थाने की उदासीनता को लेकर आम जनता में आक्रोश है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि अगर थाना स्तर पर ही रिपोर्ट दर्ज नहीं होगी तो, आम आदमी न्याय के लिए भटकता ही रहेगा।

## रावण दहन देखने गए रिटायर्ड प्रिंसिपल के घर चोरी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के पौनी में एक रिटायर्ड प्रिंसिपल परिवार के साथ रावण दहन देखने गए थे, तभी उनके घर में चोरी हो गई। मलाजखंड थाना पुलिस के मुताबिक, रिटायर्ड प्रिंसिपल ललित मिश्रा ने बताया कि वह और उनकी पत्नी माला मिश्रा दशहरा मैदान में रावण दहन देखने गए थे। लगभग दो घंटे बाद जब वे घर लौटे तो उन्होंने देखा कि सामने का चैनल गेट और दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर चोरी कर ली। वे घर से लगभग 25 से 30 तोला चांदी (जिसमें चांदी के जेवर, दो चांदी के गिलास और चांदी के सिक्के शामिल हैं। 50 से 60 हजार रुपए नकद और एक 43 इंच की टीवी चोरी कर ली। चोरी गए सामान की कीमत लाखों में बताई जा रही है। ललित मिश्रा ने तत्काल इसकी सूचना नागपुर में रह रहे अपने बेटे अविनाश मिश्रा और पुलिस को दी। इसके बाद मलाजखंड पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर जांच शुरू की। शुक्रवार को ललित मिश्रा और उनके बेटे अविनाश मिश्रा ने मलाजखंड थाने में विधिवत शिकायत दर्ज कराई। चोरी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने बालाघाट से फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वॉड टीम को मौके पर बुलाया। मलाजखंड पुलिस ने बताया कि शिकायत दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने जल्द ही चोरों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। जिले में संपत्ति चोरी की वारदातों पर अंकुश नहीं लग पाने से लोगों में भय और रोष का माहौल है। चोर लगातार मौके का फायदा उठाकर सूने घरों को अपना निशाना बना रहे हैं, जिससे जिले की कानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

# आदि शक्ति जगदम्बे को विदाई देने उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## विजयादशमी चल समारोह में रामलीला की झांकियों ने शमां बांधा









**जबलपुर। शारदेय नवरात्र पर्व का समापन गुरुवार को विजयादशमीं पर रावण, कुंभकरण, मेघनाथ के पुतलों के दहन और दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ हो गया। गुरुवार की सुबह से ही प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला प्रारंभ हो गया था। जो प्रतिमाएं जुलूस में शामिल नहीं होती, उनमें से कई सुबह से बाजे-गाजे के साथ नर्मदा के भिटौली और तिलवारा कुंड के लिए रवाना हो गई थीं। प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुक्रवार को भी उपनगरीय क्षेत्रों में जारी रहा।**

### 3 घंटे लेट हुआ जुलूस

शहर में परम्परानुसार शाम को नगर निगम चौक से एक भव्य विजयादशमीं जुलूस श्री गोविंदगंज रामलीला समिति के नेतृत्व में निकाला गया। इस अवसर पर जुलूस मार्ग पर भारी संख्या में जनसैलाब मौजूद था। जय दुर्गे, जय काली, जय श्रीराम के उद्घोष के साथ शाम 7.00 के बजाये 9.30 बजे के बाद मुख्य जुलूस नगर निगम चौक से प्रारंभ हुआ। अपने परम्परागत मार्गों से यह जुलूस हनुमानताल सरोवर पहुंचा, जहां प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

### पहली प्रतिमा का रात 2 बजे विर्सजन

पहली प्रतिमा जहां रात 2 बजे विसर्जित की गई, वहीं अंतिम प्रतिमा का विसर्जन सुबह 11 बजे तक हुआ। जुलूस में प्रतिमाओं की संख्या साल दर साल घटती जा रही है। इस साल 21 दुर्गा प्रतिमाएं चल समारोह में शामिल हुई। गोविंदगंज रामलीला समिति की भव्य व आकर्षक 20 से अधिक झांकियों ने चल समारोह को भव्यता व आकर्षण प्रदान किया।

### झांकियों में धर्म-राजनीति-समाज का चित्रण

इस बार चलित झांकी में ऑपरेशन सिंदूर, ट्रम्प के टैरिफ वॉर पर मोदी का स्वदेशी प्रहार, पराली जलाना सही नहीं, के साथ ही इसके साथ ही आदि मानव द्वारा शिव पूजा, देव भूमि, शिवजी द्वारा मार्केंडय ऋषि को अभयदान, के अलावा कई झांकियां और पारंपरिक रावण मेघनाद कुंभकरण के पुतले जनाकषर्ण का केंन्द्र रही। वहीं राम रावण की चलित झांकी जमकर सराही गई।जुलूस में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व राज्यमंत्री शरद जैन, रामलीला समिति के अध्यक्ष अनिल तिवारी, विधायक अभिलाष पांडे, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, नेताप्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज, वरिष्ठ नेता दिनेश यादव, कमलेश रावत, पं.सतीश उपाध्याय, राकेश पाठक, रवि गुप्ता, संटू पाल आदि गणमान्य नागरिक चल रहे थे।

### 21 प्रतिमाएं शामिल

रामलीला जुलूस के बाद दुर्गा प्रतिमाओं का जुलूस प्रारंभ हुआ। परम्परानुसार नगर निगम चौक से प्रारंभ हुआ चल समारोह का समापन हनुमानताल में प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ सम्पन्न हुआ। अपने निर्धारित समय से करीब 3



घंटे विलंब से शाम 9.30 बजे से प्रारंभ हुए चल समारोह में शामिल अंतिम प्रतिमा का विसर्जन सुबह 11 बजे हुआ। इस वर्ष 21 प्रतिमाएं शामिल हुईं। मुख्य दशहरा चल समारोह के आकर्षण एवं भव्यता के साथ-साथ दर्शनार्थियों की संख्या में कमी नहीं आई, जुलूस मार्ग पर शाम ढलते ही दर्शनार्थियों की भीड़ बढने लगी थी। शाम ढलती रही और भीड़ बढ़ती गई। सडक़ के दोनों ओर छोर पर खड़े दर्शनार्थी बेसब्री से रामलीला के जुलूस की प्रतीक्षा करते रहे। शाम 7 बजे के निर्धारित समय पर रामलीला का जुलूस नगर निगम चौराहे पर पहुंच गया था लेकिन इसी बीच एक झांकी की बग्घी में दो बार खराबी आ जाने के कारण उसे सुधरवाने में टाईम लगा, तब जाकर जुलूस रात 9.30 बजे प्रारंभ हो सका। श्री गोविंदगंज रामलीला समिति का नगर निगम चौराहे पर भगवान श्री रामचन्द्र जी का पूजन अर्चना लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्यसभा सांसद श्रीमति सुमित्रा वाल्मीक, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक लखन घनघोरिया, विधायक अभिलाष पांडे, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने पूजन कर प्रारंभ कराया।

### एक दशहरा गढ़ाफाटक में भी

एक तरफ नगर निगम चौक से हनुमानताल तक दशहरा था तो दूसरी तरफ गढ़ाफाटक में श्री वृहत महाकाली महोत्सव समिति कालीधाम का अपना एक अलग ही दशहरा था। रात 9 बजे मंदिर प्रांगण से शुरु हुआ जुलूस रात 2 बजे यातायात तिराहे के पास पहुंच सका। रास्ते भर दशहरे जैसी भीड़ प्रतिमा के साथ रही। इस साल भीड़ भाड़ और धक्का मुक्की से बचते हुए बड़ी तदाद में माता रानी के दर्शन करने लोग फ्लाईओवर के ऊपर भी मौजूद रहे। तड़के 4 बजे से जब जुलूस यातायात थाने के आगे निकला तब बड़ी माता महाकाली की प्रतिमा पीछे निकली उसके बाद भी भीड़ बनी रही। जुलूस पथ पर करीब 14 घंटे जुलूस बना रहा। सुबह 11 बजे बड़ी महाकाली का हनुमानताल में विर्सजन हो सका। पिछले 5 सालों से श्री वृहत महाकाली महोत्सव कालीधाम में अपने जुलूस में परिवर्तन किया है। यह प्रतिमा तीनपत्ती चौक में नंबर लगने के बजाय रात 9 बजे के लगभग अपने उद्गम स्थल गढ़ाफाटक से जुलूस के लिए रवाना हुई और रात 2.00 बजे करीब यातायात थाने के सामने पहुंची। दशहरा जुलूस में सबसे पीछे माता महाकाली की प्रतिमा शामिल हो गई थी, पूरे जुलूस में प्रतिमा का इंतजार किया जा रहा था भीड़ का आलम यह था कि भीड़ संभाले नहीं संभल रही थी हर कोई माता रानी के चरण छूने आतुर दिखा। माँ काली की प्रतिमा आते ही जयकारे के नारे लगने लगे। माँ का रथ खींचने श्रद्धालुओं की होड़ लगी हुई थी।



### नगर की सेठानी चांदी की रथ पर निकली

परंपरानुसार सर्वप्रथम सुनरहाई दुर्गोत्सव समिति की भव्य प्रतिमा, रंग-बिरंगी विद्युत छटाओं से जगमगाती हुई बीजाडांडी नृत्य के साथ भव्यता बिखेरते हुए विसर्जन स्थल की ओर रवाना हुई। इसके बाद क्रमशः नगर की सेठानी दुर्गोत्सव समिति नुनहाई की दुर्गा प्रतिमा चांदी का रथ जनआकर्षण का केंद्र था, दुर्गोत्सव समिति कोष्ठी मंदिर, दुर्गोत्सव समिति राजा सागर मार्ग, दुर्गोत्सव समिति जमुनिया कुआं मिलौनीगंज, राष्ट्रीय दुर्गोत्सव समिति, तिलक भूमि तलैया इसके पीछे क्रमशः सर्वशक्ति दुर्गोत्सव समिति, गलगला, स्नेह युवा दुर्गोत्सव समिति बड़ी खेरमाई, नव जागृति दुर्गोत्सव समिति त्रिमूर्ति नगर, संजय गांधी मार्केट बल्देवबाग, मित्र मिलन दुर्गोत्सव समिति मुमताज बिल्डिंग, बड़ी खेरमाई, संत रविदास दुर्गोत्सव समिति चौधरी मोहल्ला समारोह में शामिल रहीं। इसके पीछे श्री धनुषधारी भव्यता के साथ दुर्गोत्सव समिति मिलौनीगंज की प्रतिमा विशाल साज सज्जा युक्त झांकी के साथ चल रही थी।



## रायबहादुर डॉ. हीरालाल राय की जयंती पर लगी छायाचित्र व डाक टिकट प्रदर्शनी

**जबलपुर।** विश्विख्यात इतिहासज्ञ, पुरातत्वविद्, ब्रिटिशकालीन डिप्टी कमिश्नर रायबहादुर डॉ. हीरालाल राय की 158 जयंती के उपलक्ष्य में सात्विक सेवा संस्था जबलपुर द्वारा डॉ. हीरालाल राय कला वीथिका, रानी दुर्गावती संग्रहालय जबलपुर में संपन्न हुई जिसमें संग्रहकर्ता अरविंद मलिक द्वारा रामायण पर तथा गिरीश चंद्र गुप्ता द्वारा धरोहर से संबंधित डाक टिकटों की प्रदर्शनी व हीरालाल जी पर केंद्रित छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई। गणमान्य नागरिकों व विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन कर भारतीय संस्कृति की नवीन जानकारियां प्राप्त की गई। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती अंशु राय एवं प्रमिला राय, सुश्री छाया राय, अविनाश कुमार राय, निशांत राय, डॉ निमिष राय, सात्विक राय, सतीश श्रीवास्तव, शीला जायसवाल, रितु श्रीवास्तव, विनीत श्रीवास्तव, डीसी विनोदिया, अंकित नेमा, हरिशंकर शुक्ला, चंदन पटेल, आवेश सिंह, अविनाश दुबे, जितेंद्र पटेल, प्रियांशु गोहलानी, कपिल गायकवाड, अनुराग उपाध्याय, अनुपम उपाध्याय, आशीष दुबे आदि उपस्थित रहे।

## गांधी जी निडर, निःस्वार्थ और शांतिपूर्ण दर्शन के महापुरूष थे



**जबलपुर।** गोविंदराम सेकसरिया अर्थ वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय में शुक्रवार को आई.यू.ए.सी. के द्वारा महाविद्यालय के मुख्य सभागार में "वर्तमान समय में गाँधी दर्शन की प्रासंगिकता" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मार्गदर्शन डॉ. अमरेन्द्र पाण्डेय, प्रबंधमंत्री शिक्षा मंडल म.प्र. शाखा द्वारा किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. नरेश चंद्र त्रिपाठी गो.से. अर्थ-वाणिज्य महाविद्यालय जबलपुर की अध्यक्षता में किया गया। संगोष्ठी के संयोजक डॉ. शिव कुमार व्यास ने विषय की प्रासंगिकता तथा गांधी सिद्धांतों पर अपने विचार रखे। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. आर.के. गौतम, डॉ. सी.के. चौकसे, डॉ. नीरज केशरवानी, डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव, डॉ. अनुराग उपाध्याय, डॉ. अर्पणा पांडे, डॉ. अर्चना मुठये, डॉ. डी.बी. कोष्टा, डॉ. ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी ने गांधी जी के आदर्श, सिद्धांत, सर्वोदय, अहिंसा, स्वदेशी आदि बातों पर अपने विचार व्यक्त किये। प्राचार्य एवं अध्यक्ष डॉ. नरेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि गांधी दर्शन की प्रासंगिकता हर समय रहेगी। यदि हमारे आचरण में और व्यवहार में गांधी दर्शन होंगे तो पर्यावरण में परिवर्तन अवश्य होगा। गांधी जी ने शांतिपूर्ण दर्शन के माध्यम से समाज में परिवर्तन के प्रयास किये। सामाजिक समरसता को भी महत्व दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनील देशपांडे एवं आभार प्रवीण सिंह ने किया। संगोष्ठी में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक कर्मचारी के साथ अधिक संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।




## मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा की बैठक सम्पन्न

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा की जबलपुर इकाई द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि कैलाश मित्तल (अध्यक्ष, मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा) एवं श्रीमती शारदा मित्तल (संरक्षक) रहे तथा बैठक की अध्यक्षता अजय अग्रवाल (प्रमुख सलाहकार, मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा) ने की। बैठक के दौरान कैलाश मित्तल ने डॉ. शलभ अग्रवाल को प्रांतीय मंत्री, अतुल अग्रवाल (सुनील होजरी) को प्रांतीय उपमंत्री, विवेक अग्रवाल (भेड़ाघाट) को संभागीय अध्यक्ष तथा डॉ. अलका अग्रवाल को महिला संभागीय अध्यक्ष, रश्मि मुरली अग्रवाल को संभागीय महिला सचिव नियुक्त किया। उपस्थित सभी सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं व बधाई दी।

इस अवसर पर मझौली में नई इकाई का गठन हुआ। सुरेंद्र अग्रवाल को मंझोली इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अजय अग्रवाल ने जबलपुर जिला इकाई की गतिविधियों और प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि कैलाश मित्तल ने कहा कि "सभी अग्रवाल सदस्य महासभा की सदस्यता लें और संगठन को मजबूत बनाएं। महासभा हर परिस्थिति में समाज के हित में सहयोग करने के लिए तैयार है।"




## अथ श्री यथार्थ परिवार ने निकाली स्वच्छता रैली

**जबलपुर।** 2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस के अवसर पर अथ श्री यथार्थ परिवार के तत्वावधान में एक भव्य स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। रैली विशाल शिव पार्क से प्रारंभ होकर अहिंसा चौक से होते हुए पुनः विशाल शिव पार्क में संपन्न हुई। इस रैली में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने अपने हाथों में स्वच्छता एवं योग जागरूकता संबंधी तख्तियां लेकर जन-जागरूकता का संदेश दिया। रैली के उपरांत विशाल शिव पार्क गार्डन में स्वच्छता अभियान संचालित किया गया एवं गार्डन में स्वच्छता बनाए रखने और योग के लाभ संबंधी स्लोगन लगाए गए। इस दौरान नागरिकों को यह प्रेरक संदेश दिया गया कि- करें योग, रहें निरोग, स्वच्छ वातावरण रखें, पेड़-पौधों को सुरक्षित रखें। इस रैली में यथार्थ परिवार के प्रमुख यथार्थ पं. रमाकांत पलहा, योगाचार्य पं. अनुज तिवारी, दानपति अभय जैन, कृष्ण कुमार दाहिया, सचिन नाजवाले, दीपक पटेल, सुनील जैन, अखिलेश राठौर, अमित शर्मा, रामदास पटैल, अशोक जायसवाल, मनोज गुप्ता, अभयकांत सिंह, राजीव चौहान, रीता पाल, अमिता नाजवाले, प्रीति गलवले सहित बड़ी संख्या में यथार्थ परिवार के सदस्य उपस्थित रहे और समाज को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति प्रेरित किया।



## 21 दुर्गा प्रतिमाओं के साथ निकला रांझी दशहरा चल समारोह

**जबलपुर।** नवयुवा सनातन धर्म सभा रांझी के मीडिया प्रभारी ब्रजलाल श्रीपाल ने बताया कि 02 अक्टूबर को शाम 04 बजे से रांझी दशहरा चल समारोह का शुभारंभ रांझी रावण पार्क से हुआ। मुख्य अतिथि विधायक अशोक रोहाणी ने माँ दुर्गा की पूजा अर्चना कर हरी झंडी दिखाकर दशहरा चल समारोह को रवाना किया। चल समारोह में आकर्षक आतिशबाजी, ढोल, बैंड पार्टी बग्घी, भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान की झांकी, रावण, कुंभकरण, मेघनाद की झांकी, स्वच्छता की झांकी, लेझम पार्टी, शैला नृत्य, भांगड़ा नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहे। चल समारोह में 21 भव्य दुर्गा-काली प्रतिमाएं शामिल हुईं। दुर्गा प्रतिमाओं के आगे समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य चल रहे थे। चल समारोह में रांझी सहित जबलपुर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में माता, बहने, बच्चे, युवा, बुजुर्ग सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने माँ दुर्गा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। चल समारोह रावण पार्क से सरस्वती स्कूल, बड़ा पत्थर, किशन होटल, मस्ताना चौक, दर्शनसिंह तिराहा, व्हीकल मोड़ होते हुए रावण पार्क रांझी पहुंचा, जहां भीषण राम-रावण युद्ध हुआ, अंततः रावण की हार हुई।



## विजयदशमी पर सनातन वाहिनी ने किया शस्त्र पूजन

**जबलपुर।** सनातन समाज सनातन धर्म एवं सनातन प्रतीकों का संवाहक सनातन वाहिनी द्वारा प्राचीन भारत की शस्त्र पूजन की गौरवशाली परंपरा का निर्वहन करते हुए विजयदशमी के पावन पर्व पर आयोजित शस्त्र पूजन का भव्य आयोजन त्रिमूर्ति नगर दमोहनाका स्थित श्रीराम मंदिर प्रांगण, जबलपुर में विधिवत संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर-मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक अभिलाष पाण्डेय थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सनातन वाहिनी के अध्यक्ष उपेंद्र शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जगदगुरु सुखानंद द्वाराचार्य, स्वामी राघव देवाचार्य महाराज तथा अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद श्रीराम शुक्ला एवं पार्षद मधुबाला राजपूत मंचासीन थे। कार्यक्रम का शुभारंभ जगदगुरु स्वामी राघव देवाचार्य महाराज ने दीप प्रज्जवलन कर किया। इस अवसर पर अतिथिगणों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शस्त्र पूजा प्राचीन हिंदू परंपरा है, आज के दिन शक्ति, साहस और आत्मरक्षा के प्रतीक के रूप में शस्त्रों की पूजन का विशेष महत्व है। शस्त्र पूजा अन्याय और अत्याचार के खिलाफ लड़ने और स्वयं की रक्षा करने के हमारे संकल्प को दर्शाती है। इस अवसर पर अतिथिगणों का स्वागत सनातन वाहिनी के संरक्षक बृजेश नामदेव, अध्यक्ष उपेंद्र शर्मा, सचिव डैनी बुंदेला, केन्द्रीय मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष (वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ) के डॉ. अरुण मिश्रा ने पुष्पहार शाल एवं श्रीफल से किया।

## आधारताल में कांग्रेसजनों ने किया दुर्गा प्रतिमाओं का पूजन-अर्चन

**जबलपुर।** उपनगरीय क्षेत्र आधारताल का ऐतिहासिक दशहरा चल समारोह गोहलपुर चौक से प्रारंभ हुआ जो रद्दी चौकी, आनंद नगर, आधारताल, बिरसामुंडा चौक होते हुए आधारताल पहुंचा, जहां प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दशहरा चल समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी चमन पासी, डॉ. नीरज शर्मा सहित अनेक नागरिक शामिल थे जिन्होंने माँ जगत जननी दुर्गा प्रतिमाओं का पूजन अर्चन कर स्वागत किया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं SAUMYA MISHRA उम्र 29 वर्ष W/O KARTIK MISHRA मेरी 10th की अंकसूची में मेरा विवाह पूर्व का नाम SAUMMYA TRIPATHI लिखा हुआ है जो की विवाह के बाद मेरा नाम SAUMYA MISHRA हो गया है जो मेरे आधार, पेन और अन्य सरकारी दस्तावेजों में दर्ज है अत: मुझे मेरे नए नाम SAUMYA MISHRA से जाना पहचाना जाए।

नया नाम:- SAUMYA MISHRA (सौम्या मिश्रा)

पुराना नाम :- SAUMMYA TRIPATHI (सौम्या त्रिपाठी)

पता -: 98 महात्मा गांधी वार्ड नियर अन्नपूर्णा मंदिर जबलपुर

# रिलायंस ज्वेल्स ने किया नए फेस्टिव कलेक्शन का शुभारंभ

## रवीना टंडन और राशा थडानी ने किया अपना पहला संयुक्त ब्रांड डेब्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

इस दीवाली, भारत के सबसे विश्वसनीय ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक रिलायंस ज्वेल्स ने अपने नए फेस्टिव कलेक्शन का शुभारंभ किया है, जो भारत के सबसे बड़े पर्व की जीवंत भावना को समर्पित एक चमकदार प्रस्तुति है।

यह एक महत्वपूर्ण अवसर है क्योंकि ब्रांड पहली बार बॉलीवुड आइकन रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा थडानी का स्वागत अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में कर रहा है।

## मां-बेटी की यह जोड़ी विरासत और आधुनिकता का अनूठा संगम है



मां-बेटी की यह जोड़ी विरासत और आधुनिकता का अनूठा संगम है, जो दर्शाती है कि भारतीय अपने आभूषणों से कैसे बदलते रिश्ते साझा करते हैं। रिलायंस ज्वेल्स के साथ उनका यह जुड़ाव इस तथ्य का उत्सव है कि आभूषण पीढ़ियों से परे जाते हैं परिवार की धरोहरों को दिल से जोड़े रखते हुए साथ ही आज की जीवनशैली के लिए समकालीन डिज़ाइनों को अपनाते हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ग्रुप सीएमओ गायत्री यादव ने कहाकि हम भारतीयों का सोने के साथ हमेशा से एक गहरा भावनात्मक रिश्ता रहा है।यह हमारी परंपराओं, उपलब्धियों और पहचान का प्रतीक है। लेकिन समय के साथ शैलियाँ बदलती हैं और कई बार पुराने डिज़ाइन हमारी अभिव्यक्ति से मेल नहीं खाते। हमारा नया दिवाली कलेक्शन इस बदलाव का उत्सव है जहां कालातीत परंपराओं और आधुनिक पसंद का खूबसूरत संगम है। रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा के इस अभियान के चेहरे के रूप में, हम उपभोक्ताओं की दो पीढ़ियों से जुड़ते हैं, परिवारों को अपने आभूषणों को ऐसे डिज़ाइनों से नया रूप देने के लिए प्रेरित करते हैं जो विरासत का सम्मान करते हुए आधुनिक शैली को अपनाते हैं। नया फेस्टिव कलेक्शन दिवाली से जुड़ी प्रेरणाओं से तैयार किया गया है। इसमें लक्ष्मी-प्रेरित आकृतियां, रंगोली, लालटेन, दिये, गेंदा, कमल के फूल और मोर शामिल हैं, जिन्हें सोने और हीरों से खूबसूरती से तैयार किया गया है। इस कलेक्शन में शानदार इयररिंग्स, चोकर, लॉन्ग नेकलेस, चूड़ियां और रिंग्स शामिल हैं , जिन्हें दिवाली, धनतेरस, शादियों और उत्सव के अवसरों के लिए डिजाइन किया गया है।

## रिलायंस ज्वेल्स के साथ नई यात्रा को शुरू करने के लिए उत्साहित हूं: रवीना

रवीना टंडन ने कहाकि मैं रिलायंस ज्वेल्स के साथ अपनी इस नई यात्रा को शुरू करने के लिए बेहद उत्साहित हूँ। त्योहार खुशी और एकता का प्रतीक होते हैं, और यह कलेक्शन उस भावना को खूबसूरती से दर्शाता है—जहां परंपरा और आधुनिकता का बेहतरीन मेल है।' अपने अनुभव साझा करते हुए राशा थडानी ने कहा,"मेरा मानना है कि आभूषण हर अवसर पर आपकी पहचान को दर्शाने चाहिए। यह कलेक्शन मुझे अपनी व्यक्तिगतता व्यक्त करने का अवसर देता है और साथ ही त्यौहार की भावना को अपनाता है। हर एक पीस मुझे अपने आप का हिस्सा लगता है,जो व्यक्तित्व, स्टाइल और फेस्टिव चार्म का खूबसूरत उत्सव है।

## आभूषणों की मेकिंग चार्ज पर 45 फीसदी और हीरे के मूल्य व मेकिंग चार्ज पर 35 फीसदी तक की छूट

*इस दिवाली, रिलायंस ज्वेल्स ग्राहकों को 100 प्रतिशत ओल्ड गोल्ड एक्सचेंज वैल्यू की सुविधा प्रदान कर रहा है, जिससे वे अपने पुराने आभूषणों की पूरी कीमत पाकर नए डिज़ाइनों के साथ अपनी ज्वेलरी कलेक्शन को अपग्रेड कर सकते हैं। ग्राहक विशेष फेस्टिव ऑफर्स का भी लाभ उठा सकते है सोने के आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर 45 प्रतिशत तक की छूट और हीरे के मूल्य व मेकिंग चार्ज पर 35 प्रतिशत तक की छूट, जो 2 नवम्बर 2025 तक मान्य है। नया फेस्टिव कलेक्शन अब देशभर में स्थित 140 से अधिक रिलायंस ज्वेल्स शोरूम्स पर उपलब्ध है।*

# अमित शाह ने किया डिजिट इंश्योरेंस को 'बेस्ट फिनटेक इंश्योरेंस अवॉर्ड' से सम्मानित




एजेंसी ▶▶ मुंबई

गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस (डिजिट इंश्योरेंस), को प्रतिष्ठित एफई बेस्ट बैंक अवॉर्ड्स 2025 में बेस्ट फिनटेक इंश्योरेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड डिजिट इंश्योरेंस की एमडी एवं सीईओ जसलीन कोहली को गृह मंत्री अमित शाह द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी उपस्थित रहे। इस मौके पर जसलीन कोहली, एमडी एवं सीईओ, डिजिट इंश्योरेंस ने कहा कि यह सम्मान हमारे लगातार टेक-ड्रिवन नवाचार पर ध्यान केंद्रित करने का प्रमाण है। डिजिट इंश्योरेंस में, हम लगातार वर्तमान ढांचे को चुनौती देते हैं और बीमा पारिस्थितिकी तंत्र को पारदर्शिता, गति और भरोसा प्रदान करने के लिए फिर से कल्पना करते हैं। यह अवार्ड हमें ग्राहकों और भागीदारों को सशक्त बनाने और उद्योग के लिए नए मानक स्थापित करने वाले समाधान बनाने के लिए प्रेरित करता है। कंपनी मोटर, स्वास्थ्य, यात्रा, संपत्ति और दायित्व सहित उत्पादों का व्यापक पोर्टफोलियो प्रदान करती है और अब तक 7 करोड़ से अधिक ग्राहकों की सेवा कर चुकी है। कंपनी ने

# वित्त आयोग के अध्यक्ष बोले भारत में खुल रहे निवेश के नए अवसर

**नई दिल्ली।** भारत का बड़ा और अब तक अप्रयुक्त घरेलू बाजार देश में निवेश के लिए अपार संभावनाएं प्रस्तुत करता है। प्रति व्यक्ति आय में सालाना पांच से छह प्रतिशत की दर से हो रही वृद्धि से निजी निवेश, पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप, बाहरी निजी निवेश और आंतरिक संसाधन जुटाने के लिए अनुकूल अवसर बन रहे हैं। यह बात 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह ने कही। उन्होंने कहाकि हम एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर हैं, जहां कई सकारात्मक चक्र एक साथ काम कर रहे हैं, जो हमें आने वाली चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने में सक्षम बनाएंगे उन्होंने आगे कहा कि जीएसटी दरों में कटौती से सरकार को राजकोषीय मोर्चे पर अधिक लचीलापन मिला है, आम लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है, कारोबार करने में आसानी में सुधार हुआ है और आम जनता को राहत मिली है।

# बीएसएनएल ने शुरू की ई-सिम सर्विस अब बिना सिम कार्ड के होगा कॉल-इंटरनेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल ने भारतीय दूरसंचार बाजार में निजी कंपनियों को कड़ी टक्कर देने की तैयारी शुरू कर दी है। अब तक रिलायंस जियो और एयरटेल सहित वोडाफोन आइडिया जैसी प्राइवेट कंपनियां ही ई-सिम (एम्बेडेड सिम) की सुविधा दे रही थीं, लेकिन अब बीएसएनएल ने भी अपने ग्राहकों के लिए ई-सिम सर्विस लांच कर दी है। इसका सीधा मतलब है कि अब बीएसएनएल यूजर्स भी फिजिकल सिम कार्ड लगाए बिना ही कॉल और इंटरनेट




चला पाएंगे। कंपनी का यह कदम 4जी सर्विस के बाद यूजर्स को बेहतर डिजिटल एक्सपीरियंस देने और प्राइवेट कंपनियों से मुकाबला करने की उसकी तैयारियों को साफ दर्शाता है। बीएसएनएल अब तेजी से अपनी सेवाओं को अपग्रेड करने और नई टेक्नोलॉजी लाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

### बीएसएनएल ने मिलाया टाटा कम्युनिकेशंस से हाथ

*बीएसएनएल ने अपनी इस नई ई-सिम सर्विस के लिए टाटा कम्युनिकेशंस के साथ साझेदारी की है। ई-सिम सब्सक्रिप्शन मैनेजमेंट के लिए टाटा कम्युनिकेशन के मूव प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया जाएगा। यह प्लेटफॉर्म कंपनी को बड़े पैमाने पर लाखों यूजर्स को ई-सिम उपलब्ध कराने में मदद करेगा। बीएसएनएल का लक्ष्य है कि इस बड़े कदम के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर मोबाइल कनेक्टिविटी एक्सपीरियंस प्रदान किया जा सके।*

### बीएसएनएल ई-सिम नेटवर्क और भविष्य की योजना

बीएसएनएल ई-सिम की सुविधा 2जी, 3जी और 4जी तीनों नेटवर्क पर काम करने में सक्षम है। जिन यूजर्स का फोन ई-सिम को सपोर्ट करता है, वे इस नई सर्विस का फायदा उठा सकते हैं। बीएसएनएल के मैनेजिंग डायरेक्टर और चेयरमैन ए. रॉबर्ट रवि ने बताया कि पूरे देश में (पैन-इंडिया)ई-सिम सर्विस शुरू करने से दूरसंचार क्षमताओं को एक नए स्तर पर ले जाने में मदद मिलेगी। कंपनी की भविष्य की योजनाएँ भी काफी आक्रामक हैं।बीएसएनएल ने हाल ही में 98,000 टावरों की मदद से अपनी 4जी सर्विस शुरू की है। अब कंपनी का अगला बड़ा फोकस 5जी पर है। कई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीएसएनएल 2025 के अंत तक 5जी सर्विस शुरू कर सकती है, और उम्मीद है कि साल के अंत तक दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों में यह सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

# सुमित्रा पी श्रीवास्तव ने संभाला आईओसी के निदेशक (मार्केटिंग) का कार्यभार संभाला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन ऑयल में निदेशक (मार्केटिंग) का कार्यभार सुमित्रा पी श्रीवास्तव ने ग्रहण किया है। उनके साथ इंडियन ऑयल में तीन दशकों



से अधिक का समृद्ध अनुभव जुड़ा है। श्रीवास्तव ने सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि आईआईटी रुड़की से प्राप्त की है और एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, मुंबई से एग्जिक्यूटिव एमबीए किया है। अपने करियर की शुरुआत उन्होंने एलपीजी व्यवसाय में चार वर्ष की सेवाओं से की और उसके बाद सेल्स फंक्शन के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए व्यवसाय के प्रमुख क्षेत्रों को दिशा दी। वह डाउनस्ट्रीम ऑपरेशंस, मार्केटिंग और स्ट्रैटेजी में गहन अनुभव रखने वाले कुशल कार्यकारी हैं। उनका नेतृत्व सहयोगात्मक एवं परिणामोन्मुखी शैली के लिए जाना जाता है। व्यवसाय वृद्धि, लाभप्रदता में वृद्धि और ग्राहक संतुष्टि बढ़ाने में उनकी सफलता का निरंतर रिकॉर्ड रहा है।

### टेक्नोलॉजी और डिजिटलाइजेशन के कई पहलों को आगे बढ़ाया

*उन्होंने नॉन-फ्यूल कंवीनियंस स्टोर्स और रिटेल ट्रांसफॉर्मेशन प्रोजेक्ट सहित कई प्रमुख परियोजनाओं का सफल नेतृत्व किया है। साथ ही उन्होंने टेक्नोलॉजी और डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देने वाली कई पहलों को आगे बढ़ाया। उन्होंने रिटेल ट्रांसफॉर्मेशन ग्रुप के प्रमुख और उत्तर एवं पूर्व भारत के रिटेल बिजनेस हेड के रूप में कार्य किया। साथ ही नई दिल्ली और मुंबई स्थित डिविजनल कार्यालयों का सफल नेतृत्व किया और पश्चिमी उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के सेल्स प्रमुख के रूप में अपनी दक्षता प्रदर्शित की।*

### सस्ते रिचार्ज और आसान यूपीआई लेन-देन

# दिवाली का उत्सव जियो भारत के साथ सिर्फ 699 रुपए से उपलब्ध

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

रिलायंस जियो ने 2जी मुक्त भारत अभियान के तहत मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के ग्राहकों को 2जी से 4जी पर अपग्रेड करने का बड़ा कदम उठाया है। इस दिवाली, जियो भारत मोबाइल फोन बेहद किफायती दामों में उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत केवल 699 रुपए से शुरू होती है।

कंपनी का लक्ष्य दोनों राज्यों के एक करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंचना है, जो अभी भी 2जी नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहे हैं। जियो केवल नवीनतम तकनीक पर काम करता है और डिजिटल इंडिया के रोडमैप को आगे बढ़ा रहा है।मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में जियो भारत वी4 मॉडल को तेजी से पसंद किया जा रहा




है क्योंकि इसका मासिक रिचार्ज सबसे सस्ता है। ग्राहकों को 28 दिन की वैधता वाले प्लान के लिए केवल 123 रुपये चुकाने होंगे। इस प्लान में 14 जीबी डेटा और अनलिमिटेड कॉलिंग शामिल है। दूसरी ओर अन्य टेलीकॉम कंपनियों के प्लान की शुरुआत 199 रुपए से होती है, जिसमें सिर्फ 2 जीबी डेटा मिलता है। इस तरह जियो भारत का रिचार्ज लगभग 38 प्रतिशत सस्ता है। जियो भारत का वार्षिक प्लान भी उपलब्ध है, जिसके लिए ग्राहकों को केवल 1234 रुपए चुकाने होंगे। जियो भारत फोन न केवल सस्ते इंटरनेट की सुविधा देता है, बल्कि मनोरंजन और रोज़मर्रा की ज़रूरतों का भी पूरा ध्यान रखता है। उपभोक्ताओं को जियो हॉटस्टार का सब्सक्रिप्शन, जियो सावन पर आठ करोड़ से अधिक गानों का एक्सेस और जियो टीवी पर 600 से ज्यादा चैनल देखने की सुविधा मिलती है। इसके साथ ही जियो पे के ज़रिए ग्राहक यूपीआई पर लेन-देन कर सकते हैं। कारोबारियों और दुकानदारों को जियो की ओर से निशुल्क पे साउंड बॉक्स भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

# सोने में पांच दिनों की तेजी थमी

### 500 रुपए टूटकर 1,20,600 रुपये प्रति 10 ग्राम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत शुक्रवार को 500 रुपये टूटकर 1,20,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। इसके साथ सोने में पांच दिनों से जारी रिकॉर्ड तेजी पर विराम लग गया। निवेशकों की मुनाफावसूली और डॉलर में आये मामूली सुधार से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने बताया कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 500 रुपये टूटकर 1,20,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। इससे पहले, बुधवार को यह 1,100 रुपये की तेजी के साथ 1,21,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना अपने उच्चतम स्तर से 500 रुपये गिरकर 1,20,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,20,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। गांधी जयंती और दशहरा के मौके पर बृहस्पतिवार को स्थानीय सर्राफा बाजार बंद रहे। सोने की तरह, चांदी की कीमतें भी 500 रुपये घटकर 1,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही। सर्राफा संघ ने कहा कि बुधवार को चांदी 1,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही थी।

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** – आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न

**मिथुन** – किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** – जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** – मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** – आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** – क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** – मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** – पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## निसान ने 10,500 यूनिट्स की कंसोलिडेटेड बिक्री दर्ज की

**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेडने सितंबर 2025 में 10,500 यूनिट्स की कंसोलिडेटेड बिक्री दर्ज की है। सितंबर 2024 की तुलना में सालाना आधार पर यह 9.3 प्रतिशत की वृद्धि है। सितंबर 2025 में घरेलू होलसेल का आंकड़ा 1,652 यूनिट्स का और निर्यात का आंकड़ा 8,872 यूनिट्स का रहा, जिसमें से दक्षिण एशिया में अकेले 1,120 यूनिट्स की बिक्री हुई। यह इस क्षेत्र में किसी एक महीने में निसान की सर्वाधिक बिक्री है। भारत सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में संशोधन से बिक्री में उल्लेखनीय योगदान मिला है। निसान मोटर इंडिया ने जीएसटी में कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को पहुंचाया है। कंपनी ने नई मैग्नाइट की कीमतों में 1 लाख रुपये तक की कटौती की है। जीएसटी दरों में कटौती और नवरात्रि के अवसर ने साथ मिलकर पूरी इंडस्ट्री में कारों की बिक्री को तेज करने का काम किया। निसान ने नई निसान मैग्नाइट के लिए अपनी तरह की पहली 10 साल की एक्सटेंडेड वारंटी भी शुरू की है। इससे भी सितंबर में बिक्री को ताकत मिली। निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहाकि निसान मोटर इंडिया के लिए सितंबर शानदार महीना रहा। सेगमेंट में पहली 10 साल की एक्सटेंडेड वारंटी के साथ जीएनसीएपी 5-स्टार रेटिंग वाली नई निसान मैग्नाइट ने हमारे ग्राहकों को लुभाया है। हाल में जीएसटी में कटौती के कारण कीमतों में आई गिरावट से भी बिक्री को ताकत मिली।' लॉन्च किए गए कुरो स्पेशल एडिशन और नए मेटलिक ग्रे कलर को लेकर शानदार प्रतिक्रिया देने के लिए ग्राहकों का धन्यवाद करते हैं। इन नई लॉन्चिंग से मजबूत मांग देखने को मिली।




# मारुति सुजुकी का सितंबर में उत्पादन 26 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि सितंबर में बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए आपूर्ति बढ़ाने की वजह से उसका उत्पादन सालाना आधार पर 26 प्रतिशत बढ़कर 2,01,915 इकाई हो गया। देश की अग्रणी वाहन विनिर्माता कंपनी ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि पिछले साल सितंबर में उसका उत्पादन 1,59,743 इकाई रहा था।



पिछले महीने कंपनी ने आल्टो और एस-प्रेसो के 12,318 वाहन बनाए, जो एक साल पहले की समान अवधि में 12,155 इकाई रहे थे।

इस दौरान कॉम्पैक्ट मॉडल-बलेनो, सेलेरियो, डिजायर और स्विफ्ट का उत्पादन बढ़कर 93,301 इकाई रहा, जबकि पिछले साल सितंबर में यह 68,413 इकाई था। पिछले महीने कंपनी ने सियाज मॉडल का उत्पादन नहीं किया जबकि सितंबर 2024 में इसके 1,687 वाहन तैयार किए गए थे। ब्रेजा, अर्टिगा और फ्रॉन्क्स जैसे यूटिलिटी वाहनों का उत्पादन 27 प्रतिशत बढ़कर 79,496 इकाई रहा। पिछले साल समान अवधि में यह 62,752 इकाई था।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 8335914373 (रायपुर/11/ अक्टूबर/25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
**हरिभूमि वैवाहिकी**
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**


सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

## शब्द पहेली - 6008



**बाएँ से दाए**

1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

### शब्द पहेली- 6007 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | श | म | शा | न | ■ | म | ति | मं | द | ■ |
| क | ■ | ■ | य | ■ | बी | ■ | रं | ■ | ■ | शे |
| र | ■ | प | र | व | र | दि | गा | र | ■ | ता |
| ता | ड़ | ना | ■ | ■ | बा | ■ | ■ | ज | बा | न |
| र | ■ | ह | ■ | प | र | दा | ■ | त | री | ■ |
| ■ | नी | ■ | गै | र | ■ | म | जा | ■ | स | ■ |
| ■ | र | वि | ■ | म | न | न | ■ | स | ■ | आ |
| ग | ज | रा | ■ | ■ | फा | ■ | ■ | ह | की | म |
| र | ■ | म | ह | सू | स | क | र | ना | ■ | द |
| म | ■ | ■ | रा | ■ | त | ■ | खै | ■ | ■ | नी |
| ■ | सो | म | ना | थ | ■ | य | ल | गा | र | ■ |

## सूडोकु बवाल - 6018

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANDAL SENAGHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु बवाल - 6017 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |



# ऋषभ के साथ ढोल बजाते दिखे दिलजीत

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी की आगामी फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' 2 अक्टूबर को दशहरा के मौके पर रिलीज हो रही है। फिल्म रिलीज से पहले ही लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। ऋषभ शेट्टी फिल्म के प्रमोशन में लगे हुए हैं। अब फिल्म का नया गाना रिबेल रिलीज हुआ है। इस गाने को पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ ने गाया है। सबसे खास बात ये है कि दिलजीत इस गाने में पर्दे पर नजर भी आए हैं। गाने में दिलजीत और ऋषभ शेट्टी दोनों ढोल बजाते दिखे हैं।कांतारा चैप्टर 1के नए गाने रिबेल में दिलजीत दोसांझ सरप्राइज पैकेज हैं। क्योंकि, गाने में न सिर्फ उनकी आवाज है, बल्कि दिलजीत स्क्रीन पर भी नजर आए हैं।



लाइफ Style

# पत्रलेखा

## हर चुनौती का सामना साहस के साथ करो

एक्ट्रेस पत्रलेखा ने बताया उनके लिए असली शक्ति क्या है। उन्होंने कहा कि 'मैं हर महिला से कहना चाहती हूं कि कभी अपने अंदर की ताकत को कम मत आंकिए। जब भी आप असहाय महसूस करें, याद रखें कि सहनशीलता और धैर्य आपके अंदर ही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


नवरात्रि पर मां दुर्गा के साथ ही अपने अंदर की शक्ति और स्थिरता का भी जश्न मनाना चाहिए। अपनी ताकत को पहचानो और हर चुनौती का सामना साहस के साथ करो। अपने अंदर की शक्ति को पहचानो, आत्म-जागरुक बनो और जीवन में हर चुनौती का सामना साहस के साथ करो।' हालिया रिलीज फिल्म 'फुले' के बाद मुझे बहुत अच्छी और रोचक फिल्में मिल रही हैं। मैं जल्दी ही काम शुरू करने के लिए उत्साहित हूं। यह मुझे याद दिलाता है कि धैर्य और मेहनत का फल हमेशा मिलता है, भले ही वह तुरंत दिखाई न दे।'उन्होंने आगे कहा कि कॅरियर की शुरुआत में मुझे बहुत बार अस्वीकृति का सामना करना पड़ा। एक कलाकार के रूप में आप हर ऑडिशन में अपना सब कुछ दे देते हैं। और जब चीजें नहीं होतीं, तो यह बहुत दुखद और व्यक्तिगत लगने लगता था। उस समय मैं खुद से कई सवाल पूछती थी... क्या मैं सही कर रही हूं? क्या मैं योग्य हूं? लेकिन, मैं हमेशा याद रखती थी कि मैंने यह पेशा क्यों चुना... क्योंकि मुझे सच में कहानियां सुनाने से प्यार है। यही प्यार मेरा आधार बन गया। धीरे-धीरे अवसर आने लगे। आज पीछे मुड़कर देखती हूं, तो लगता है कि उस दौर ने मुझे धैर्यवान और मजबूत बनाया।

हॉलीवुड मसाला



# अंतरिक्ष में करना चाहते हैं शादी

**लॉस एंजिल्स।** हाल ही में खबरें आईं कि हॉलीवुड स्टार निकोल किडमैन और कीथ अर्बन 20 वर्षों तक साथ रहने के बाद अलग हो गए। अब खबर आ रही है कि निकोल किडमैन के पूर्व पति टॉम क्रूज और अभिनेत्री एना डे अर्मास अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। खबरों के मुताबिक दोनों स्काईडाइविंग करते हुए एक-दूसरे के साथ शादी करने के बारे में सोच रहे हैं। टॉम क्रूज और एना डे अर्मास अपनी शादी को 'मिशनः इम्पॉसिबल' स्टंट जैसा हैरतअंगेज बनाना चाहते हैं।



# जॉन मेयर पहली बार भारत में करेंगे परफॉर्म

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी गायक-गीतकार और गिटारिस्ट जॉन मेयर पहली बार भारत में प्रस्तुति देने के लिए तैयार हैं। गायक अगले साल यानी कि 2026 में भारत आएंगे और परफॉर्म करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि उनका भारत में परफॉर्म करने का हमेशा से ही सपना रहा है। जानिए किस तारीख को होगा उनका शो। इंस्टाग्राम पर बुक मॉय शो हैंडल से एक पोस्ट शेयर किया गया है। इसमें जानकारी दी गई है कि अमेरिकी गायक जॉन मेयर साल 2026 के जनवरी महीने में भारत दौरा करेंगे। गायक 22 जनवरी को मुंबई के प्रतिष्ठित महालक्ष्मी रेसकोर्स में अपनी संगीत की प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम में शमिल होने के लिए दर्शक 14 अक्टूबर 2025 को सामान्य टिकट खरीद सकेंगे। इस टिकट के माध्यम से संगीत प्रेमी शो को लाइव देख सकेंगे।



# आमिर-रानी के गाने के साथ किया एंजॉय

**मुंबई।** ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा इन दिनों निर्देशक राजामौली की फिल्म 'एसएसएमबी29' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। वहीं आज प्रियंका ने अपने नाश्ते की एक झलक सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। प्रियंका चोपड़ा ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपने नाश्ते की तस्वीर साझा की, जिसमें वह थेपला, नारियल की चटनी और आम के अचार का स्वाद ले रही थीं। सफेद बाथरोब में नाश्ते का आनंद लेते हुए, वह 90 के दशक की फिल्म 'गुलाम' का गाना 'आंखों से तूने ये क्या कर दिया' सुन रही थीं, जिसमें आमिर और रानी मुखर्जी ने अभिनय किया है। इस पोस्ट के बाद प्रियंका ने अपनी एक हॉट तस्वीर भी शेयर कीं, जिसमें ऑफ शोल्डर ड्रेस के साथ ब्लैक गॉगल्स में पोज देती नजर आईं। इस ड्रेस के साथ प्रियंका ने नॉट स्टाइल का सिल्वर नेकपीस भी पहना हुआ है।



# धनुष-कृति की तेरे इश्क में का टीजर रिलीज

**मुंबई।** निर्देशक आनंद एल राय पर्दे पर एक बार फिर 'रांझणा'जैसा जादू बिखेरना चाह रहे हैं। इसके लिए वो फिल्म 'तेरे इश्क में'लेकर आए हैं। धनुष और कृति सेनन स्टारर इस फिल्म का घोषणा के बाद से ही दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब गुरुवार को इस मच अवेटेड फिल्म का टीजर सामने आया है। टीजर के रिलीज होने के बाद अब फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ गया है। 2 मिनट 4 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत में दिखाया जाता है कि कृति सेनन के किरदार की शादी होने वाली है और हल्दी की रस्म हो रही है। तभी धनुष का किरदार घायल अवस्था में वहां पहुंचता है और कहता है, 'अपने बाप को जलाने गया था बनारस। सोचा तेरे लिए गंगा जल लेता आऊं। नई जिंदगी शुरू करने जा रही है, पुराने पाप तो धो ले।'

टीवी मसाला




# एनिमेटेड सीरीज कुरुक्षेत्र का ट्रेलर रिलीज, दिखेगी महाभारत की कहानी

**मुंबई।** इस साल एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिम्हा'ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया और रिकॉर्डतोड़ कमाई की। इसके बाद अब कई एनिमेटेड फिल्मों की घोषणा की जा चुकी है। इसी क्रम में अब महाभारत पर आधारित एनिमेटेड सीरीज 'कुरुक्षेत्र'आ रही है। नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली इस सीरीज का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। 2 मिनट 31 सेकंड के इस ट्रेलर में महाभारत की कहानी दिखाई गई है। ट्रेलर में महाभारत के अलग-अलग घटनाक्रमों व अध्यायों का जिक्र देखने को मिलता है। जिसमें कृष्ण जी के अवतार से लेकर भीष्म पितामह का वध, अभिमन्यु का चक्रव्यूह में फंसना और द्रौपदी के चीरहरण तक का जिक्र किया गया है। ट्रेलर में जबरदस्त एनिमेशन देखने को मिला है। कुछ एक सीन देखने में काफी शानदार लग रहे हैं। 'कुरुक्षेत्र' एक सीरीज है, जो नेटफ्लिक्स पर 10 अक्टूबर से रिलीज हो रही है। इसका निर्देशन उज्जैन गांगुली ने किया है, जबकि इस सीरीज को क्रिएट किया है अनु सिक्का ने। वहीं इसके गीत गुलजार ने लिखे हैं। नेटफ्लिक्स की यह सीरीज हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, अंग्रेजी, स्पेनिश, पोर्तुगीज, थाई और इंडोनेशियन भाषा में भी रिलीज होगी। इसी साल एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में विष्णुजी के नरसिंह अवतार के बारे में दिखाया गया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करते हुए ताबड़तोड़ कमाई की थी और कमाई के कई रिकॉर्ड अपने नाम किए थे। यह फिल्म भी अब ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है।

## 'घरवाली पेड़वाली' में गीता बिष्ट निभाएंगी 'गीता' का किरदार

**मुंबई।** एण्डटीवी का नया शो 'घरवाली पेड़वाली' दर्शकों को हंसी, ड्रामा और थोड़े रहस्यमय ट्विस्ट के साथ रोमांचक सफर पर ले जाएगा। अनोखी कहानी में अभिनेत्री गीता बिष्ट नजर आएंगी, जो जीतू की मां 'गीता' का किरदार निभाएंगी। वह परिवार का आधार हैं और प्यार करने वाली एवं परवाह करने वाली मां हैं। बेटे जीतू पर वह जान छिड़कती है। संवेदनशील लेकिन कॉमिक एक्टिंग के जरिए गीता कहानी में परिवारिक अपनापन और हंसी का सही संतुलन लेकर आएंगी।



अभिनेत्री गीता बिष्ट ने कहा, "गीता मेरे दिल के करीब है क्योंकि इसमें बेइंतहा प्यार और गहरी भावनात्मक मजबूती दिखाई गई है। संवेदनशील और बच्चों की तरह सुरक्षात्मक होने के बावजूद, इसे बहुत हल्के और कॉमिक अंदाज में पेश किया गया है, जो इसे और भी प्यारा बनाता है। व्यक्तिगत तौर पर मैं उसके देखभाल करने वाले स्वभाव से खुद को जोड़ पाती हूँ। मैं भी अपने प्रियजनों के साथ हमेशा खड़ी रहती हूँ।"शो के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, "जब मुझे यह रोल ऑफ़र हुआ, तब मुझे नहीं बताया गया था कि यह कॉमेडी शो है। मैंने ऑडिशन दिया, यह सोचकर कि यह एक गंभीर फैमिली ड्रामा होगा, और बाद में पता चला कि यह कॉमेडी है! यह आश्चर्य था क्योंकि इसने मुझे कलाकार के तौर पर नए पहलू को दिखाने का मौका दिया। 'घरवाली पेडवाली' मेरे अब तक किए किसी भी काम से अलग है। इसके नाम में ही रहस्य है और यह जिज्ञासा जगाता है। कहानी में हास्य, सुपरनैचुरल एलिमेंट्स और भावनाओं का सुंदर मिश्रण है।

# कोई आप पर काम थोप नहीं रहा : रानी मुखर्जी

**मुंबई।** बीते कुछ वक्त से बॉलीवुड इंडस्ट्री में काम के घंटों को लेकर बहस चल रही है। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने 8 घंटे काम करने की मांग की थी, जिसके बाद उन्होंने संदीप रेड्डी वांगा की आगामी फिल्म 'स्पिरिट'को बीच में ही छोड़ दिया था। इसके बाद से चर्चाओं का बाजार गरम हो गया था। इसपर कई सेलेब्स ने भी प्रतिक्रिया दी है। अब काम के घंटे को लेकर एक्ट्रेस रानी मुखर्जी ने भी रिएक्ट किया है। साथ ही उन्होंने निर्देशन में अपने कॅरियर को लेकर भी बात कही है। काम के घंटे को लेकर रानी मुखर्जी ने कहा, 'आजकल ये बातें चर्चा में हैं, क्योंकि शायद लोग बाहर इस पर चर्चा कर रहे हैं। लेकिन, यह सभी कार्यों का एक सामान्य नियम रहा है। मैंने भी ऐसा किया है, जहां मैंने कुछ घंटों तक काम किया है। अगर निर्माता को इससे कोई आपत्ति नहीं है, तो आप फिल्म नहीं करते। इसलिए, यह भी एक विकल्प है। कोई किसी पर कुछ भी थोप नहीं रहा है।'अभिनेत्री से उनकी निर्देशने को लेकर रुचि के बारे में सवाल किया गया। इसके जवाब में उन्होंने कहा, 'आप जानते हैं कि



मैं इस पेशे में हमेशा कहती हूं कि कभी ना मत कहो। मुझे लगता है कि मैं जिस तरह की इंसान हूं, मुझे पता होता है कि मैं कब निर्देशन के लिए तैयार हूं या मुझे पता होता है कि वह समय कब आएगा। अभी, मुझे नहीं लगता कि ऐसा है। अभी, मैं एक अभिनेत्री होने और निर्देशित होने से बहुत खुश हूं।'रानी मुखर्जी ने फिल्म 'हिचकी' की शूटिंग के दिनों को याद किया और अपनी बेटी आदिरा के पालन-पोषण के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'जब मैंने 'हिचकी' की थी, तब आदिरा 14 महीने की थी।

# दशहरा पर रिलीज हुई ये फिल्में

**मुंबई।** दो अक्टूबर को बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार दशहरा मनाया गया। इस मौके पर बॉलीवुड और साउथ की कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इनमें साउथ की इडली कढ़ाई, कांतारा: चैप्टर 1 और मृत्युंजय के अलावा बॉलीवुड की सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी शामिल हैं।

### इडली कढ़ाई

दशहरा के मौके पर दर्शकों को जिस फिल्म का सबसे ज्यादा इंतजार रहा, वह था 'इडली कढ़ाई'। यह फिल्म 1 अक्टूबर को रिलीज हुई। इस फिल्म में धनुष ने न सिर्फ अदाकारी की है, बल्कि उन्होंने इस फिल्म को लिखा है और इसका निर्देशन भी किया है। फिल्म में उनके साथ नित्या मेनन भी हैं।



### कांताराः चैप्टर 1

'कांताराः चैप्टर 1' दो अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म का भी दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे है। फिल्म के मुख्य कलाकार, लेखक और निर्देशक ऋषभ शेट्टी हैं। 125 करोड़ रुपए की लागत में बनी इस फिल्म के लिए ऋषभ शेट्टी ने फीस नहीं ली है, बल्कि वह इस फिल्म के मुनाफे के हिस्सेदार हैं। यह एक पौराणिक एक्शन ड्रामा फिल्म है। यह फिल्म 'कांतारा' का प्रीक्वल है।

### मृत्युंजय

दशहरा के मौके पर जो एक और साउथ की फिल्म रिलीज हुई है, वह 'मृत्युंजय' है। यह हुसैन शा किरण द्वारा निर्देशित एक तेलुगु एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में श्री विष्णु और रेबा मोनिका जॉन ने अहम किरदार निभाया है। फिल्म के निर्माता संदीप गुन्नम और विनय चिलकापति हैं।

### सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी

दशहरा के मौके पर बॉलीवुड की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' भी रिलीज हुई है। इस फिल्म में वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ ने अहम किरदार निभाया है। यह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। 2 अक्टूबर को रिलीज होने वाली इस फिल्म के निर्देशक शशांक खेतान हैं।

## 43 साल पहले रिलीज हुई यह फिल्म बुरी तरह रही फ्लॉप

# बॉलीवुड की मनहूस फिल्म, बनते-बनते दो एक्टर और डायरेक्टर की हो गई थी मौत

***नई दिल्ली।*** *इस फिल्म को हिंदी सिनेमा की सबसे 'मनहूस और शापित' फिल्म माना जाता है। इसके बनने के दौरान दो बड़े स्टार्स और एक डायरेक्टर समेत कई कलाकारों की मौत हो गई थी। ऐसे-ऐसे हादसे हुए कि सब सिहर उठे थे।। इसे बनने में पूरे 24 साल लगे पर यह दो एक्टर्स के साथ-साथ डायरेक्टर की भी जान लील गई। जब यह फिल्म 43 साल पहले रिलीज हुई थी, तो बुरी तरह फ्लॉप रही थी। इस फिल्म में निम्मी और संजीव कुमार लीड रोल में थे और इसका नाम था 'लव एंड गॉड'। फिल्म को के. आसिफ ने डायरेक्ट किया था। आसिफ इससे पहले 'मुगले-आजम' बना चुके थे, जिसे बनने में 16 साल लगे थे। लेकिन, जैसी मनहूसियत इस फिल्म के बनने के दौरान देखने को मिली, उसने सबका दिल दहला दिया था। 'लव एंड गॉड' को लेकर के. आसिफ ने बहुत बड़े सपने देखे थे। वह चाहते थे कि यह भी 'मुगले-आजम' जैसी क्लासिक बने, पर इसके बनने के दौरान कुछ ऐसे हादसे हुए कि इसे 'मनहूस' कहा जाने लगा। इस फिल्म में काम करने वाले कुछ कलाकार मौत की गोद में समा गए। यहां तक कि डायरेक्टर की भी मौत हो गई।*

### 1986 में रिलीज हुई थी, ये थी कहानी

'लव एंड गॉड' साल 1986 रिलीज हुई थी। यह लैला मजनू की कहानी पर आधारित थी। फिल्म की कहानी दो अरबी किरदारों- लैला और कैश की थी। इसमें के. आसिफ ने लैला के रोल के लिए एक्ट्रेस निम्मी को साइन किया था, वहीं मजनू के रोल के लिए गुरु दत्त को। हालांकि, गुरु दत्त इस किरदार को निभाने को लेकर झिझक रहे थे, पर के. आसिफ ने उन्हें किसी तरह फिल्म के लिए राजी कर लिया। और तब साल 1962 में फिल्म की शूटिंग शुरू हुई।

### गुरु दत्त को मिला था मजनू का रोल

हालांकि, गुरु दत्त उस वक्त निजी जिंदगी में बहुत ही मुश्किलों से गुजर रहे थे। उनकी पिछली फिल्म 'कागज के फूल' फ्लॉप हो गई थी और वह आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। गुरु दत्त को अपना घर गिरवी तक रखना पड़ा। यही नहीं, पत्नी गीता दत्त के साथ भी उनके रिश्ते खराब चल रहे थे। यह भी बताया जाता है कि गुरु दत्त ने दो बार सुसाइड करने की कोशिश की थी।



### गुरु दत्त की मौत घर में मिली थी लाश

एक रात गुरु दत्त और गीता दत्त का झगड़ा हुआ। गीता घर छोड़कर चली गईं और गुरु दत्त ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। उन्होंने शराब के साथ नींद की गोलियां खा लीं। अगली सुबह गुरु दत्त की मौत की खबर मिली, जिसने हर किसी को झकझोर दिया। के. आसिफ को भी तगड़ा झटका लगा। उनकी फिल्म बीच में रुक गई। तब वह एक्टर संजीव कुमार से मिले। वह संजीव से एक फिल्म के प्रीमियर में मिले थे और वहीं पर उन्हें अपनी फिल्म में कास्ट करने का फैसला कर लिया था।

### संजीव कुमार को किया साइन

बताया जाता है कि के.आसिफ ने संजीव कुमार का पेशेंस टेस्ट करना चाहा। इसलिए, उन्होंने संजीव को एक दूसरी फिल्म 'सस्ता खून महंगा पानी' में कास्ट किया, जिसकी शूटिंग करने राजस्थान भेजा। चूंकि, 'लव एंड गॉड' भी राजस्थान में शूट की जानी थी, इसलिए आसिफ देखना चाहते थे कि संजीव कितना सहन कर सकते हैं।

### के. आसिफ की मौत, संजीव की बांहों में तोड़ा दम

'लव एंड गॉड' की शूटिंग दोबारा शुरू हुई, पर इसकी किस्मत में कुछ और ही लिखा था। हुआ यूं कि साल 1971 में संजीव ने कुछ समय के लिए मुंबई छोड़ दिया और किसी और प्रोजेक्ट में बिजी हो गए। जब वह वापस मुंबई लौटे तो के. आसिफ उनसे मिलने गए। जब आसिफ संजीव से उनके कमरे में बैठकर बात कर रहे थे तो उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई। संजीव ने आसिफ को देखा और संभालने की कोशिश की, पर आसिफ ने उनकी बांहों में ही दम तोड़ दिया।

***संजीव कुमार की हार्ट अटैक से मौत, कई और कलाकार मरे :*** संजीव कुमार टूट गए थे। फिल्म फिर से बीच में लटक गई। तब एक्टर आसिफ की फिल्म को पूरा करने के लिए फंड जुटाने में लग गए। उन्होंने कई प्रोड्यूसर्स और यहां तक कि दिलीप कुमार को भी मदद के लिए अप्रोच किया, पर कोई आगे नहीं आया। फिर संजीव कुमार प्रोड्यूसर केसी बोकाडिया से मिले। वह 'लव एंड गॉड' को फंड देने के लिए राजी हुए। शूटिंग शुरू हुई और फिर कुछ दिन बाद ही संजीव कुमार की हार्ट अटैक से मौत हो गई।

# 69 रन पर सिमटी साउथ अफ्रीका की टीम, इंग्लैंड ने 10 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

लिंसे स्मिथ की अगुआई में अपने स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड ने शुक्रवार को आईसीसी महिला वनडे विश्व कप मैच में दक्षिण अफ्रीका को दस विकेट से हराकर अपने अभियान की जबर्दस्त शुरुआत की।

इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 69 रन पर आउट करके ही परिणाम लगभग तय कर दिया था । स्मिथ ने सात रन देकर तीन विकेट लिए । यह दक्षिण अफ्रीका का महिला विश्व कप इतिहास में दूसरा न्यूनतम स्कोर था । जवाब में इंग्लैंड ने 14.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज एमी जोंस ने 40 और टैमी ब्यूमोंट ने 21 रन का



- महिला विश्व कप के इतिहास में दक्षिण अफ्रीका का दूसरा न्यूनतम स्कोर
- इंग्लैंड ने 14.1 ओवर में लक्ष्य किया हासिल
- दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 20.4 ओवर में ढेर



### दक्षिण अफ्रीका के मध्यक्रम पर दबाव

तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने सुने लुस का विकेट झटका, जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम छह ओवरों में 19 रन पर चार विकेट गंवाकर मुश्किल में थी और इन झटकों से टीम उबर ही नहीं सकी। मजबूत बल्लेबाजों के लगातार आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका के मध्यक्रम पर काफी दबाव आ गया था। टीम की बल्लेबाजों ने इंग्लैंड की गेंदबाजों के आगे घुटने टेक दिए। इंग्लैंड की कप्तान साइवर ने क्लो ट्रायोन और नादिन डी क्लार्क को आउट करके दक्षिण अफ्रीका की मुश्किलें और बढ़ा दीं। इससे उसकी वापसी की संभावना भी खत्म हो गई।

### इंग्लैंड की स्मिथ और नेट स्किवर ने झटके 5 रन देकर 2 विकेट

*इससे पहले इंग्लैंड के लिए स्मिथ के अलावा कप्तान नेट स्किवर ब्रंट (पांच रन देकर दो विकेट), सोफी एक्लेस्टोन (19 रन देकर दो विकेट) और चार्ली डीन (14 रन देकर दो विकेट) ने दो-दो विकेट झटके। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 20.4 ओवर में ढेर हो गई, उसके लिए विकेटकीपर बल्लेबाज सिनाओ जाफ्टा (22 रन) ही दोहरे अंक के स्कोर तक पहुंच सकीं। पिच से गेंदबाजों को मदद मिल रही थी और टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला करने वाली इंग्लैंड ने दूसरे ओवर में ही स्मिथ को गेंद थमा दी, जिसका फल उसे तुरंत ही मिल गया। स्मिथ ने दूसरे ओवर की दूसरी ही गेंद पर एक आसान रिटर्न कैच लपककर दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ट को आउट कर दिया। फिर स्मिथ ने चौथे ओवर में टैजमिन ब्रिट्स को और छठे ओवर में अनुभवी मारिजाने काप को बोल्ड कर दिया।*

## खबर संक्षेप



### जकार्ता इंटरनेशनल दूसरे स्थान पर रहे भुल्लर

**जकार्ता।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर वर्षा से बाधित जकार्ता इंटरनेशनल चैंपियनशिप के शुरुआती दो दौर में एक समान पांच अंडर 65 का कार्ड खेल दूसरे स्थान पर रहे। भुल्लर अब थाईलैंड के पावित टांगकमोलप्रासर्ट (64-65) से सिर्फ एक शॉट पीछे हैं, हालांकि दूसरे दिन का खेल अभी पूरा नहीं हुआ है। सैंतीस साल के खिलाड़ी ने पहले दौर की शुरुआत ईगल के साथ की, लेकिन अंधेरा होने के कारण पहने दिन का खेल पूरा नहीं कर पाए। उन्होंने अपने पहले दौर को पूरा किया और फिर दूसरे दौर के बाद अपना कुल स्कोर 10 अंडर कर लिया। भुल्लर के एशियन टूर पर कुल 11 खिताब हैं, जिनमें से पांच जीतें उन्होंने इंडोनेशिया में हासिल की हैं।

### सेंथिलकुमार, चोटरानी क्वार्टर फाइनल से बाहर



**नई दिल्ली।** भारत के वेलावन सेंथिलकुमार और वीर चोटरानी अमेरिका के चार्लोट्सविले में आयोजित 31,250 डॉलर इनामी पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता 'चार्लोट्सविले ओपन' स्क्वैश के अपने-अपने क्वार्टर फाइन मैचों में हार गए। चौथी वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार को गुरुवार को सलमान खलील के हाथों हार का सामना करना पड़ा। मिस्र के खिलाड़ी ने सेंथिलकुमार पर 12-10, 9-11, 11-8, 11-3 से जीत हासिल की। सातवीं वरीयता प्राप्त चोटरानी अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त टिमोथी ब्राउनेल से 6-11, 11-9, 1-11, 6-11 से हार गए। रविवार से न्यूयॉर्क में शुरू होने वाले 74,000 डॉलर इनामी पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता 'ओपन स्क्वैश क्लासिक' में भाग लेंगे।

### यूरोपा लीग फुटबॉल लिली ने रोमा को हराया



**रोम।** रोमा ने मैच के आखिर मिनटों में पेनल्टी स्पॉट से लगातार तीन प्रयास गंवा दिए, जिससे लिली ने यूरोपा लीग फुटबॉल में इटली की इस क्लब को 1-0 से हरा दिया। रोमा को मुकाबले में बराबरी करने के लिए स्पॉट से तीन मौके दिए गए लेकिन आर्टेम डोवबिक के शुरुआती दो प्रयास पर गोलकीपर बर्क ओजर ने शानदार बचाव किया। रेफरी ने गोल पोस्ट के पास अधिक खिलाड़ियों की मौजूदगी के कारण फिर से पेनल्टी का आदेश दिया। रोमा ने इस बार पेनल्टी लेने के लिए माटियास सोले को चुना लेकिन ओजर ने उनके प्रयास को भी विफल कर दिया। इससे पहले मैच के छठे मिनट में हाकोन अर्नार हेराल्डसन ने गोल कर फ्रांस की इस टीम का खाता खोला। लिली की यह दो मैचों में लगातार दूसरी जीत है।

## भारत ने पहली पारी में 5 विकेट पर 448 रन बनाकर अपनी स्थिति की मजबूत

# भारत ने वेस्टइंडीज पर कसा शिकंजा, जुरेल जडेजा और राहुल ने खेली शतकीय पारी

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद


विकेटकीपर ध्रुव जुरेल (125), हरफनमौला रविंद्र जडेजा (नाबाद 104) और सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल (100) की शतकीय पारियों से भारत ने दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 448 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

वेस्टइंडीज की पहली पारी 162 रन पर सिमटी थी। भारत ने पांच विकेट शेष रहते 286 रन की बढ़त के साथ मैच पर अपना शिकंजा कस दिया। पिच पर गेंदबाजों के पैर वाले निशान से स्पिनरों को मिल रहे असामान्य उछाल को देखते हुए वेस्टइंडीज के लिए अब पारी की हार को टालना भी मुश्किल होगा। दिन का खेल खत्म होते समय जडेजा के साथ वाशिंगटन सुंदर (नौ रन) क्रीज पर मौजूद थे।

### जुरेल ने पूरा किया टेस्ट करियर का अपना पहला शतक

चौबीस साल के जुरेल ने भारतीय पारी के 116वें ओवर में वेस्टइंडीज के कप्तान रोस्टन चेज के खिलाफ चौके के साथ 190 गेंद में टेस्ट करियर का अपना पहला शतक पूरा किया तो वहीं शानदार लय में चल रहे जडेजा ने इसके 10 ओवर बाद वारिकन के खिलाफ एक रन चुरा कर 168 गेंद में अपना छठा टेस्ट शतक पूरा किया। इस मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ प्रथम श्रेणी मुकाबले में 140 रन बनाने वाले जुरेल ने 210 गेंद की पारी में 15 चौके और तीन छक्के जड़े। जडेजा ने थोड़ी तेजी से बल्लेबाजी करते हुए अब तक 176 गेंद की पारी छह चौके और पांच बड़े छक्के लगा चुके हैं। दोनों ने दिन के दूसरे और तीसरे सत्र में पूरी तरह से हावी होते हुए पांचवें विकेट के लिए 206 रन की साझेदारी कर मैच में वेस्टइंडीज के लिए वापसी के रास्ते को लगभग बंद कर दिया। जुरेल ने शतक पूरा करने के बाद आक्रामक रूख अपनाया। वह खारे पियरे की गेंद पर विकेटकीपर शाई होप को कैच देकर आउट हुए। पियरे के टेस्ट करियर का यह पहला विकेट है।

**वेस्टइंडीज पहली पारी में 162 रन पर सिमटी**



### जुरेल ने भारतीय सेना को समर्पित किया शतक


*विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना पहला टेस्ट शतक भारतीय सेना को समर्पित करते हुए कहा कि उनके मन में हमेशा 'रणभूमि में उनके योगदान के लिए सम्मान' रहा है। जुरेल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन 125 रनों की शानदार पारी खेली। भारत ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक तक पांच विकेट पर 448 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। उनके अनुभवी साथी लोकेश राहुल (100) और रविंद्र जडेजा (नाबाद 104) ने भी शतक जड़े। बल्ले से अपने शानदार प्रदर्शन के अलावा 24 वर्षीय जुरेल ने अर्धशतक और फिर शतक पूरा करने के बाद जश्न मनाने के अपने तरीके से सबका ध्यान खींचा। जुरेल के पिता भारतीय सेना में रहे है और वह कारगिल युद्ध में शामिल थे। उन्होंने अर्धशतक और शतक पूरा करने के बाद सलामी देने की मुद्रा के साथ अपने पिता और भारतीय सेना को सम्मान दिया। जुरेल ने कहा, ' अर्धशतक के बाद का जश्न मेरे पिता के लिए था और शतक के बाद का जश्न सेना के लिए। रणभूमि में वे जो करते हैं, उसके लिए मेरे मन में हमेशा उनके प्रति सम्मान रहा है।'*


### राहुल ने जड़ा अपने कॅरियर का 11वां टेस्ट शतक



इससे पहले कप्तान शुभमन गिल (100 गेंदों पर 50 रन) और लोकेश राहुल (197 गेंदों पर 100 रन) व्यक्तिगत उपलब्धियां हासिल करने के तुरंत बाद आउट हो गए। राहुल ने घरेलू सरजमीं पर नौ साल के सूखे को खत्म करते हुए अपना दूसरा और करियर का 11वां टेस्ट शतक जड़ा। राहुल ने 197 गेंद की पारी में 12 चौके जड़े है। घरेलू सरजमीं पर राहुल ने इससे पहले 2016 अपना पहला शतक जड़ा था। उन्होंने तब इंग्लैंड के खिलाफ 199 रन की पारी खेली थी। दूसरे सत्र के शुरुआती ओवर में ही राहुल के आउट होने के बाद जुरेल ने भारतीय पारी का पहला छक्का लगाया। इसके कुछ देर के बाद जडेजा ने जोमेल वारिकन के खिलाफ दो छक्के जड़े अपने तेवर दिखाए।

## प्रणय, लक्ष्य, अश्विनी ने टीम का बढ़ाया मनोबल





एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

एचएस प्रणय ने इसे 'जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर' बताया, लक्ष्य सेन ने खिलाड़ियों से घरेलू परिस्थितियों का लाभ उठाने की सलाह दी जबकि अश्विनी पोनप्पा ने अपने अभ्यास और कौशल पर भरोसा रखने के संदेश के साथ विश्व जूनियर चैंपियनशिप से पहले 25 सदस्यीय भारतीय टीम का हौसला बढ़ाया। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2025 का आयोजन छह से 19 अक्टूबर तक गुवाहाटी में होगा। भारत 17 साल के लंबे अंतराल के बाद इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। भारत ने इससे पहले 2008 में पुणे में इसकी मेजबानी की थी।

प्रणय ने कहा, 'विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करना शायद जीवन में एक बार मिलने वाला मौका है।' प्रणय 2010 में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय बैडमिंटन के प्रमुख सितारों में से एक बन गए थे । उन्होंने कहा, 'यह जूनियर खिलाड़ियों के लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का एक मौका है। यह पहला कदम है। यहां से आपको पता चल जाएगा कि अगले कुछ वर्षों में क्या उम्मीद करनी है,। अब आप सीनियर स्तर पर पहुंचने के करीब हैं।' भारतीय टीम के ज्यादातर सदस्य अत्याधुनिक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीई) में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### लक्ष्य ने एकाग्रता और अनुशासन के महत्व पर जोर दिया

लक्ष्य ने एकाग्रता और अनुशासन के महत्व पर जोर दिया। जूनियर और सीनियर दोनों विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले 24 साल के इस खिलाड़ी ने कहा, ''यह आपका घरेलू मैदान है। घरेलू समर्थन और परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए यह एक शानदार प्रतियोगिता है।'महिला युगल स्टार अश्विनी ने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे खेल का लुत्फ उठाते हुए अपनी तैयारियों पर भरोसा रखें और देश के लिए अधिक से अधिक पदक जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दें।

## साहिल को मिली राहत हटा अस्थायी निलंबन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




भारतीय वॉलीबॉल खिलाड़ी साहिल कुमार को अस्थायी लेकिन बड़ी राहत देते हुए नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीडीपी) ने डोप जांच में विफल होने के कारण उन पर लगा अस्थायी निलंबन हटा लिया है।

पैनल ने कहा कि यह उल्लंघन संभवतः डोपिंग पदार्थ से दूषित किसी उत्पाद के सेवन के कारण हुआ है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के एडीडीपी ने 1 अक्टूबर को पारित अंतरिम आदेश के अनुसार अब साहिल कुमार गुरुवार से शुरू हुई 'प्राइम वॉलीबॉल लीग' के चौथे सत्र में कालीकट हीरोज के खिलाफ हैदराबाद ब्लैक हॉक्स के लिए खेल सकते हैं। साहिल के नमूने इस साल 14 मई को बेंगलुरु में प्रतियोगिता से बाहर लिए गए थे, जिसमें जीडब्ल्यू 1516 (कार्डारिन), सिंथेटिक एनाबॉलिक स्टेरॉयड ओक्सांड्रोलोन के अलावा अन्य पदार्थ पाए गए, जो विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की प्रतिबंधित सूची में शामिल पदार्थों में शामिल हैं। साहिल पर 12 जून को अस्थायी निलंबन लगाया गया था। उन्होंने इस मामले में अस्थायी सुनवाई का अनुरोध किया था।

सुनवाई के दौरान साहिल ने प्राइम वॉलीबॉल लीग में हिस्सा लेने के लिए तत्काल राहत की मांग की। वह अपने वकील पार्थ गोस्वामी के साथ उपस्थित थे।

## चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट ...



**बीजिंग।** चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा बीजिंग में चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल मैच में ब्रिटेन की सोने कार्तल को हराने के बाद खुशी जाहिर करती हुईं।

## श्रीलंका के सामने मजबूत ऑस्ट्रेलिया की चुनौती



एजेंसी ▶▶| कोलंबो

- आईसीसी महिला विश्व कप : श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया में मुकाबला आज दोपहर 3 बजे से

श्रीलंका की टीम आईसीसी महिला विश्व कप के अपने दूसरे मैच में शनिवार को मजबूत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू परिस्थितियों का भरपूर लाभ उठाकर बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण की समस्याओं को दूर करने की कोशिश करेगी।

भारत के खिलाफ अपने पहले मुकाबले में श्रीलंका ने अच्छी गेंदबाजी की थी लेकिन लचर क्षेत्ररक्षण और लापरवाही से कुछ विकेट गंवाने का उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। टीम नौ बल्लेबाजों के दहाई का आंकड़ा छूने के बावजूद 45.4 ओवर में 211 रन पर ढेर हो गई।कप्तान चमारी अटापट्टू और उनकी टीम को अब गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा, जिन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने पहले मैच में शानदार जीत दर्ज की थ

### एश्ले गार्डनर ने बल्लेबाजी में अपनी गहराई को दर्शाया

*ऑस्ट्रेलिया ने 128 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद एश्ले गार्डनर की शतकीय पारी और नौवें नंबर की बल्लेबाज किम गार्थ के उपयोगी योगदान ने 326 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर अपनी बल्लेबाजी में गहराई को दर्शाया। बेथ मूनी, फोबे लिचफील्ड और कप्तान एलिसा हीली जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के तौर पर ऑस्ट्रेलिया के पास एक मजबूत और आक्रामक बल्लेबाजी क्रम है, जो उन्हें बेखौफ होकर आक्रामक क्रिकेट खेलने की छूट देता है। न्यूजीलैंड के खिलाफ उनकी गेंदबाजी इकाई ने शानदार प्रदर्शन किया। तेज गेंदबाज एनेबेल सदरलैंड ने एक ही ओवर में तीन विकेट लिए। लेग-स्पिनर अलाना किंग और बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनक्स ने बीच के ओवरों में दबाव बनाए रखा। मेगन शट, एलिस पेरी, ताहलिया मैक्ग्रा और डार्सी ब्राउन जैसे अनुभवी गेंदबाज भी लगातार खतरा बने रहते हैं। श्रीलंका के लिए यह मुकाबला बहुत चुनौतीपूर्ण होगा और उसे जीत के लिए बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण तीनों विभागों में अनुशासित और निरंतर प्रदर्शन करना होगा।*

*टीमें: ऑस्ट्रेलिया: एलिसा हीली (कप्तान, विकेटकीपर), डार्सी ब्राउन, एशले गार्डनर, किम गर्थ, हीथर ग्राहम, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।*

*श्रीलंका: चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विष्मी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का संजीवनी, इमेशा दुलानी, देवमी विहंगा, पिउमी वाथसाला, इनोका राणवीरा, सुगंधिका कुमारी, उदेशिका प्रबोदानी, मल्की मदारा, अचिनी कुलसुरिया।*

## दो से ज्यादा वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल जीतने वाली बनीं तीसरी भारतीय वेटलिफ्टर

# मीराबाई चानू ने रचा इतिहास, 199 किग्रा का वजन उठाकर जीता रजत

एजेंसी ▶▶| नार्वे

भारत की स्टार महिला वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने नार्वे के फोर्डे में जारी वर्ल्ड चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में 199 किग्रा का वजन उठाकर सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। अब आखिरकार इस प्रतियोगिता में उनका ये तीसरा मेडल है। वह कुंजारानी देवी और कर्णम मल्लेश्वरी के बाद दो से ज्यादा वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल जीतने वाली तीसरी भारतीय वेटलिफ्टर बन गई हैं।

### 2022 वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीता था सिल्वर

वहीं मीराबाई आखिरी बार टोक्यो ओलंपिक में दिखी थीं, जहां उन्होंने 115 किलोग्राम का भार क्लीन एंड जर्क में उठाया था। वहां भी उन्होंने सिल्वर मेडल जीता था। उसके बाद पिछले चार सालों में वह लगातार चोट और सर्जरी से गुजर रही हैं। हालांकि, 2022 वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी उन्होंने सिल्वर मेडल जीता था। वर्ल्ड चैंपियनशिप के मंच पर सिल्वर मेडल जीतने के बाद वह प्लेटफॉर्म से सीधा अपने कोच विजय शर्मा के पास गईं और उनका धन्यवाद किया।

### मानसिक और शारीरिक तकलीफ से उबरी मीरा बाई

बता दें कि, मीराबाई पिछले कुछ सालों में मानसिक और शारीरिक तकलीफ से जूझ रही थीं। पेरिस ओलंपिक और उससे पहले एशियन गेम्स 2023 में चौथे स्थान पर रहते हुए निराशा उनके हाथ लगी थी। 48 किग्रा वर्ग में मीराबाई ने स्नैच में 84 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 115 किलोग्राम समेत कुल 199 किग्रा का भार उठाते हुए दूसरे स्थान पर कब्जा किया। वह उत्तर कोरिया कि रि सोंग गुम से पीछे रह गईं और गोल्ड मेडल जीतने से चूक गईं। रि सोंग ने कुल 213 किलो का भार उठाकर गोल्ड अपने नाम किया। जबकि चीन की थान्याथन ने ब्रॉन्जमेडल जीता।



### पोडियम पर जगह पाकर खुश

*चानू ने कहा, 'मैं पोडियम पर जगह पाकर खुश हूं। अगस्त में राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में मेरे पिछले प्रदर्शन के बाद इससे मुझे आने वाले वर्ष के लिए बहुत आत्मविश्वास मिला है।' उन्होंने कहा, 'अब हर प्रतियोगिता 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक की मेरी तैयारी का हिस्सा है। आगामी राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल उस यात्रा में महत्वपूर्ण पड़ाव होंगे। मेरा ध्यान कड़ी मेहनत करने, हर प्रतियोगिता से सीखने और देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर है।' मुख्य कोच विजय शर्मा ने कहा कि विश्व चैंपियनशिप में चानू का पोडियम पर पहुंचना उनकी निरंतरता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। 'यह उनके करियर के एक बेहद अहम दौर की शुरुआत है क्योंकि अगले साल होने वाले राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल लॉस एंजिलिस ओलंपिक से पहले उनके लिए अहम परीक्षा होंगे।*




# कफ सिरप कांड में जबलपुर से जुड़ी बड़ी कड़ी उजागर

## डिस्ट्रीब्यूटर के गोदाम से मिलीं 66 शीशियां, औषधि प्रशासन ने स्टॉक सील किया

**हरिभूमि जबलपुर।**

छिंदवाड़ा में बच्चों की संदिग्ध मौतों के मामले में अब जबलपुर से बड़ी कड़ी जुड़ती नजर आ रही है। स्वास्थ्य विभाग की जांच में सामने आया है कि बच्चों को दी गई संदिग्ध कफ सिरप की सैकड़ों शीशियां जबलपुर के एक डिस्ट्रीब्यूटर के माध्यम से छिंदवाड़ा भेजी गई थीं। इस खुलासे के बाद औषधि प्रशासन और पुलिस विभाग सतर्क हो गए हैं।

ओमती थाना क्षेत्र स्थित कटारिया फार्मासिटिकल्स के गोदाम पर औषधि प्रशासन की टीम ने शुक्रवार को दबिश दी। यह डिस्ट्रीब्यूटर चेन्नई की एक दवा कंपनी




से कफ सिरप की सप्लाई कर रहा था। अधिकारियों के मुताबिक, डिस्ट्रीब्यूटर ने कुल 660 शीशियां कोलड्रिफ कफ सिरप की मंगाई थीं, जिनमें से 594 शीशियां छिंदवाड़ा भेजी गईं। गोदाम में शेष 66 शीशियां बरामद हुईं, जिन्हें सील कर दिया गया है। इन शीशियों में से 16 का सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

कटारिया फार्मासिटिकल्स के संचालक ने जांच टीम को बताया कि इन कफ सिरप की सप्लाई सिर्फ छिंदवाड़ा के तीन स्टॉकिस्ट को की गई थी। उनका कहना है कि जबलपुर शहर या जिले में इन सिरप की बिक्री या सप्लाई नहीं की गई है। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग इसकी स्वतंत्र रूप से पुष्टि कर रहा है।

जबलपुर जिले में औषधि विभाग ने सभी मेडिकल स्टोर्स और फार्मेसियों को सतर्क किया है। जिले भर में संदिग्ध कफ सिरप की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। साथ ही औषधि निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्टॉक की जांच करें।

औषधि निरीक्षक ने बताया कि कटारिया फार्मासिटिकल्स से बरामद की गई कफ सिरप की शीशियों के बैच नंबर और निर्माण तिथि को रिकॉर्ड में लिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही यह तय किया जा सकेगा कि सिरप में कोई विषाक्तता थी या नहीं।

### नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता गर्भवती को दी बच्चे को जन्म देने की अनुमति

# प्रजनन की स्वतंत्रता है मौलिक अधिकार : हाईकोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि प्रजनन संबंधी विकल्पों और गर्भपात के मामलों में गर्भवती व्यक्ति की सहमति सर्वोपरि है। संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत प्रजनन स्वतंत्रता एक मौलिक अधिकार है। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने इस मत के साथ नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता गर्भवती को उसकी इच्छा के अनुसार बच्चे को जन्म देने की अनुमति प्रदान कर दी।



मंडला जिले के नैनपुर न्यायालय ने नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता के गर्भवती होने के संबंध में हाईकोर्ट को पत्र लिखा था। हाई कोर्ट ने पत्र की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में करते हुए पीडित की मेडिकल रिपोर्ट पेश करने के आदेश जारी किए थे। मेडिकल बोर्ड की तरफ से पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया था कि पीड़िता की उम्र साढ़े 16 साल है और गर्भावधि 28 से 30 सप्ताह के बीच है। इस अवधि में गर्भपात से पीड़ित की जान को जोखिम हो सकता है।

हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि पीड़ित व उसके माता-पिता ने गर्भपात से इंकार कर दिया था। माता-पिता ने अपने कथनों में कहा था है वह पीड़िता को नहीं रखना चाहते है। पीड़िता बच्चे को जन्म देकर उसे अपने साथ रखना चाहती है। हाई कोर्ट ने पीड़िता को बाल कल्याण समिति, मंडला में स्थानांतरित करने के आदेश जारी करते हुए इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को सूचित करने का आदेश दिया था। हाई कोर्ट ने सीडब्ल्यूसी के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बच्चे के जन्म के संबंध में पूरी सावधानी बरतें क्योंकि पीड़ता 28 सप्ताह से अधिक समय से गर्भवती है। पीड़िता के वयस्क होने तक सीडब्ल्यूसी मंडला के पास रहेगी और प्रसव और अन्य सभी चिकित्सा व्यय राज्य सरकार द्वारा उठाए जाएंगे।

# शातिर बदमाश कट्टा कारतूस सहित गिरफ्तार

**जबलपुर।** गढ़ा पुलिस ने बड्डा दादा ग्राउण्ड के पास देशी कट्टा लेकर खड़े एक शातिर बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से देशी 1 कट्टा एवं 3 कारतूस सहित रंगे हाथ पकड़ा गया है। थाना प्रभारी गढ़ा प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बड्डा दादा ग्राउण्ड हनुमान मंदिर के पास दबिश देकर आरोपी मेडीकल सर्वेन्ट क्वाटर निवासी 25 वर्षीय सागर बाल्मीकउर्फ मान्या सुर्वे को गिरफ्तार कर उसके पास से लोडेड एक देशी कट्टा व दो कारतूस जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी सागर उर्फ मान्या के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।उल्लेखनीय है कि पकडा गया आरोपी सागर बाल्मीक उर्फ मान्या सुर्वे शातिर अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति है जिसके विरूद्ध मारपीट, दुराचार, आर्म्स एक्ट आदि के 16 प्रकरण पंजीबद्ध है।

# हाई कोर्ट ने सेवानिवृत्ति के सात वर्ष बाद रिकवरी को माना अनुचित

## राज्य शासन की अपील निरस्त

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने सेवानिवृत्ति के सात वर्ष बाद रिकवरी आदेश जारी करते हुए राशि की कटौती किए जाने को अनुचित माना। इसी के साथ राज्य शासन की अपील निरस्त कर दी। कोर्ट ने पूर्व में पारित आदेशानुसार छह प्रतिशत ब्याज सहित कटौती की राशि लौटाने के निर्देश दिए। राज्य शासन की ओर से दायर अपील में कहा गया था कि उप पुलिस महानिरीक्षक (खुफिया), पुलिस मुख्यालय ने सेवानिवृत्त उप निरीक्षक (एम) रामराव भीमटे की पेंशन राशि से 10 लाख 87 की वसूली के आदेश जारी किये थे। आदेशानुसार पेंशन से उक्त राशि की कटौती की गई थी।। जिसके विरुद्ध अनावेदक की हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। जिसकी सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने पेंशन से राशि की कटौती को अवैधानिक मानते हुए छह प्रतिशत ब्याज सहित राशि लौटाने का आदेश जारी किया था। जिसके खिलाफ राज्य की ओर से अपील दायर की गई। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि अनावेदक जून, 2017 में सेवानिवृत्त हो गया था। सेवानिवृत्ति के सात साल बाद सितम्बर, 2024 में कटौती का आदेश जारी किया गया। चूंकि यह रवैया अनुचित है, अतः राज्य की अपील निरस्त की जाती है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240